धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

सुप्रभात

रांची, शुक्रवार 08.03.2024

* नगर संस्करण । पेज : 12

महा शिवरात्रि की शुभकामनाएं

khabarmantra.net फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 235

06 लोक कल्याण के देव है भगवान शिव

## न्यूज डायरी

### केंद्रीयकर्मियों को तोहफा चार प्रतिशत बढ़ा डीए

**नयी दिल्ली।** होली से पहले मोदी सरकार के सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए खजाना खोल दिया है। केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनधारकों के महंगाई भत्ते और महंगाई राहत को 46 फीसदी से बढ़ाकर 50 फीसदी कर दिया गया है। पीएम की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में महंगाई भत्ते को बढ़ाने का फैसला लिया गया है। 1 जनवरी से लेकर 30 जून 2024 तक के लिए महंगाई भत्ता को बढ़ाया गया है।

### मो. कासिम गुज्जर आतंकवादी घोषित

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड मोहम्मद कासिम गुज्जर उर्फ सलमान उर्फ सुलेमान को आतंकवादी घोषित किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गुरूवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी। लश्कर-ए-तैयबा के सदस्य मोहम्मद कासिम गुज्जर ने आतंकी हमलों में कई लोगों की जान ली है और वह भारत के खिलाफ युद्ध की योजना बनाने में शामिल रहा है।

### रूसी हमले में बाल-बाल बचे राष्ट्रपति जेलेंस्की

**मास्को।** सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार चौंकाने वाली इस घटना के दौरान जेलेंस्की के काफिले से करीब 500 मीटर की दूरी पर मिसाइल विस्फोट के बाद आकाश में धुआं उठता हुआ दिखा। दोनों नेता यूक्रेनी अनाज निर्यात कोरिडोर का निरीक्षण करने गए थे। यूक्रेनी नौसेना के प्रवक्ता दिमित्री प्लेटेंचक ने कहा कि हमले में मौत के अलावा कई लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं।

# चार महीने के भीतर 30 हजार नियुक्तियां और होंगी

## नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बोले सीएम, जनजाति भाषा में होगी बच्चों की पढ़ाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा है कि आने वाले तीन से चार महीने के भीतर राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में 30 हजार रिक्त पदों पर नियुक्तियां की जायेंगी। साथ ही उन्होंने कहा कि झारखंड में प्राइमरी स्तर पर जनजाति भाषा में पढाई होगी, इसकी तायारी शुरू कर दी गयी है। श्री सोरेन गुरुवार को शहीद मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बोल रहे थे, जहां उन्होंने 2 हजार 454 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस दौरान सीएम ने केंद्र और भाजपा पर आरोप लगाया कि दोनों ने झारखंड की खनिज संपदा को लूटने का काम किया है। (शेष 11 पर)

**जनजाति भाषाओं के शिक्षकों की नियुक्ति शीघ्र :** राज्य सरकार जल्द ही जनजाति भाषाओं के जनजातीय शिक्षकों की भी नियुक्ति करेगी। राज्य सरकार की यह सोच है कि झारखंड के समृद्ध जनजातीय भाषाओं की पढ़ाई भी अब प्राथमिक विद्यालयों से ही शुरू की जाए। इस निमित्त पूरी तैयारी की जा रही है। इसमें बांग्ला और उड़िया भाषा भी शामिल किया जायेगा। प्राइमरी स्तर पर स्थानीय भाषा में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार यह कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है कि यहां के लोगों को उच्च शिक्षा के लिए गहना गिरवी नहीं रखना होगा।



### शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने का प्रयास जारी

सीएम ने कहा कि उनकी सरकार राज्य में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और मजबूत करने का कार्य कर रही है। राज्य के भीतर संचालित सरकारी विद्यालयों को निजी विद्यालयों की तर्ज पर मॉडल स्कूल तथा उत्कृष्ट विद्यालयों के रूप में परिवर्तित किया जा रहा है। राज्य के गरीब, मजदूर, किसान वर्ग के बच्चे भी अब क्वालिटी एजुकेशन प्राप्त कर सके। पूर्व की सरकारों ने राज्य में 5 हजार प्राइमरी विद्यालयों को बंद करने का काम किया था। सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को उनकी सरकार निरंतर सहयोग कर रही है। स्कूली बच्चों की छात्रवृत्ति राशि में तीन गुना तक की वृद्धि की गयी है। इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बादल, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, प्रधान सचिव सुनील कुमार, सचिव प्रशांत कुमार, सचिव राजेश शर्मा, सचिव अबू बकर सिद्दीकी, सचिव अरवा राजकमल, सचिव उमाशंकर सिंह, निदेशक शशि रंजन सहित अन्य पदाधिकारी एवं नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

# अब कश्मीर खुलकर ले रहा है सांस, देश भी संतुष्ट

## श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में बोले मोदी -परिवारवादियों ने बुरा हाल कर रखा था

**एजेंसी**

**श्रीनगर।** पीएम मोदी ने जम्मू- कश्मीर से धारा 370 को हटाये जाने के बाद अपनी पहली श्रीनगर यात्रा के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश को इस कश्मीर का लंबे समय से इंतजार था। इससे पहले उन्होंने 6400 करोड़ के समग्र कृषि विकास कार्यक्रम की सौगात दी ,साथ ही पर्यटन के क्षेत्र से जुड़ी कई परियोजनाओं का शुभारंभ किया। युवाओं से भी खुल कर बात की। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर आज खुलकर सांस ले रहा है। आपके खुशी से भरे चेहरों और आंखों में चमक देखकर, देश भर के 140 करोड़ लोग संतुष्ट महसूस कर रहे हैं। बड़ी संख्या में लोग पहुंचे जो मोदी मुखौटा पहने नजर आये। उनके समर्थन में नारेबाजी करते हुए लोग श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम पहुंचे। पीएम की यात्रा को ले कर सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। (शेष 11 पर)

### देश को लंबे समय से इसका इंतजार था



रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मोदी की गारंटी, गारंटी पूरा होने की गारंटी है। नये जम्मू कश्मीर की आंखों में उम्मीद नजर आ रही है। मैं जम्मू-कश्मीर के लोगों को धन्यवाद देना चाहता हू। यह नया जम्मू-कश्मीर है जिसका हम दशकों से इंतजार कर रहे थे। यह वहीं नया जम्मू-कश्मीर है जिसके लिए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपना जीवन बलिदान कर दिया था। आपमें उज्ज्वल भविष्य और चुनौतियों से पार पाने का साहस है। मैं लगातार कोशिश करता रहूंगा कि आपके दिल में रहूं। आपके चेहरे पर मुस्कान है क्या मोदी की गारंटी है। इस दौरान मोदी ने जम्मू-कश्मीर के लगभग 1000 नये सरकारी कर्मचारियों को नियुक्ति आदेश भी वितरित किये।

**जम्मू-कश्मीर भारत का मस्तक है :** पीएम मोदी ने कहा अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद से जम्मू-कश्मीर विकास की नयी ऊंचाइयां छू रहा है। उन्होंने कहा कि श्रीनगर के अद्भुत लोगों के बीच आकर बहुत उत्साहित हूं। जम्मू-कश्मीर भारत का मस्तक है। ये विकास परियोजनाएं जम्मू-कश्मीर के विकास को बढ़ावा देंगी। विकसित भारत के लिए विकसित जम्मू-कश्मीर प्राथमिकता है। श्रीनगर अब भारत के पर्यटन उद्योग का केंद्र है। उन्होंने कहा कि विकसित जम्मू कश्मीर के निर्माण का रास्ता पर्यटन की संभावनाओं, किसानों के सशक्तीकरण से निकलेगा।

### हेमंत सोरेन की हिरासत अवधि 21 तक बढ़ी

**रांची।** इडी कोर्ट ने बड़गाई अंचल के 8.46 एकड़ जमीन घोटाले में संलिप्त राज्य के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी है। इससे पूर्व जेल में बंद हेमंत सोरेन को गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश किया गया। पेशी के बाद अदालत ने उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि 21 मार्च तक बढ़ा दी है। साथ ही निलंबित राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद की भी न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी गयी है। इस मामले में अब अगली पेशी 21 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ही की जायेगी। मालूम हो कि प्रवर्तन निदेशालय ने 31 जनवरी को पूछताछ के बाद देर रात गिरफ्तार किया था। अगले दिन 1 फरवरी को अदालत में पेश किया गया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया गया था। तब से वह जेल में है। इससे श्री सोरेन को इडी ने 13 दिनों तक रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। वहीं भानु को 12 दिनों रिमांड लेकर पूछताछ की गयी थी। इडी ने इस मामले में इसीआईआर 6/2023 दर्ज किया है और मामले की जांच कर रही है।

## महाशिवरात्रि पर बाबानगरी सजधज कर तैयार

# बाबा आज बनेंगे दूल्हा, निकलेगी भव्य बारात

**खबर मन्त्र टीम**

**रांची, देवघर।** आठ मार्च को महाशिवरात्रि के मौके पर देवघर बावा बैद्यनाथ मंदिर, दुमका में बासुकीनाथ मंदिर, रांची स्थित पहाड़ी मंदिर समेत तमाम शिवालय तैयार है। सभी शिवालयों से शिव वारात निकालने की तैयारी पूरी कर ली लगी है। महाशिवरात्रि महोत्सव समिति देवघर में भव्य शिव बारात निकाली जायेगी। शाम छह बजे केकेएन स्टेडियम से बाबा भोले की बारात निकलेगी। बाबाधाम में अयोध्या की तर्ज पर लाइट से शंख मोड़ व शिवलोक के पास श्रीराम मंदिर बनाया गया है। इस वर्ष बारात में कुल 45 देवी-देवता सहित सात दैत्यों की झांकी को शामिल किया जायेगा। साथ ही पांच पात्र राक्षस व डाकिन के रूप में बारात में भ्रमण करेंगे। शिव बारात का मुख्य आकर्षण का केंद्र तंबकासुर रहेगा। बाबा मंदिर के प्रशासनिक भवन में मशाल जलाकर पारंपरिक बारात निकाली जायेगी। महाशिवरात्रि के दिन ही बाबा के विग्रह पर सिंदूर चढ़ाने की परंपरा है। करीब चार बजे से छह बजे तक जलार्पण होने के बाद 20 से 25 मिनट के लिए मंदिर का पट बंद किया जायेगा। शिव बारात में 60 घोड़े, छह ऊंट व आठ बग्घियां शामिल होंगी। इसके साथ ही 20 अलग-अलग शहरों के बैंड पार्टी, भांगड़ा, 41 गेट लाइट, पुरुलिया से प्रसिद्ध छऊ नृत्य की टीम शिव बारात की शोभा बढ़ायेगी।

### सड़क हादसे में दो भाईयों की मौत

**मेदिनीनगर।** एनएच-75 डालटनगंज-रांची मुख्य पथ पर सतबरवा थाना क्षेत्र के मलय डैम मोड़ पर गुरुवार को भीषण सड़क हादस में दो भाइयों की मौत हो गयी। ट्रिपल लोड बाइक सवार को पीछे से पिकअप वैन ने पहले टक्कर मारी, फिर सड़क पर गिरे दोनों को रौंदते हुए निकल गयी। मौके पर ही दोनों ममेरे-फुफेरे भाइयों ने दम तोड़ दिया। हेलमेट पहने होने के कारण एक युवक बाल बाल बच गया। मृतकों की पहचान सदर प्रखंड के सुआ कौड़िया लहसुनिया गांव के संजय कुमार सिंह (10) एवं पांकी प्रखंड के सालमदीरी के जीरो गांव के आशीष कुमार सिंह (20)के रूप में हुई है।






## पांच सूत्री मांगों के लिए ऊर्जा श्रमिकों ने संघ के समक्ष दिया धरना

**रांची।** राज्य ऊर्जा विकास श्रमिक संघ की ओर से गुरुवार को ऊर्जा विकास निगम के समक्ष धरना प्रदर्शन सह घेराव किया गया। घेराव संघ की पांच सूत्री मांगों के लिए किया गया। अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि ऊर्जा विकास निगम की बार-बार की वादाखिलाफी के कारण संघ को आंदोलन करना पड़ रहा है। निगम जब तक संघ की मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेता है तब तक आंदोलन जारी रहेगा। श्री राय ने कहा कि पूर्व में भी दैनिक वेतन भोगियों के नियमितीकरण के लिए अलग-अलग राज्यों के हाइकोर्ट ने आदेश दिया था। जिसका पूर्व में भी हवाला दिया गया है। इसके बाद भी इन दैनिक कर्मियों के नियमितीकरण के लिए कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। इसमें लाइन मेंटनेंस, फिल्ड मेंटनेंस आदि का काम करते हैं।

**ये हैं प्रमुख मांगें** : 2014 से कार्यरत दैनिक वेतनभोगियों को कर्नाटक और झारखंड हाइकोर्ट के जजमेंट के आधार पर दस वर्ष वालों की सूची में शामिल करते हुए सीधा नियमित किया जाये। समान काम का समान वेतन व्यवस्था इन कर्मियों के लिए लागू किया जाये, पारा शिक्षकों की तरह दैनिक वेतनभोगियों की उम्र सीमा 60 वर्ष निर्धारित की जाये। एजेंसी व्यवस्था समाप्त कर पूर्व की मानव दिवस व्यवस्था लागू की जाये।

# स्पेनिश महिला से दुष्कर्म मामले में हाईकोर्ट गंभीर, कार्रवाई रिपोर्ट पेश करने का आदेश

## एसओपी पर पूछे सवाल, 13 मार्च को अगली सुनवाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** स्पेनिश महिला से दुमका में हुए गैंगरेप मामले को गंभीरता से लेते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने कार्रवाई रिपोर्ट पेश करने के साथ-साथ सरकार से पूछा है कि विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा के लिए किस तरह का एसओपी बनाया गया है। अगर नहीं बनाया गया है तो भविष्य में क्या करने की योजना है। हाईकोर्ट के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश एस.चंद्रशेखर और न्यायाधीश नवनीत कुमार की खंडपीठ में आज इस मामले को लेकर सुनवाई हुई। कोर्ट ने विस्तृत रिपोर्ट पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 13 मार्च को होगी। सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पक्ष रखा। हाईकोर्ट में हुई सुनवाई की जानकारी अधिवक्ता धीरज कुमार ने दी।

### क्या कहा दुमका के एसपी ने

वहीं दुमका के एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि हाईकोर्ट के पूर्व के आदेश के मद्देनजर एक्शन टेकेन रिपोर्ट सबमिट कर दी गई है। उन्होंने बताया कि गैंगरेप में शामिल सभी आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके हैं। हाईकोर्ट से इस बाबत अब जो भी आदेश आएगा, उसका पालन किया जाएगा। इससे पहले 4 मार्च को हाईकोर्ट ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लेकर मुख्य सचिव, गृह सचिव, डीजीपी और दुमका के एसपी से रिपोर्ट तलब कर सुनवाई की अगली तारीख 7 मार्च निर्धारित की थी।

### पीड़िता ने क्या लिखा है एफआईआर में

यह घटना 1 मार्च की रात दुमका के हंसडीहा थानाक्षेत्र में हुई थी। दरअसल, स्पेनिश दंपती पिछले साल जुलाई में बाइक से वर्ल्ड टूर पर निकले थे। अमृतसर के रास्ते पाकिस्तान से भारत में प्रवेश किए थे। इसके बाद जम्मू-कश्मीर समेत नॉर्थ इंडिया और साउथ इंडिया के कई राज्यों से गुजरे। दो सप्ताह पहले प्ग्रिम बंगाल में घुसे। यहां कोलकाता में तीन दिन बीताने के बाद 1 मार्च को सुबह 8 बजे कोलकाता से नेपाल के लिए निकले थे। उन्हें झारखंड और बिहार होते हुए नेपाल जाना था। लेकिन रात होने की वजह से दंपती ने हंसडीहा थानाक्षेत्र के एक गांव के पास डेरा डाल दिया था।

शाम 7 बजे के आसपास टेंट के बाहर कुछ लोगों की आवाज सुनाई पड़ी। दोनों जब टेंट से बाहर निकले तो दो लोग फोन पर किसी से बात करते दिखे। करीब 7.30 बजे दो बाइक से कुछ और लोग आ पहुंचे। तीन लोगों ने उनके पति के साथ मारपीट की और उनका हाथ बांध दिया। इसके बाद पीड़िता को पीटने लगे और गैंगरप किया। इस दौरान स्वीस चाकू, घड़ी, प्लेटिनम रिंग, इयरपॉड, पर्स, करीब 10 हजार रु, 300 यूएस डॉलर लूट लिए। पूरा घटनाक्रम रात करीब 10 बजे तक चला. इसके बाद सभी अपराधी गांव की तरफ भाग गये। रात करीब 11 बजे पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी वहां से गुजर रही थी। उन्होंने हर तरह से मदद की। पीड़िता ने एफआईआर में लिखा है कि वह आरोपियों को देखकर पहचान सकती हैं।

### पीड़िता ने भारत का किया बचाव

खास बात है कि इस घटना के बाद भारत में सुरक्षा व्यवस्था और भारतीयों के व्यवहार के लेकर सोशल मीडिया पर टिप्पणी करने का दौर भी चला था। लेकिन पीड़िता ने खुद सामने आकर कहा था कि ऐसी घटना कहीं भी और किसी के भी साथ हो सकती है। भारत एक अच्छा देश है। यहां के लोग अच्छे हैं। चंद लोगों के लिए पूरे देश को जिम्मेवार नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने दुष्कर्म की घटना से गुजर रही दूसरी महिलाओं को मोटिवेट करते हुए कहा था कि बेशक, ऐसे दर्द को भूल पाना मुश्किल होगा लेकिन बुरी यादों को पीछे छोड़कर आगे बढ़ना चाहिए।

### पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई

इस मामले को पुलिस और जिला प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की थी। इसी के बदौलत घटना के चंद घंटों के भीतर तीन आरोपी गिरफ्तार कर लिए गये थे। बाद में शेष आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। इस दौरान पीड़िता को जिला प्रशासन की ओर से 10 लाख का चेक भी दिया गया था। इस मामले को विपक्ष ने सदन के भीतर और बाहर भी जोर शोर से उठाया था।

## रांची से वाराणसी का सफर होगा और आसान

# झारखंड को मिली एक और वंदे भारत ट्रेन की सौगात

### 12 मार्च को पीएम दिखाएंगे हरी झंडी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंडवासियों को रेलवे की ओर से एक और तोहफा मिलने जा रहा है। रांची से वारणसी के बीच 12 मार्च को तीसरी वंदे भारत ट्रेन शुरू की जा रही है। रेलवे अधिकारी निशांत कुमार ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि 12 मार्च को रांची से वंदे भारत ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हरी झंडी दिखाएंगे। फिलहाल, रांची से दो वंदे भारत ट्रेनों का परिचालन पहले से ही हो रहा है। जिसमें एक वंदे भारत ट्रेन का परिचालन रांची से पटना के लिए किया जा रहा है, जबकि दूसरी वंदे भारत ट्रेन का परिचालन रांची से हावड़ा के लिए किया जा रहा है। इसके अलावा अब वाराणसी के लिए एक नई अतिरिक्त वंदे भारत की शुरूआत की जा रही है।

### 4 घंटे समय की होगी बचत

वंदे भारत ट्रेन की शुरूआत को लेकर रेलवे अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन सुबह 5:30 बजे वाराणसी से रांची पहुंचेगी और फिर दोपहर 1:30 बजे रांची से वाराणसी के लिए रवाना होगी। रांची से वाराणसी तक वंदे भारत ट्रेन शुरू होने के बाद यात्रियों का करीब 4 घंटे का समय बचेगा। सामान्य ट्रेनों से यात्रियों को वाराणसी पहुंचने में 11 से 12 घंटे लगते हैं, लेकिन वंदे भारत ट्रेन के आने से अब लोगों को वाराणसी पहुंचने में सिर्फ 7 से 8 घंटे लगेंगे। रेलवे अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि यह ट्रेन रांची, लोहरदगा, टोरी, गढ़वा और डीडीयू स्टेशन होते हुए वाराणसी पहुंचेगी।

### टिकट की कीमत को लेकर लोगों ने जताई थी आपत्ति

आपको बता दें कि वंदे भारत ट्रेन के टिकट को लेकर कई सवाल उठे थे। जब ट्रेन रांची से पटना के लिए चली तो ट्रेन के चेयर क्लास टिकट की कीमत करीब 1200 रुपये थी, जबकि एग्जीक्यूटिव क्लास टिकट की कीमत करीब दो हजार रुपये है। इसे लेकर लोगों ने आपत्ति जताई थी. लोगों का कहना था कि वंदे भारत ट्रेन की सुविधाएं बहुत अच्छी हैं लेकिन टिकट के दाम में थोड़ी कमी होनी चाहिए।

## कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्
## झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा

Email – jhumritelaiyamunicipalcouncil@gmail.com

### आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2022–23 में 100 बड़े होल्डिंगधारियों द्वारा बकाया होल्डिंग टैक्स जमा नही करने पर कार्यालय झुमरी तिलैया नगर परिषद् द्वारा नोटिस के माध्यम से सूचित करने के बावजूद भी बकाया होल्डिग टैक्स जमा नहीं किया गया है। वैसे होल्डिंगधारियों अविलंब जन सुविधा केन्द्र, कार्यालय में आकर अपना होल्डिंग टैक्स का भुगतान करना है, अन्यथा झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम की धारा–184 के क्र0सं0 16.1 के तहत आपके बैंक खाता को फ्रीज (Freeze) करने की कार्रवाई की जाएगी। 100 बड़े बकायादार होल्डिंग धारकों की विवरणी निम्न है:–

| Sl. N. | Ward No | Holding No. | Owner Name | Guardian Name | Property Address | Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 0010000321 000X4 | M/S KODERMA CHEMICAL PRIVATE LIMITED | Khiru Saw | GUMO, MAHTO AHARA, | 5,11,409 |
| 2 | 1 | 0010001134 000F4 | GANESH SHNAKAR PRASAD, SUNIL KUMAR SINGH | CHHEDI LAL, AKHILESH KUMAR SINGH | GUJHANDI ROAD, | 1,02,424 |
| 3 | 1 | 0010000250 000X1 | NIRMLA KANTI DEVI | ABHIMANYU PRASAD | BISHUNPUR ROAD JHUMRITILAIYA WARD NO 1 | 88,808 |
| 4 | 1 | 0010000530 000M0 | DHANI KUMHAR BABUN KUMHAR | GUNA KUMHAR | ROHANIYA TAND | 69,093 |
| 5 | 1 | 0010001075 000M0 | RAMESHWAR SINGH, SATNARAYAN SINGH, MAHENDRA SINGH, SALENDRA KR SINGH, JITENDRA SINGH, BINOD SINGH, ANIL SINGH, RAJENDRA SINGH, VIRENDRA SINGH, GANESH SINGH. | LT LALDHARI SINGH, LT BALDEV SINGH, LT DEVNARAYAN SINGH, LT KUWAR SINGH. | BARWADIH | 58,731 |
| 6 | 1 | 0010001075 000M0 | BINOD SINGH, ANIL SINGH, RAJENDRA SINGH, VIRENDRA SINGH, GANESH SINGH, RAMESHWAR SINGH, SATNARAYAN SINGH, MAHENDRA SINGH, SALENDRA KR SINGH, JITENDRA SINGH, | LT DEVNARAYAN SINGH, LT KUWAR SINGH, LT LALDHARI SINGH, LT BALDEV SINGH, | BARWADIH | 58,731 |
| 7 | 1 | 0010000985 000M0 | SUDHA DEVI JAIN, SUBODH KUMAR JAIN | LT SURESH KUMAR JAIN, S/O CHUNNI LAL JAIN | BEHIND ASHRAM, WARD NO 1, | 45,454 |
| 8 | 1 | 0010000622 000M0 | MADHUSUDAN DARUKA,NAWAL KISHORE DARUKA | KESHAR DARUKA | KEDAR NATH ,RAM GOPAL WARD NO.13 JHUMRI TELAIYA | 44,656 |
| 9 | 1 | 0010001081 000M0 | | ,LEONARD OSCAR Dâ€™CRUZE | BISHUNPUR ROAD,JHUMRI TELAIYA | 42,938 |
| 10 | 1 | 0010000460 000A1 | BEAUTY | MANOJ KUMAR SINGH | BISHUNPUR ROAD, | 39,866 |
| 11 | 1 | 0010000332 000M0 | MADHUSUDAN DARUKA & SONS | LATE, KESHARMAL DARUKA | BISHUNPUR ROAD,NEAR D.V.C CHOWK, | 36,779 |
| 12 | 1 | 0010000644 000M0 | RAHUL KUMAR | RAGHU NANDAN PRASAD BARNWAL | BY PASS ROAD,NEAR OVER BRIDGE | 35,648 |
| 13 | 1 | 0010000077 000A1 | ASHA GUPTA W/O SURESH PRASAD GUPTA | BUDHAN SAW | GOPAL COLONY DVC CHAWK, BISHUNPUR, JHUMRI TELAIYA | 27,583 |
| 14 | 2 | 0020000465 000F2 | MADHUSUDAN DARUKA | KEDARNATH RAM | TELAIYA BASTI JHUMRI TELAIYA | 1,40,153 |
| 15 | 2 | 0020000725 000X1 | RAM PRAVESH SHARMA | LATE, RADHA KRISHNA SHARMA | TELAIYA BASTI | 49,138 |
| 16 | 2 | 0020000220 000M0 | RAJEEV VARMA,ANITA VARMA | SURENDRA NATH VERMA ,SANJIV KUMAR VERMA | TELAIYA BASTI,SABRA FRAM | 40,333 |
| 17 | 2 | 0020000091 000A1 | KUNTI DEVI | LATE NAWAL KISHOR SINGH | TELAIYA BASTI | 38,788 |
| 18 | 3 | 0030000079 000A1 | MD JAMIR | MD SULTAN KHALIFA | ASHNABAD JHUMRI TELAIYA | 31,393 |
| 19 | 4 | 0040000438 000M0 | BIRENDRA PRASAD SINGH | MAHENRA PRASAD | BAIPASS ROAD NEAR SAI FULES L PETROL PUMP JHUMRITILAIYA WARD NO 4 | 39,547 |
| 20 | 4 | 0020000748 000M0 | GOBIND PANDIT SUKRI DEVI | KHIRU PANDIT, BHIKHAN PANDIT | TELAIYA BASTI, | 30,646 |
| 21 | 5 | 0050000016 000F4 | MAHESH KUMAR AGRAWAL | MAHAVIR PRASAD AGARWAL | BYPASS ROAD NEAR GAYATRI MANDIR JHUMRI TELAIYA | 75,920 |
| 22 | 7 | 0070000170 000F1 | ARUN KUMAR PILANIA | PARSHURAM PILANIA | BISHRAMBAGH ROAD | 49,148 |
| 23 | 7 | 0070000520 000A1 | KALAWATI DEVI | SRI RAMESHWAR MODI | BBISHRANBAG ROAD JHUMRI TELAIYA | 39,710 |
| 24 | 7 | 0070000273 000X2 | SUNITA DEVI | RAJENDRA PRASAD GUPTA | ASNA RANCHI PATNA ROAD, JHUMRI TELAIYA | 38,512 |
| 25 | 8 | 0080000215 000F4 | MAHESH KUMAR DARUKA | LATE DURGA PRASAD DARUKA | BISHRAMBAG ROAD JHUMRI TELAIYA | 1,22,394 |
| 26 | 8 | 0080000026 000X1 | CHANDRA PRAKASH SHARMA/ SHANTA DEVI SHARMA | LAXMI NARAYAN SHARMA | ANAND BHOG HOTEL, RAJGADIYA ROAD, JHUMRI TELAIYA | 40,033 |
| 27 | 9 | 0090000517 000A1 | MANISH KUMAR SINGH | LATE.SURENDRA SINGH | INFRONT I.C.I.C.I BANK | 55,267 |
| 28 | 9 | 0090000666 000X4 | JASMEET CHHABRA | HARBHAJAN SINGH | JHALPO | 43,367 |
| 29 | 10 | 0100000341 000D1 | MIRA DEVI | DAYANAND PRASAD BHADANI | DURGA COMPLEX | 2,91,389 |
| 30 | 10 | 0100000140 000A1 | MANJU DEVI BHADANI | JAGAT KUMAR BHADANI | BESIDE OF PURNIMA TALKIES, JHUMRI TELAIYA | 49,627 |
| 31 | 10 | 0100000219 000X1 | BINA DEVI ,SHIV SHANKAR PRASAD BARDGWAY | PARDEEP KUMAR BARGWAY | GOURI SHANKAR MUHALLA JHUMRI TELAIYA | 44,453 |
| 32 | 10 | 0100000203 000A1 | C H LIMITED | LATE, DAMODAR PRASAD BHADANI | RANCHI PATNA ROAD | 41,007 |
| 33 | 10 | 0100000296 000X1 | SUSHMA DEVI | GOURI SHANKAR PRASAD, | GOURI SHANKAR MUHALLA | 39,567 |
| 34 | 10 | 0100000438 000X1 | AKHILESHWAR PRASAD,RAJAT KUMAR ,ARVIND KUMAR | PARMESHWAR PRASAD,PARMESHWAR PRASAD, PARMESHWAR PRASAD | GOURI SHANKAR MUHALLA | 37,652 |
| 35 | 10 | 0100000102 000A1 | OM PRAKASH VIDYALANKAR | SHANKAR PRASAD GUPTA | RAJESH PART, C.H. SCHOOL ROAD, JHUMRI TELAIYA | 35,553 |
| 36 | 10 | 0100000059 000D1 | PURNIMA MARKET | MURLI MANOHAR BHADANI & BROTHERS | PURNIMA MARKET, JHUMRI TELAIYA | 33,793 |
| 37 | 10 | 0100000376 000A1 | SHESH NARAYAN SINGH, BIRENDRA SINGH, PARMILA DEVI, SATYENDRA SINGH, | RAM LACHHAN SINGH, LATE, SURENDRA SINGH | BEHIND PURNIMA TALKIES, C.H SCHOOL ROAD, | 31,576 |
| 38 | 10 | 0100000317 000F1 | MUKTA DEVI | | GOURI SHANKAR MOHALLA, | 30,054 |
| 39 | 11 | 0110000322 000D1 | SHASHI KUMAR PANDEY ,AND BROTHERS | UMA SHANKAR PANDEY | RANCHI PATNA ROAD, | 2,86,306 |
| 40 | 11 | 0110000387 000X1 | MANOJ KUMAR PANDIT | LT. RAMCHANDRA PANDIT | BLOCK ROAD, | 79,294 |
| 41 | 12 | 0120000282 000L1 | SHIV TARA SARSWATI SHISHU VIDYA MANDIR | RAM RATAN MAHA | BLOCK ROAD NEAR BLOCK | 3,03,947 |
| 42 | 12 | 0120000272 000A1 | MALTI DEVI | LT. SHIV SHANKAR PRASAD | RANCHI PATNA ROAD JHANDA CHOWK | 45,846 |
| 43 | 12 | 0120000165 000A1 | URMILA SINGH | LT KRISHNA SINGH | GURUDWARA ROAD JHUMRI TELAIYA | 45,231 |
| 44 | 12 | 0120000387 000A1 | MEERA DEVI, ABHISHEK BHADANI, ANURAG BHADANI, PRAVEEN BHADANI, NAVEEN BHADANI | DAYANAND BHADANI, | MANOHAR PRESS GALI | 31,364 |
| 45 | 21 | 0210000584 000M0 | SALIGRAM PANDEY | NAGESHWAR PANDEY | GUMO WARD NO 21 | 28,469 |
| 46 | 13 | 0130000066 000A1 | MADAN KUMAR | MAHADEO SAW | BHADANI GALI JHUMRI TELAIYA | 36,789 |
| 47 | 13 | 0130000259 000X1 | SUBHAKAR ARYA | SACHIDANAND ARYA | TARATAND ROAD NEER DURGA MANDAP WARD NO 13 J M T | 32,108 |
| 48 | 13 | 0130000116 000D1 | SANJEEV KUMAR GUPTA, RAJEEV KUMAR GUPTA | SHATRUDHAN PRASAD GUPTA | GURUDWARA ROAD, JHUMRI TELAIYA | 29,766 |
| 49 | 14 | 0140000535 000L1 | SHREE MAHESHWARI BHAWAN | BRIJ MOHAN MAHESHWARI | ADDI BANGLOW ROAD, | 89,400 |
| 50 | 14 | 0140000499 000A1 | MADHUSUDAN DARUKA | LATE KESHARMAL DARUKA | ADDI BANGLOW ROAD | 88,076 |
| 51 | 14 | 0140000341 000A1 | JAI KUMAR DEVI | MATHURA PRASAD | ADDI BANGLOW BESIDE PANI TANKI, JHUMRI TELAIYA | 41,721 |
| 52 | 14 | 0140000351 000A1 | GITANJALI DEVI | SHUBH SHARAN SINGH | IMS ADDI BANGLOW SHYAM BABA PATH JHUMRI TELAIYA | 39,567 |
| 53 | 14 | 0140000585 000M0 | KISHUNI DEVI | BABUN MODI | RANCHI PATNA ROAD | 35,512 |
| 54 | 14 | 0140000360 000A1 | KANTI DEVI | LATE PANCHM NARAYAN SINGH | TARATAND, JHUMRI TELAIYA | 31,244 |
| 55 | 15 | 0150000525 000X1 | SAKET KUMAR BHADANI, SOURAV BHADANI, SHUVAM BHADANI | BASANT KUMAR BHADANI, RATAN KUMAR BHADANI, DEEPAK KUMAR BHADANI | STATION ROAD JHUMRI TELAIYA | 3,20,700 |
| 56 | 15 | 0150000410 000X1 | SUSHIL KUMAR JAIN SUDHIR KUMAR JAIN | LATE RUPCHAND JAIN | RANCHI PATNA ROAD SUPRIYA GALI | 43,601 |
| 57 | 15 | 0150000412 000X1 | MEERA DEVI | DAYANAND PRASAD BHADANI | BHADANI ROAD, | 41,254 |
| 58 | 15 | 0150000084 000X1 | RAM CHAUDHRI, SUSHIL KUMAR CHAUDHRI | LATE.CHIRANJI LAL CHOUDHARY | ADDI BANGLA ROAD | 35,091 |
| 59 | 15 | 0150000170 000A1 | GITA DEVI LOHANI | LT MURLIDHAR LOHANI | J B COMPAAUND AD BANGLO ROAD | 33,246 |
| 60 | 15 | 0150000434 000X1 | MANJU KANDHWAY | VIJAY KUMAR | JAIN MANDIR GALI, | 30,144 |
| 61 | 16 | 0160000017 000A1 | PRITI SINHA | SAILESH KUMAR | NEAR TELAIYA THANA JHUMRI TELAIYA | 74,084 |
| 62 | 18 | 0180000319 000B1 | MAYA DEVI | SHANKAR PRASAD | RANCHI PATNA ROAD, OLD BUS STAND | 83,630 |
| 63 | 18 | 0180000243 000M0 | SAMRI DEVI SHAW | KHIRU SAW | JHUMRI TELAIYA | 36,068 |
| 64 | 18 | 0180000201 000X1 | SACHIYA DEVI | LT MANGAR MAHTO | NEAR PWD OFFICE, RANCHI-PATNA ROAD, JHUMRI TELAIYA | 31,030 |
| 65 | 18 | 0180000077 000A1 | JAYANTI SINGH | LT SHYAM SUNDAR SINGH | BISHUNPUR ROAD, JHUMARI TELAIYA | 30,779 |
| 66 | 19 | 0190000525 000F4 | MOHIT VENTURES PVT LTD | ANIL KUMAR PANDEY | GUJHANDI ROAD, | 21,30,342 |
| 67 | 19 | 0010000541 000F4 | MAA JAHANVI RICE MILL PVT LTD | SATISH KUMAR | GUMO, MAHTO AHARA, GUJHANDI ROAD, | 5,84,689 |
| 68 | 19 | 0190001002 000X4 | THE ALUMINIUM | RAJIVE KUMAR SHRIVASTAVA | GUJHANDI ROAD | 1,55,692 |
| 69 | 19 | 0190000473 000M0 | SUKRI DEVI, MASOMAT JAHLI, BALIYA DEVI, MASOMAT YASHODA, YASHODA DEVI | LT BANDHAN MAHTO, LT JHARI KOIRI, SHYAM LAL, KISHUNCHANDRA MAHTO, LOKANATH MAHTO | GUMO | 74,289 |
| 70 | 19 | 0190000246 000M0 | SHIV SHANKAR PANDEY | LT, ARJUN PANDEY | GUMO BARWADIH WARD NO 19 | 56,233 |
| 71 | 19 | 0190000487 000A1 | JAYNARAYAN BARNWAL | BALESHWAR MODI, | GUMO BARWADIH, | 52,489 |
| 72 | 19 | 0190000782 000M0 | VIKASH SETH | RAMCHANDRA PRASAD SETH | GRIZZLY COLLEGE ROAD | 50,679 |
| 73 | 19 | 0190000668 000M0 | BHAGIRATHI DEVI | LATE, GANGA SINGH | GUMO BARWADHI | 46,861 |
| 74 | 19 | 0190000027 000F2 | PREM KUMAR SHARMA | MADAN LAL SHARMA | SHIV SHAKTI NAGAR WADR NO:19, JHUMRI TELAIYA | 42,742 |
| 75 | 19 | 0190000112 000A1 | SANJIDA KHATOON | MAZHARUL HAQUE | SUBHASH CHOWK NEAR KAMESHWARI CLINIC JHUMRITILAIYA | 33,876 |
| 76 | 19 | 0190000129 000X4 | RIFAT ARA | SOHRAB KHAN | NAWADA BASTI RANCHI PATNA ROAD NEAR OLD SANJAY PATROL PUMP JHUMRI TELAIYA | 33,420 |
| 77 | 19 | 0190000251 000A1 | RAJU GOPE, RAJESH SINGH | NARAYAN GOP | NEAR SATPULIYA GUMO JHUMRI TELAIYA | 32,194 |
| 78 | 19 | 0190000642 000D1 | GANESH YADAV | LATE, JANKI YADAV | RAJPURA, NAWADA | 30,135 |
| 79 | 20 | 0200000362 000M0 | MANOJ KUMAR PILANIA, HIMANSU KEDIA, NIROTHAMA SOMANI | SURESH KUMAR PILANIA | GUMO, CHHAT TALAB | 1,94,153 |
| 80 | 20 | 0200000438 000M0 | UPENDRA SINGH | KAMESHWAR SINGH | KHARITARH, GUMO | 31,219 |
| 81 | 21 | 0230000438 000M0 | SHAKTIKANT SINHA | LT. SARYU NARAYAN PRASAD | GANDHI SCHOOL ROAD BANGI | 43,535 |
| 82 | 21 | 0210000584 000M0 | SHALIGRAM PANDEY | NAGESHWAR PANDEY | GUMO WARD NO 21 | 27,862 |
| 83 | 22 | 0220000807 000X4 | PRAVEEN KUMAR | DAYANAND PRA SAD BHADANI | CHITRAGUPT NAGAR ROAD, | 1,42,419 |
| 84 | 22 | 0220001087 000M0 | SHANTI DEVI KRISHNA SHARAN BHADANI SHARAT KUMAR BHADANI MUKUND KUMAR BHADANI | LATE, SANT SARAN BHADANI | GUMO, MICANITE | 52,556 |
| 85 | 23 | 0230000850 000X4 | CHANDRIKA DEVI | SHIV SHANKAR MAHTO | GANDHI SCHOOL ROAD NEAR KINDAR JOY SCHOOL | 36,123 |
| 86 | 24 | 0240000599 000X4 | ARVIND SINGH, ANUP KUMAR | LATE RAMESHWAR SINGH | GANDHI SCHOOL ROAD | 40,058 |
| 87 | 24 | 0240000590 000X4 | RAKHI JAGDISH MANDAL | LATE JAGDISH PRASAD MANDAL | GANDHI SCHOOL ROAD | 34,771 |
| 88 | 25 | 0250000817 000X1 | SANGEETA BARNWAL, AJAY PRASAD BARNWAL | AJAY PRASAD BARNWAL, LATE TULSI NARAYAN MODI | RANCHI PATNA ROAD | 45,250 |
| 89 | 25 | 0250000643 000X1 | SUCHITA BURNWAL | SANJAY KUMAR BURNWAL | RANCHI PATNA ROAD OLD BUS STAND | 38,762 |
| 90 | 25 | 0250000211 000A1 | VIMLA DEVI | MAHABEER CHHABDA | NEAR, JAIN TEMPLE PANI TANKI ROAD, JHUMRI TELAIYA | 32,240 |
| 91 | 26 | 0260000493 000X1 | URMILA DEVI | LATE RAMCHANDRA PRASAD KASERA | PANI TANKI ROAD VEER KUNWAR SINGH CHOWK, | 63,045 |
| 92 | 26 | 0260000484 000B1 | ARUN KUMAR SOOD | LT. SOHAN LAL SOOD | RANCHI PATNA ROAD HOTEL HANS | 49,170 |
| 93 | 26 | 0260000423 000X1 | SHAKUNTALA DEVI | GOPI KRISHAN MODI | PANI TANKI ROAD TRIMURTI | 44,059 |
| 94 | 26 | 0260000372 000X1 | MINA DEVI | BHAGWAN LAL BARNWAL | VEER KUNWAR SINGH CHOWKTRIMURTI, | 39,058 |
| 95 | 26 | 0260000353 000M0 | HARISH CHANDRA HORA | LATE HABANS SINGH HORA | BHARAICH BUILDING GURUNANAKPURA, | 38,593 |
| 96 | 26 | 0260000173 000A1 | BABITA DEVI | RAMPATI SINGH | NEAR GREEN PARK CLINIC, RAILWAY CROSSING, | 38,062 |
| 97 | 26 | 0260000320 000D1 | DINESH SINGH, UMESH SINGH | KEDAR SINGH | RANCHI PATANA ROAD SINGH MARKET JHUMARI TILAIYA | 30,329 |
| 98 | 27 | 0270000608 000X4 | NIRMALA DEVI | DEVSHARAN LAL VISHWAKARMA | GOUSHALA ROAD JHUMRI TELAIYA | 1,79,719 |
| 99 | 28 | 0280000388 000L1 | SHIV TARA SARASWATI VIDYA MANDIR | RAM RATAN MAHARSHI | GOUSHALA ROAD YADUTAND | 1,03,154 |
| 100 | 28 | 0280000375 000A1 | RUKMANI DEVI | LATE RAJA RAM TRIGUNAYAT | MANDUATAND WARD NO:28, JHUMRI TELAIYA | 30,150 |

PR 321930 (Urban Development) 23-24 (D)

ह0/–
प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद

स्पीड न्यूज

## डायलिसिस यूनिट्स जलने से गरीब मरीजों की संकट बढ़ी

**धनबाद।** एस एन एम एम सी एच में डायलिसिस यूनिट्स में आगजनी के बाद पुन: डायलिसिस की व्यवस्था न रहने से गरीबों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विदित हो कि गत दो मार्च को डायलिसिस यूनिट में तकनीकी वजह से भयंकर आगजनी हो जाने के कारण पूरी यूनिट आपकी भेंट चढ़ गई। सरकारी व्यवस्था के तहत इस डायलिसिस से जिले भर के गरीबों को काफी राहत थी लेकिन आगजनी के बाद उक्त व्यवस्था से वंचित हो गए हैं। प्राइवेट में डायलिसिस में काफी राशि खर्च होती है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी शिक्षक को 20 वर्ष कैद

**धनबाद।** शादी की नियत से नाबालिक को बहला फुसलाकर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी लाला टोला श्यामडीह निवासी शिक्षक रोहित कुमार लाला को धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने बीस वर्ष कैद एवं पंद्रह हजार रुपए जुर्माना से दंडित किया है। बुधवार को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था।अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 7 मार्च की तारीख निर्धारित की थी। प्राथमिकी पीड़िता की बहन के शिकायत पर कतरास थाने में 16 अक्टूबर 2021 को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मताबिक 12 अक्टूबर 21 को सुबह 10.00 बजे पीड़िता अपने दोस्त के साथ घर जा रही थी तो आरोपी शिक्षक ने रास्ते में उसे धमकी दिया कि तुम्हारे भाई और बाप को मार देंगे। आरोप है कि आरोपी शिक्षक पीड़िता को अपने साथ जबरन ट्रेन से रांची ले गया वहां किराए के मकान मे उसे तीन माह रखा और और उसके साथ दुष्कर्म किया।

## ज्वेलरी दुकान में लाखों की संपत्ति पर चोरों ने किया हाथ साफ

**धनबाद।** 25 साल पुरानी दुकान श्री बाला जी ऑर्नमेंट्स सरायढेला में लाखों के गहने और जेवरात की चोरों ने की चोरी। दुकान मालिक शंभू अग्रवाल ने बताया कि रात के लगभग एक बजे चोरों ने सट्टर उखाड़ कर तथा दुकान का 4 ताला तोड़कर सीसीटीवी डीवीआर तथा लगभग 20 लाख की संपति पर हाथ साफ कर चंपत हो गए। दुकानदार सुबह 9 बजे दुकान खोलने पहुंचा तो देखा कि शटर खुला हुआ है।

# मैन्युअल लोडिंग को लेकर कोल डंप में भारी तनाव, धरना शुरू

**एटक का धरना शुरू, विरोधी भी जुटे, तेतुलमुड़ी क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील**

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिजुआ।** मैन्युअल लोडिंग के सवाल पर पक्ष विपक्ष में बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र संख्या 5 अंतर्गत तेतुलमुडी कोल डंप में जुटे मजदूरों के कारण स्थिति विस्फोटक हो गयी है। एक ओर एटक के आह्वान पर श्रमिकों ने मैन्युअल लोडिंग की मांग को लेकर मेमियादी धरना शुरू कर दिया है वहीं दूसरी इर इसके विरोध में विधायक समर्थक श्रमिक भी डटे हैं। एटक ने अनिश्चितकालीन चक्का जाम शुरू किया है। एटक नेता राजाराम यादव एवं प्रकाश वर्मा के नेतृत्व में सैकड़ो महिला पुरुष कार्यकर्ता कोल्ड डैम के प्रांगण में अनिश्चितकालीन धरना पर हैं।वहीं दूसरी ओर इसके विरोध में जोगता नागरिक समिति एवं असंगठित मजदूर मोर्चा के नेता अनुज कुमार सिंहा एवं जसीम अंसारी अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ धरना स्थल पर पहुंचे।दोनों पक्षों में टकराव की स्थिति को देखते हुए सुरक्षा का पुख्ता प्रबंध करते हुए इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। एटक नेता प्रकाश वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यहां पर पेलोडर से कोयला लोडिंग हो रहा है। जिसको बंद करके हम लोग मैन्युअल लोडिंग की मांग कर रहे हैं ताकि अधिक से अधिक स्थानीय मजदूरों को रोजगार मिल सके।वहीं



दूसरी और बंदी का विरोध कर रहे योगिता नागरिक समिति एवं असंगठित मजदूर मोर्चा के नेता अनुज कुमार सिंहा एवं जसीम अंसारी ने बताया कि विधायक अपना वर्चस्व बनाने के लिए बाहरी लोगों को बुलाकर बंदी करवा रहा हैए ताकि स्थानीय लोगों का रोजगार छिन जाए और कोल डम्प पर वर्षों से विधायक का चला आ रहा वर्चस्व कायम रहे। तेतुलमुडी कोल डम्प पर वर्चस्व की लड़ाई को लेकर पहले भी कई बार बम और गोली चल चुकी हैं। किसी भी अनहोनी की आशंका को ध्यान में रखते हुए डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर धनबाद दीपक कुमार एवं जोगता थाना प्रभारी रवि कुमार सिंहएसीआईएसएफ के जवान तथा बाघमारा सीओ रवी भूषण प्रसाद मौजूद रहे।

## एचईसी के मजदूरों के बकाया वेतन की मांग को लेकर सीटू का प्रदर्शन




**धनबाद।** रांची स्थित हैवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन (एचईसी) के आधुनिककरण व मजदूरों के बकाये वेतन भुगतान की मांग को लेकर गुरुवार को सीटू ने रणधीर वर्मा चौक पर धरना दिया। सीटू की जिला कमिटी के महामंत्री राम कृष्णा पासवान ने बताया कि बकाया वेतन को लेकर एचईसीएल के मजदूर लगातार आंदोलनरत हैं, लेकिन अभी तक उनका भुगतान नहीं हुआ है. मजदूर भुखमरी के कगार पर हैं। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग में एचईसी के अभियंताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही. स्लाइडिंग डोर समेत कई महत्वपूर्ण उपकरणों का निर्माण एचईसी में हुआ. इससे पहले भी एचईसी इसरो के लिए लॉन्चिंग पैड का निर्माण कर कीर्तिमान स्थापित कर चुकी है। बावजूद इस कंपनी की हालत दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। ज्यादातर काम ठेके पर संचालित हो रहे हैं, मजदूरों का शोषण हो रहा है। मजदूरों के समर्थन में आगामी 9 मार्च को रांची में रैली निकाली जाएगी। आज के धरना के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा गया है, जिसमें मजदूरो के बकाया वेतन तथा कंपनी के आधुनिककरण की मांग की गई है।

## एमपीएल में जल पुनर्चक्रण प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित

**मैथन।** एमपीएल में अपशिष्ट एवं वर्षा जल संग्रह यानी सतही जल का पुनर्चक्रण एवं इस्तेमाल के लिए प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किया गया है। जिसका उद्घाटन गुरुवार को एमपीएल के सीईओ विजयंत रंजन ने फीता काटकर किया। मौके पर सीईओ श्री रंजन ने कहा कि एमपीएल के लिए यह बड़ी उपलब्धि है। इससे पानी का समुचित इस्तेमाल हो सकेगा। इसके लिए उन्होंने पर्यावरण विभाग टीम की सराहना की और कहा कि इससे न सिर्फ केन्द्र सरकार के जल शक्ति मिशन को बल मिलेगा, बल्कि एमपीएल के उद्देश्य को सार्थक करेगा।

# एक शिक्षित महिला तीन पीढ़ियों को करती है शिक्षित

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर महिला सशक्तिकरण सेमिनार**

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** महिला दिवस की पूर्व संध्या पर धनबाद रेलवे ऑडिटोरियम में महिला कल्याण संगठन एवं कार्मिक शाखा के द्वारा एकदिवसीय महिला सशक्तिकरण सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन धनबाद की अध्यक्षा गरिमा सिन्हा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। महिला कर्मचारी रुपाली कुमारी द्वारा गणेश वंदन पर नृत्य प्रस्तुत किया। श्रीमती गरिमा सिन्हा ने मौजूद महिला शक्ति को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज के समय में महिला पुरुषों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चल रही है सभी क्षेत्रों में महिलाओं का दबदबा है। एक शिक्षित महिला तीन घरों को तीन पीढियों को शिक्षित करती है, इसलिए बच्चियों के पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पीएम प्रसाद ने बताया कि आज के युग में महिलाओं का स्वस्थ रहना जरूरी है क्योंकि महिला स्वास्थ रहेगी तभी घर स्वस्थ रहेगा और समाज स्वस्थ रहेगा। इसके साथ ही डॉक्टर पीएम प्रसाद ने महिलाओं में होने वाली गंभीर बीमारी ब्रेस्ट कैंसर और सर्वाइकल कैंसर के बारे में मौजूद महिलाओं को जागरूक करने का काम किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डा पीएम प्रसाद मंडल चिकित्सा पदाधिकारी श्वेता कुमारी नर्सिंग अधिकारी प्रतिनिधि रेलवे कर्मचारी यूनियन ताप्ती चक्रवर्ती बीबीएमकेयू जया कुमार वरीय अधिवक्ता एवं सैकड़ों रेल कर्मचारी महिला मौजूद थी।

## शिव रात्रि आस्था का पर्व है मिलजुल कर मनायें

खबर मन्त्र संवाददाता

**पुटकी।** पुटकी थाना परिसर में महा शिव रात्रि पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सीओ विकास आनंद और थाना प्रभारी मनोहर करमाली ने की। बैठक में मौजूद लोगों ने कई समस्याओं से अवगत कराया। सीओ और थाना प्रभारी ने कहा कि यह आस्था का पर्व है, जिसे मिल जुल कर मनाया जाना चाहिए। पर्व में शांति और आपसी भाईचारा बनाये रखें। अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी अनहोनी की आशंका हो तो पुलिस को सूचना दें. प्रशासन की ओर से पूरा सहयोग मिलेगा. बैठक में मुर्तजा अंसारी, चांद परवेज, बबलू मिस्त्री, विकास सिंह चौधरी, जयप्रकाश पासवान, बबलू सिंह, राजू सिंह,विक्की वर्मा, राम प्रताप शर्मा, निरंजन शर्मा, आनंद खंडेवाल,केदार वनावॉल, शंभू पासवान, मुन्ना सिंह, सुंदरी देवी आदि मौजूद थे।



### सिंदरी एसडीपीओ ऑफिस में अपराध गोष्ठी

**सिंदरी।** सिंदरी अनुमंडल पुलिस क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाने व फरार अपराधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से एसडीपीओ कार्यालय में गुरुवार को अपराध गोष्ठी हुई, जिसकी अध्यक्षता एसडीपीओ भूपेंद्र प्रसाद राउत ने की। उन्होंने अनुमंडल क्षेत्र के पुलिस पदाधिकारियों को महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखने के लिए कई दिशा निर्देश दिये। उन्होंने क्षेत्र में निकलने वाली शिव बारात में भड़काऊ गाने नहीं बजाने तथा बारात के मार्ग का सत्यापन करने का आदेश दिया। लंबित कांडों के जल्द निष्पादन, फरार अभियुक्तों के विरुद्ध सघन छापेमारी, परिवाद पत्र तथा चरित्र प्रमाण पत्र का जल्द निपटारा पर भी जोर दिया। थाना क्षेत्र में अवैध बालू, कोयला, शराब व जुआ कारोबारियों पर लगाम लगाने की हिदायत दी। कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए सघन गश्ती करने पर बल दिया।

## लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू डीएसपी ने किया टुंडी का दौरा

**धनबाद।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वरीय पुलिस अधीक्षक हरदीप पी जनार्दनन के आदेशानुसार सुरक्षात्मक तैयारियां की जा रही हैं। इस अभियान के तहत पुलिस उपाधीक्षक संदीप कुमार गुप्ता आज टुंडी पहुंचे, जहां उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर मतदान के प्रति वोटरों को जागरूक करते हुए सुरक्षा का पुख्ता भरोसा दिलाया। पुलिस उपाधीक्षक टुंडी थाना क्षेत्र के संवेदनशील कदैया ग्राम पहुंचे, जहां दोनों पक्षों से वार्ता कर समाज में मैत्री संबंध बढ़ाने व आपसी सौहार्द बनाये रखने की अपील की। उन्होंने बैठक में उपस्थित ग्रामवासियों से शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव कराने में पुलिस व जिला प्रशासन को सहयोग करने की अपील भी की। स्थानीय ग्रमीणों से बातचीत में उन्होंने सभी को आपस में मिलकर रहने व सामाजिक भाईचारा को बढ़ाने पर जोर दिया। आमजनों को सुरक्षा का पुख्ता भरोसा देते हुए अत्यधिक संख्या में मतदान करने को कहा। इसके बाद पुलिस उपाधीक्षक टुंडी थाना अंतर्गत ग्राम ओझाडीह कटनिया पहुंचे, जहां स्कूल भवन का निरीक्षण करते हुए चुनाव के दौरान सुरक्षा बल के आवासन स्थल का जायजा लिया। सुरक्षा बलों के आवासन के दौरान स्कूल भवन में पर्याप्त बिजली व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, शौचालय की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया।

## एक नजर में

### झारखंड की सभी 14 सीटें जीतेगी भाजपाः मरांडी

**गोविंदपुर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा झारखंड की सभी 14 सीटें हासिल करेगी। इसके लिए पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं ने कमर कस ली है। उन्होंने गुरुवार को भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल के आवास पर मीडिया से बातचीत में कहा कि केंद्र नेतृत्व ने अधिकांश सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है और शेष की घोषणा निर्वाचन की तिथि तय होने के पूर्व कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस बार भाजपा और सहयोगी दल 400 से अधिक सीटें हासिल करेगी और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत के साथ एक बार फिर भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में बेहतर शासन दिया है तथा कई महत्वपूर्ण और क्रांतिकारी निर्णय लिए हैं । जनता इस सरकार को फिर से स्थापित करने को बेताब है। श्री मरांडी के यहां पहुंचने पर शाल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया गया। मौके पर समाजसेवी शंभूनाथ अग्रवाल, बलराम अग्रवाल, सुरेश साव, विक्रांत उपाध्याय आदि मौजूद थे।

### एगयारकुंड प्रखंड में नई बीडीओ का पदभार संभाला



**कुमारधुबी।** एगयारकुंड प्रखंड में नई प्रखंड विकास पदाधिकारी मधु कुमारी ने गुरुवार को अपना पदभार ग्रहण किया। सीओ कृष्ण कुमार मंराडी व शिक्षक प्रमोद झा ने नई बीडीओ को फुल व बुके देकर उनका स्वागत किया। प्रखंड के सभी कर्मियों से औपचारिक मुलाकात करने के बाद बीडीओ मधु कुमारी ने बताया सकारात्मक माहोल में चुनाव अच्छी तरह से संपन्न होए यही मेरी पहली प्राथमिकता होगी। सरकार द्वारा जो भी स्कीम चलाई जा रही है उसे हम बेहतर तरीके से परफॉर्मेंस कर सके। वहीं उनसे जब अबुआ आवास के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि सबसे पहले मैं बैठक करूंगी बैठक करने के बाद गहन समीक्षा करुंगी उसके बाद ही स्पष्ट कर पाऊंगी की कारण क्या है। इससे पहले भी मैं बीडीओ रह चुकी हूं और अबुआ आवास का काम कर चुकी हूं कहीं कोई परेशानी नहीं हुई है। लेकिन यहां कहां गलती हुई है मैं कोशिश करूंगी उसको सुधारने की।

### बीएलओ घर-घर भ्रमण करें, एक भी वोटर का नाम न छूटे : बीडीओ

**मैथन।** एग्यारकुण्ड प्रखंड की बीडीओ मधु कुमारी एवं अंचलाधिकारी कृष्ण कुमार मरांडी ने गुरुवार को प्रखंड सभागार में बीएलओ पर्यवेक्षकों के साथ बैठक की। बैठक में सर्वप्रथम बीएलओ पर्यवेक्षकों द्वारा नवनियुक्त बीडीओ को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। बीडीओ मधु कुमारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले बीएलओ एवं सुपरवाइजरों की महत्वपूर्ण भूमिका होता है। सभी बीएलओ घर .घर भ्रमण करेंए एक भी वोटर का नाम ना छुटे इसे विशेष रूप से ध्यान रखें। इस कार्य की मॉनिटरिंग सुपरवाइजरों द्वारा लगातार किया जाए। एएमटी फॉर्मेट पूरी तरह जांच कर भरा जाए। आचार संहिता लागू होने के पूर्व सभी मतदाताओं की सूची वोटर लिस्ट में जगह के अनुसार शामिल हो सकेए ताकि सभी बूथ पर 80 प्रतिशत से अधिक वोटिंग हो सके। बैठक में मुख्य रूप से चुनाव कोषांग के नोडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार झाए पर्यवेक्षक छत्रपति सहाय किस्कूए अमित तिवारीए कालीचरण कुमारए पंकज कुमार सिंहए संदीप सिन्हाए माधव सूत्रधारए प्रमोद कुमार झाए संजय मंडल भीमपदो रोहिदासए बीपीआरओ लालू रोहिदास आदि उपस्थित थे।

### विद्युतकर्मियों को बंधक बनाने के मामले में जांच कमेटी गठित

**सिंदरी ।** सिंदरी के रांगामाटी काली मंदिर के समीप ग्रामीणों द्वारा बुधवार को रेड करने गए बिजलीकर्मियों को पाँच घंटे बंधक बनाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने त्वरित कार्यवाही कर त्रिसदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। महाप्रबंधक सहित विभाग ने घटना पर कड़ा रुख अपनाया है। इस घटना की निंदा करते हुए धनबाद महाप्रबंधक अशोक कुमार सिन्हा ने कमेटी बनाकर तीन दिनों में रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड धनबाद महाप्रबंधक ने बताया कि क्षेत्रीय विद्युत कार्यपालक अभियंता मनीष चंद्र पूर्तिए सर्किल एक्सक्यूटिव इंजीनियर सहित तीन पदाधिकारियों को घटनाकी जांच करेंगे। समिति घटना की जाँच के साथ ऐसी घटनाओं में अतिरिक्त सुरक्षा की व्यवस्था की भी जाँच करेगी। घटना निंदनीय है। उन्होंने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा रेड के समय की जानकारी पुलिस विभाग के वरीय अधिकारियों को भी दी जाती है।

### झामुमो नेता का लंबी बीमारी के बाद निधन



**गोविंदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष फूफवाडीह गांव निवासी आमान अंसारी 63 वर्ष का निधन गुरुवार सुबह हो गया । वह कई माह से बीमार चल रहे थे। वह गहिरा इलाके के सामाजिक कार्यों में आगे रहते थे। परिवार में तीन पुत्र झामुमो के प्रखंड उपाध्यक्ष फिरोज अंसारी, नसीम अंसारी एवं शोएब अंसारी तथा एक विवाहित पुत्री है। अंतिम क्रिया शुक्रवार को जुम्मा के नमाज के बाद होगी। उनके निधन पर पूर्व विधायक फूलचंद मंडल, पूर्व मुखिया हफीजुद्दीन अंसारी, गुल्लू अंसारी, झामुमो केंद्रीय सदस्य अमितेश सहाय, जिलाध्यक्ष लखी सोरेन, सचिव मन्नू आलम, धरनीधर मंडल, 20 सूत्री अध्यक्ष अख्तर हुसैन अंसारी, रमेश टुडू, एजाज अहमद, अर्णव सरकार, मसूद आलम, मंजर आलम, टिंकू अंसारी, सरताज हुसैन, मोबिन अंसारी, मोइन अंसारी, अताउल्लाह अंसारी, मोकीम अंसारी आदि ने शोक जताया है।

## महिलाओं ने बीडीओ से की अबुआ आवास में गड़बड़ी की शिकायत

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोविंदपुर।** बागसूमा पंचायत की महिलाएं गुरुवार को अबुआ आवास में गड़बड़ी की शिकायत लेकर चूल्हा चक्की के साथ बीडीओ से मिलने प्रखंड कार्यालय पहुंची। प्रखंड कार्यालय पहुंचने वालों में गिरजा देवी, वीणा दास, चाइना देवी, आलोका दास, सुधा देवी आदि के साथ ही भोला सिंह, सोमेन दास, मनोज कुमार, मधुसूदन धीवर, गणेश धीवर आदि शामिल थे।

महिलाओं ने बताया कि वे लोग मिट्टी के घर में रह रहे हैं, जो कभी भी धंस सकता है। घर की सख्त जरूरत है, परंतु उन्हें घर नहीं मिल रहा है। जिनका दो मंजिला पक्का मकान है, वैसे लोगों को अबुआ आवास मिल रहा है। महिलाओं ने बताया कि पंचायत सचिव मांगने पर भी सूची नहीं दिखाते हैं। कहते हैं बीडीओ से मिलिए, वही सूची बनाते हैं। महिलाओं की शिकायत को बीडीओ ने गंभीरता से लिया तथा जांच का आदेश दिया। उन्होंने गलत लोगों का नाम काटकर जरूरतमंदों को ही अबुआ आवास देने का आश्वासन दिया। महिलाओं ने कहा कि यदि एक सप्ताह के अंदर गड़बड़ी दुरुस्त नहीं की गई तो वे लोग प्रखंड कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ जाएंगी। उन्होंने कहा कि हर हाल में सरकार को हमें अबुआ आवास देना ही होगा।

## साईं महोत्सव : सिंदरी में मंदिर का 16वां स्थापना दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** सिंदरी ऊँ श्री साईं संस्थान में 16वां स्थापना दिवस साईं महोत्सव 2024 के रूप में गुरुवार को धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर सिंदरी में निकली भव्य साईं पालकी यात्रा में लोगों ने साईं बाबा के प्रति श्रद्धा प्रकट की। साईं महोत्सव में सिंदरी ही नहीं पूरे धनबाद जिला के विभिन्न क्षेत्रों सहित बोकारो से भी लोगों ने पहुँचकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। सिंदरी ऊँ श्री साईं संस्थान के संरक्षक रविन्द्र प्रसाद ने बताया कि साईं महोत्सव की शुरूआत बाबा के प्रातः काँकड़ आरती से की गई। भव्य आरती 108 बार साईं बाबा का नाम जाप हवन व संध्या आरती के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर हजारों की संख्या में आशीर्वाद प्राप्त करने आए श्रद्धालुओं ने सुव्यवस्थित तरीके से वितरण किए गए भोग को चखा। संध्या आरती के बाद आयोजित भजन संध्या में श्रद्धालुओं ने गीतों पर थिरकते नजर आए। साईं बाबा के नगर भ्रमण के दौरान निकली पालकी यात्रा में सिंदरी एसडीपीओ भूपेंद्र प्रसाद राउत सहित कई गणमान्य नागरिकों ने पालकी को कंधा दिया।

### साईं महोत्सव में हुए शामिल

साईं महोत्सव में सिंदरी एसडीपीओ भूपेंद्र प्रसाद राउतए पूर्व डीएसपी हरिलाल यादव सिंदरी व जोरापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा आप पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डी एन सिंह व उनकी धर्मपत्नी निर्मला सिंह पवन तनेजा झामुमो नेता मुकेश सिंह उद्योगपति संजय सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम को रुपरेखा देने में संस्थान के महिला पुरुषों की टीम ने भरपूर सहयोग किया।

# चुनाव में विजय का गुरु मंत्र दे गए बाबूलाल, प्रत्याशी का नहीं बताया नाम

**कार्यकर्ताओं को पीएम की योजनाएं घर-घर पहुंचाने का दिया निर्देश**

खबर मन्त्र संवाददाता





**धनबाद।** भाजपा जिला कार्यालय में गुरुवार को चुनाव संचालन समिति की बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कार्यकर्ताओं को चुनाव में विजयी होने का गुरुमंत्र तो दिया, मगर उम्मीदवार का नाम बताने से परहेज करते रहे। उन्होंने कहा कि पार्टी में उम्मीदवार तय करना केंद्रीय चुनाव समिति का काम है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सिर्फ इतना कहा कि धनबाद में पिछले तीन चुनाव में लगातार भाजपा विजयी रही है और आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा। उन्होंने कहा आज धनबाद जिले के सभी कार्यकताओं के साथ बैठक की गई है, जीत का मूल मंत्र दिया गया है। प्रत्येक बूथ को मजबूत बनाने का निर्देश दिया गया है, ताकि प्रत्याशी को अधिकतम वोट मिल सके। सभी को मजबूती के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया है। कुल 37 विभाग के पदाधिकारियों को चुनाव संबंधी जानकारी दी गई है। कार्यकर्ताओं को केंद्र सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने के लिए कहा गया है।

### पीएन सिंह के मुद्दे पर साधी चुप्पी

प्रदेश अध्यक्ष सांसद पीएन सिंह को टकट मिलने अथवा नहीं मिलने के मुद्दे पर कुछ भी बोलने से परहेज करते नजर आए. उन्होंने पूरी जिम्मेदारी प्रदेश नेतृत्व एवं केंद्रीय चुनाव समिति पर छोड़ दिया। हालाकि पीएन सिंह पूरे कार्यक्रम में मौजूद रहे। बैठक में विधायक राज सिन्हा, ढुलू महतो, पूर्व मेयर शेखर अग्रवाल, रागिनी सिंह नजर नहीं आई. कयास लगाया जा रहा है कि ये सभी अपनी दावेदारी को लेकर दिल्ली में डेरा जमाए हुए हैं। बैठक में बोकारो के विधायक और विधानसभा में सचेतक बिरंची नारायण, धनबाद लोकसभा प्रभारी सुरेश प्रसाद साहू, सत्येंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

### रेस में शामिल हैं कई डार्क हॉर्स

लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी में हर कोई अपने अपने तरीके से दावेदारी पक्की करने में जुटा है। वर्तमान सांसद अपने क्षेत्र में बची हुई विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने की कोशिश में लगे हैं, तो कई लोग गुप चुप तरीके से आला कमान की शरण में डेरा जमाए हुए हैं। हर किसी को दूसरी लिस्ट का इंतजार है. कई ऐसे भी डार्क हॉर्स हैं, जिनका नाम अभी तक सामने नहीं आया है। हालांकि पार्टी में बड़े फेरबदल की उम्मीद भी जताई जा रही है।

# मन की बहुत बड़ी महत्ता हर इंसान के जीवन में है मन को वश में रखने से ही कोई संत होता है : शंभू चेतन जी महाराज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के फुलबड़िया पंचायत अंतर्गत बहादुरचक गांव में वार्षिक दो दिवसीय संतमत सत्संग सह ज्ञान यज्ञ सम्मेलन गुरुवार को प्रारंभ हुआ। प्रथम दिन की प्रथम पाली के सत्संग में बनारस से कृपा कर पधारे पूज्य स्वामी शंभुचेतन जी महाराज ने कहा कि मनुष्य के जीवन में और खासकर संतमत की दुनिया में मन की बहुत बड़ी महत्ता है। जिनके बस में मन रहता है उसे संत कहते हैं। परम पूज्य महर्षि मेंही स्वामी जी महाराज सभी श्रद्धालुओं के मन में बसते हैं।जो व्यक्ति अपने जीवन काल में दूसरों को सहयोग करते हैं भोजन कराते हैं दान करते हैं उन्हें शरीर छोड़ने के बाद अत्यंत लाभ मिलता है। और जो व्यक्ति कभी दूसरों को भोजन नहीं करते,किसी प्रकार का किसी को सहयोग नहीं करते तो शरीर छोड़ने के बाद वैसे व्यक्तियों को काफी कठिन परिस्थितियों से गुजरना पड़ता है। यह जो स्वर चल रहा है प्रत्येक मनुष्यों के अंदर यही ईश्वर छिपा हुआ है। ईश्वर को कहीं खोजने की आवश्यकता नहीं है। प्रत्येक मनुष्यों के शरीर के अंदर में आत्मा रूपी परमात्मा विराजमान है। स्तुति, विनती, रामायण पाठ, आरती, गुरु कीर्तन, सत्संग,भजन आदि के माध्यम से परमात्मा तक पहुंच जाता है।जिस प्रकार आरती में कही जाती है की आरती तन मंदिर में की जय।तो निश्चित रूप से अपने शरीर के अंदर अव्यक्त रूप में विराजमान परमात्मा रूपी मंदिर तन के अंदर ही आरती करनी चाहिए। सत्संग के माध्यम से तप करते हुए मनुष्यों का पाप तो नष्ट हो ही जाता है।और बैकुंठ तक की भी प्राप्ति होती है। ध्यान करते-करते मनुष्य अपने शरीर के अंदर प्रवेश करते हैं। गहरे ध्यान में अंदर में एक प्रकाश की लौ दिखाई पड़ती है। वहां से पार कर पराकाष्ठा की ओर बढ़ते हैं। और इस माध्यम से मोक्ष की भी प्राप्ति होती है। इसलिए प्रत्येक मनुष्यों को अपने जीवन में हमेशा धार्मिक और सामाजिक कार्यों में लगा रहना चाहिए। जहां कहीं भी निकट में सत्संग, भजन, कीर्तन, आरती, विनती, शिव चर्चा सहित अन्य धार्मिक कार्य हो तो निश्चित रूप से कुछ ना कुछ समय निकालकर उसमें लगाना चाहिए। और सत्संग, प्रवचन में अंत तक रहकर आरती और प्रसाद पाने के बाद ही अपने गंतव्य की ओर वापस होना चाहिए। वरना भक्ति अधूरी रह जाती है।धार्मिक आयोजन स्थल पर चल रहे सार्वजनिक भंडारे का भी निश्चित रूप से प्रसाद रूपी अन्य ग्रहण करना चाहिए ताकि मन बिल्कुल साफ सुथरा और पूर्ण धार्मिक, समाजसेवी बन जाए। परम पूज्य स्वामी हरिहर जी महाराज, स्वामी अरितानंद जी महाराज, स्वामी ओमप्रकाश जी महाराज, स्वामी कमलानंद जी महाराज, स्वामी फकीरानंद जी महाराज के अलावे भी अन्य साधु, महात्मा, प्रवचन कर्ता द्वारा अमृतवाणी सुनाई गई। इस कार्य में आयोजन समिति के अध्यक्ष संतोष मंडल, विकास मंडल, सत्यनारायण मंडल, दीनबंधु मंडल, अरुण मंडल सहित बहादुर चक, नियामतचक, नवाडीह, रूंजी, बनियाडीह, पंजराडीह, मिस्त्र गंगटी, माल मंडरो, मोरडीहा, चांदा, फुलबड़ीया आदि पंचायत के विभिन्न गांवों और निकटवर्ती प्रखंडों के भी कई गांव के दर्जनों श्रद्धालु सहयोग कर रहे हैं।सत्संग में ठाकुरगंगटी प्रखंड क्षेत्र के साथ-साथ गोड्डा जिले के विभिन्न प्रखंड निकटवर्ती साहिबगंज जिले के विभिन्न गांवों और पड़ोसी राज्य बिहार के कई प्रखंडों, जिलों के सैकड़ो गांव के हजारों श्रद्धालु भाग लेकर ज्ञान और पुण्य अर्जित कर रहे हैं।

# डीडीसी ने जागरूकता रथ को किया रवाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** जिला परिषद कार्यालय परिसर से जिप अध्यक्ष सुनीता देवी डीडीसी संदीप कुमार जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारी डीपीएम जेएसएलपीएस प्रकाश रंजन आदि ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना जागरूकता रथ को रवाना किया। यह रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों का आगामी 10 मार्च तक भ्रमण कर युवाओं को दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के संबंध में जागरूक करेगी ताकि ज्यादा से ज्यादा युवा इस योजना के माध्यम से रोजगार से जुड़ सके। विदित हो कि जेएसएलपीएस की यह योजना झारखंड के ग्रामीण युवाओं को उनकी रुचि और आकांक्षा के अनुसार वेतन आधारित रोजगार प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और प्लेसमेंट लिंक प्रशिक्षण कार्यक्रम का एक कौशल इकाई है। मौके पर जेएसएलपीएस के जिला प्रबंधक स्किल रीना निहारिका मिंज दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के जिला समन्वयक विजय यादव अन्य कर्मी व प्रेरक आदि उपस्थित थे।


JHARKHAND INDUSTRIAL INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
(A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)
Office of the M.D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001
VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER, NIT NO. JIIDCO/20/2023-24

Sealed tenders are invited, on percentage rate basis from the registered contractors in appropriate class in Building Construction Department (BCD), Government of Jharkhand and similar nature of work for the work as given below:

| Sl. no. | Name of work | Estimated cost (Rs.) | Earnest money (Rs.) | Cost of tender fee (Rs.) (Non refundable) Including 18% GST | Class of Contractor | Time of completion (In days) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | Repair & Maintenance of Cocoon Bank at JSTDI, Hehal, Ranchi | 22,12,174.00 | 44,500.00 | 5,900.00 | III | 60 days |
| 02 | Repair & maintenance of Cocoon Bank at PPC Kharsawan Campus (Godown-1&2) | 13,03,251.00 | 26,065.00 | 2,950.00 | III | 45 days |
| 03 | Repair & Maintenance of Cocoon Bank at Office Campus, Bhagaiya | 6,66,809.00 | 13,336.00 | 1,475.00 | IV | 30 days |

a. Tender documents can be purchased from the office of M. D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001on payment of requisite cost of documents in shape of D.D. in favour of JIIDCO, payable at Ranchi during working hours from 15.03.2024 To 18.03.2024
b. Tender will be received on 19.03.2024 up to 3:00 P.M.
c. Tender will be opened on 19.03.2024 at 3:30 P.M. in presence of tenderer or his authorized representative.
**Note: For any information/complaints the department helpline no/Mobile no. 8292234107 may be contacted.**

Sd/-
Executive Engineer
JIIDCO, Ranchi


## पुलिस अधीक्षक गोड्डा द्वारा चलायी गयी मुहिम में मिली भारी सफलता, सात बाइक जब्त

# मोटर साइकिल चोर गिरोह का भांड़ाफोड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा।** इस क्षेत्र में हो रही मोटर साइकिल चोरी ,मोबाइल चोरी की घटनाएं यूं तो कई वर्षों से गंभीर समस्या बनी हुई है और समय समय पर कुछ चोर पकड़ा भी जाते हैं। लेकिन पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीणा ने इस तरह के अपराध घटित होने पर चिंता जाहिर करते हुए कुशल अनुसंधान में दक्ष एसडीपीओ गोड्डा जेपीएन चौधरी के नेतृत्व में एक टीम बनाई और आवश्यक सूचना के साथ दिशा निर्देश देते हुए कार्रवाई करने का आदेश दिया। इसी संदर्भ में आज एसडीपीओ गोड्डा जेपीएन चौधरी ने मोटर साइकिल चोर के एक गिरोह को पकड़ने का दावा करते हुए प्रेस वार्ता की ।पुलिस की जांच टीम में अन्य पदाधिकारी और जवान शामिल थे और उनकी जांच पड़ताल में मोटर साइकिल चोरों के एक गिरोह के शामिल होने की बात सामने आई और उस गिरोह के सदस्यों को अपने कब्जे में लेकर जब पूछताछ हुई तो रहस्य से पर्दा उठता गया और मोटर साइकिल के साथ अपराधी भी पुलिस के कब्जे में आ गए और चोर मोट दोनो हाजिर हो गए। अपने स्वीकारोक्ति बयान के साथ 7 चोरी के मोटर साइकिल भी बरामद कराया। गिरफ्तार आरोपी में न० 1– चंदन कुमार उर्फ कृष्णा मंडल उम्र 27 वर्ष, पिता – परमा नंद मंडल, घर– साकेत पूरी, वार्ड न० 7, बमकाली स्थान के निकट नगर थाना गोड्डा जिला गोड्डा जिनका कई आपराधिक इतिहास विभिन्न धाराओं के तहत अलग अलग कांडों में नगर थाने में दर्ज है, 2 मो शाहबाज अंसारी ,पिता मो० साजिद अंसारी, आसन बनी गोड्डा, 3–अरबाज अंसारी ,पे० मो ताहिर अंसारी, आसन बनी गोड्डा 4– मो तालिब अंसारी पिता ,मो० सत्तार अंसारी, घर– माल टोला पथरा, नगर थाना गोड्डा ,5–मो० अफजल अंसारी पिता– मो० खुदा बक्स अंसारी ,घर –मोहन पुर,थाना महगामा, जिला गोड्डा कुल 5 आरोपी शामिल हैं और इनकी निशान देही पर 7 मोटर साइकिल जब्त किए गए जिनमे2 अपाचे, 1 पल्सर, पैसन प्रो हीरो होंडा, स्प्लेंडर+ आदि बरामद हुए है। आरोपियों ने बताया कि इन मोटर साइकिलों को हम 10से 12 हजार रुपए में बेच देते हैं। इस जांच टीम में एसडीपीओ गोड्डा के साथ कुमार गौरव डीएसपी प्रशिक्षु सह थाना प्रभारी मुफस्सिल गोड्डा, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी दिनेश मोहली नगर थाना गोड्डा, पुअनि भोला दास थाना प्रभारी नगर थाना अहातु गोड्डा, अमित मार्की पुअ नी नगर थाना, गौरव कुमार पुअनि नगर थाना, सअ नी करम चंद मुंडा नगर थाना गोड्डा के साथ अन्य पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## डेरोवां-नंदपुर सड़क का पूर्व मंत्री जोबा माझी ने किया शिलान्यास



**चक्रधरपुर।** गोइलकेरा प्रखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में 52 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली पक्की सड़क का गुरुवार को पूर्व मंत्री जोबा माझी ने शिलान्यास किया। यह सड़क डेरोवां से नंदपुर तक बनेगी। सड़क पांता, दुगुनिया, बनपोसैता बांगुरकिया, रोगों होते हुए मनोहरपुर प्रखंड से जुड़ेगी। इस बहुप्रतीक्षित सड़क के निर्माण से नक्सल इलाके में सड़क संपर्क सुगम होगा और करीब दर्जनभर गांवों के हजारों लोग प्रखंड मुख्यालय से जुड़ जाएंगे। सड़क पथ निर्माण विभाग के अधीन बनेगी। साथ में कारो नदी पर पुल भी बनाया जाएगा। इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक जोबा माझी ने कहा कि क्षेत्र में आपके विश्वास से ही विकास हो रहा है। गांवों में सड़कों के निर्माण से विकास के द्वार खुलेंगे। जहां भी जरूरत होगी सड़क और पुल–पुलिया का निर्माण कराया जाएगा। शिलान्यास कार्यक्रम में प्रखंड 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष अकबर खान, कायदा पंचायत की मुखिया सोमबारी बहांदा, तरकटकोचा पंचायत के मुखिया गणेश बोदरा, लखिन्द्र सरदार, तनुजा नायक, मोहन बांकिरा, पंकज महतो, जयपाल डुरसूली, प्रिंस खान, बजरंग प्रसाद, राकेश गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## शिकारीपाड़ा : अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त



**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहड़ी पहाड़ी चेकनाका के पास पुलिस ने अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर को जप्त किया। थाना क्षेत्र से अवैध बालू लड़कर दो ट्रैक्टर पश्चिम बंगाल की ओर जा रहा था। लोड़ीपहाड़ी चेकनाका के पास गुप्त सूचना के आधार पर अवैध बालू लदे दोनों ट्रैक्टर को जप्त कर पुलिस थाना परिसर लाकर रखी है। प्रभारी थाना प्रभारी गणेश पासवान ने बताया कि आगे की कार्यवाही के लिए जिले के पदाधिकारी लिखित सूचना दे दी गई है। पदाधिकारी के आदेश अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। मौके से दोनों ट्रैक्टर के चालक ट्रैक्टर को छोड़कर फरार हो गए। यहां बता दें कि थाना क्षेत्र अंतर्गत बालू का कारोबार धरने से चल रहा है और यहां की प्रशासन मौन धारण किए हुए हैं।


**Government of Jharkhand**
**District Health Society, Gumla**
**Department of Health, Medical Education & Family Welfare**
**Mail ID: cs.gumla@gmail.com**

**Tender Notice No. - 836** **Dated - 02/03/2024**

**Corrigendum Tender notification**

After some modification in Tender Notice No. - 836, Dated - 02/03/2024, PR No 321295 (Health Med Edu and Family Welfare) 23-24*D Civil Surgeon -cum- CMO, Gumla invites separate Technical and price Bids (Two Bid System) through tender from the registered and eligible firms for **Rate Contract for the supply of Different kinds of printed/IEC & Other materials required in District Health Society, Gumla**

**TENDER FOR RATE CONTRACT FOR THE SUPPLY OF Different kinds of printed/IEC & Other materials required in DHS,Gumla**

**DETAILED TENDER NOTICE**

1. **Tender reference** : 836, **Dated: - 02.03.2024,** PR No 321295 (Health Med Edu and Family Welfare) 23-24*D
2. **Bid Submission Closing Date & Time** : 11/03/2024, 05.00 PM
3. **Place of opening of tenders** : Civil Surgeon Office, Gumla.

**Note :**

1. The purchase committee reserves the rights to reject or make the necessary Changes. The same shall be informed to the tendered as and when required.
2. Detailed Bid document can be seen and download from website http://gumla.nic.in hard copies of Technical Bid & Financial Bid will not be entertained except original/Application Fee & Earnest Money Deposit, must be submitted by hand/ registered post at Civil Surgeon Office, Gumla.

**Civil Surgeon cum CMO, Gumla.**

PR 321804 Health Med Edu and Family Welfare(23-24).D


# पीएम के नेतृत्व में भाजपा में परिवार वाद, वंश वाद का खुल कर उपयोग किया जा रहा है : प्रदीप यादव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा।** गुरुवार को जिला कांग्रेस कमिटी गोड्डा अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक जिलाध्यक्ष दिनेश प्रसाद यादव की अध्यक्षता में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य शाखा गोड्डा– पीरपैंती मार्ग पर अवस्थित शाखा के निकट एक दिवसीय कार्यक्रम धरना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे विशिष्ट अतिथि के रूप में कांग्रेस नेता विधायक पोडैया हाट प्रदीप यादव , दुमका के कांग्रेस नेता मिश्र जी सहित स्थानीय कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ आम जनता भी उपस्थित थी। जगह कम होने के बावजूद भी सड़क पर खड़े होकर अपने क्षेत्रीय नेताओ की बातें सुन रही थी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश प्रसाद यादव ने अपने बयान में बताया कि देश के सर्वोच्च न्यायालय ने भाजपा के चुनावी बांड को असंवैधानिक करार देते हुए उस पर रोक लगा दी है और अदालत ने सभी राजनीति दलों को इस योजना के तहत प्राप्त दान का खुलासा करने का निर्देश दिया, साथ ही भारतीय स्टेट बैंक को चुनावी चंदा का जानकारी 6 मार्च 2024 से पहले सार्वजनिक करने और चुनाव आयोग को सौंपने का निर्देश दिया गया है । चंदा का राशि अकेले भाजपा के पास 55% जमा की गई है, जिस का खुलासा करने से देश मोदी सरकार भारतीय स्टेट बैंक के ऊपर दबाव बना रही है। इसी विषय को लेकर इसके विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर गोड्डा जिला के मेन एस बी आई ब्रांच हटिया चौक के मुख्य द्वार के सामने सुबह साढ़े 11 बजे से केंद्र की मोदी सरकार के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। विधायक पोडैया हाट प्रदीप यादव जिन्हे धरती पुत्र कहा जाता है अपने संबोधन में हुंकार भरते हुए कहा कि जो भाजपा के नेता और प्रधान मंत्री वंश वाद की बात करती है भ्रष्ट्राचार और उत्तराधिकारी की बात उठाती है और करती है बांसुरी स्वराज कौन हैं जिन्हे दिल्ली से लोक सभा से टिकट मिली। जिन्होंने जीवन में कभी क्रिकेट की बैट नही पकड़ी वो अमित शाह के बेटे हैं उन्हें क्रिकेट कंट्रोल कमिटी का अध्यक्ष बना दिया गया। पंकज कुमार सिंह केंद्रीय मंत्री राज नाथ सिंह के सुपुत्र। हैं। आज के कार्यक्रम में में पवन सिंह जिला कांग्रेस महा सचिव जिला प्रवक्ता गोड्डा अकबर अली मनोज कुमार सिंह प्रखंड अध्यक्ष पोरैया हाट, सोनी सिंह कार्यालय सचिव सहित कई अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बेरमो विधायक ने पीसीसी सड़क का किया शिलान्यास



**बेरमो /बोकारो।** थर्मल रेलवे स्टेशन से सिक्स यूनिट त्रिजल नगर तक डीएमएफटी एवं विधायक मद से बनाए जा रहे पीसीसी सड़क का शिलान्यास गुरुवार को बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने नारियल फोड़ कर किया शिलान्यास करने आए बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने बताया कि पीसीसी सड़क निर्माण का यह योजना लगभग एक करोड़ रु लागत का है। साथ ही कहा की यह सड़क बहुत ही पुरानी है जिसका सुंदरीकरण किया जा रहा है। इस सड़क में प्रति दिन लगभग सैकड़ों लोगों का पैदल व वाहन से आवागमन होता है सड़क का स्थिति बहुत ही खराब है इसके बन जाने से आवागमन में लोगों को काफी राहत व फायदा मिलेगी।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा
E-Mail Id – eerdsdkoderma@gmail.com

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/KODERMA/12/EE/2023-24(2nd Call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| ग्रुपसं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोडरमा जिला के मरकच्चो प्रखण्ड के नावाडीह पंचायत भवन के सामने दुकान का निर्माण। | 23,53,900.00 | 47100.00 | 5000.00 | 03 (तीन माह) |
| 2 | कोडरमा जिला के चिगलबार रोड से कन्द्रापडीह आहर बाँध के स्लीपवे के बीच बोंगादाह नाला पर 6.5Mx6Mx3M, R.C.C पुलिया निर्माण। | 21,12,700.00 | 42300.00 | 5000.00 | 03 (तीन माह) |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 12.03.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – दिनांक 18.03.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 20.03.2024 अपराह्न 03:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06534358004 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगें।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते से अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
कोडरमा।

PR 321862 (Rural Work Department) 23-24 (D)


# सीसीएल कथारा वाशरी का रिजेक्ट सेल कभी भी बन सकता है हादसे का बड़ा सबब

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**बेरमो/कथारा।** इन दिनों सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के कथारा वाशरी मे रिजेक्ट सेल चालू है मगर यह सेल में लोड लेने आने वाले ट्रकों के कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। यह हम नही कह रहे हैं बल्कि वहां की स्थिति इस बात को साफ साफ दशार्ता है। मिली जानकारी के के अनुसार रिजेक्ट सेल इन दिनों बंद सीपीपी प्लांट के सामने स्थित 19 डी स्टॉक से चल रहा है जिस कारण सीपीपी प्लांट यानी रेलवे कॉलोनी और असनापानी आने जाने वाले मुख्य मार्ग के दोनों किनारों पर रिजेक्ट लोड लेने आने वाले ट्रकों की बेतरतीब खड़ा कर मार्ग को पुरी तरह अवरुद्ध कर दिया जाता है। जिस कारण इस मार्ग से छोटी बड़ी गाड़ियों की बाते तो दुर बाइक आदि गुजरना भी दुभर हो जाता है। कभी कभी कथारा ओपी पुलिस यहां पहुच उक्त ट्रकों के चालकों को हिदायत देती नजर आती है मगर उनके जाते ही फिर वही आपाधापी देखने को मिलती है। हालांकि तस्वीर सारी वस्तू स्थिति बताने के लिए काफी है मगर इस मामले में कथारा वाशरी परियोजना पदाधिकारी पुरी तरह मौन धारण कर रखी है। कॉलोनी वासियों की माने तो जब से सड़कों पर इन ट्रकों ने अतिक्रमण किया है तब से स्कूल बस बच्चों को लेने कॉलोनी आना लगभग छोड़ दिया है। इतना ही नहीं बच्चो के अभिभावकगण भी किसी अनहोनी के भय से भयभीत रहते हैं। अब सवाल उठता है कि ऐसे क्यो होता है तो बताते चले की कुछ दबंग किस्म के डीओ धारक और ट्रक मालिक पहले ही लोडिंग पेपर बनवा लेते हैं और पिछे खड़े अपने ट्रक को जबरन आगे करना चाहते हैं और इसी प्रक्रिया में इस मार्ग पर अधिकांश जाम व अव्यवस्था कायम रहता है।

## तीन देशी कट्टा समेत तीन गिरफ्तार, गये जेल

**दुमका। उत्क्रमित उच्च विद्यालय कारुडीह में बीते चार मार्च को नकाबपोश अपराधियों द्वारा डकैती की घटना को अंजाम देने के बाद गोपीकांदर पुलिस ने सात मार्च को मामले का उद्भेदन करने में सफल रही। थाना प्रभारी रंजीत मंडल और एसआई भरत भूषन सिंह के नेतृत्व तीन अपराधियों को तीन देशी कट्टा के साथ धर–दबोचा है।**


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़**

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 24/2023-24/RWD/RAMGARH जिसका PR No. 321616 (Rural Work Department) के द्वारा प्रकाशित निविदा मे वर्णित पथों के कॉलम संख्या–2 में आईडेन्टीफिकेशन संख्या में 1. ग्राम आरासाह बगलता में हल्दीबेड़ा मुख्य पथ से दशरथ उरांव के घर तक पथ निर्माण कार्य में RWD/ RAMGARH/24/2023-24/ MMGSY 2. ग्राम जराद पतराटोला में बजरंगबली मंदिर से सालगो मुख्य पथ तक पी0सी0सी0 तक पथ निर्माण कार्य में RWD/ RAMGARH/25/ 2023-24/ MMGSY 3. ग्राम लबगा में गाँवादेती से शंकर साव के घर तक पी0सी0सी0 तक पथ निर्माण कार्य में RWD/ RAMGARH/26/ 2023-26/ MMGSY एवं 4 ग्राम जराद में आंगनबाड़ी से मतरसी मुण्डा के घर तक पी0सी0सी0 तक पथ निर्माण कार्य में RWD/ RAMGARH/27/2023-24/ MMGSY पढ़ा जाए तथा कॉलम संख्या–6 में योजनाओं की राशि लाख में पढ़ा जाए।

निविदा की अन्य सभी शर्तें यथावत रहेंगी।

PR 321923 Rural Work Department(23-24)#D

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, रामगढ़



**झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

65वीं औपबंधिक सूची
जिला :– कोडरमा

| क्र० | आवेदनकर्ता की विवरणी | काण्ड/ वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक– 20.04. 2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्र0–128/23<br>2. आवेदक–आनन्द भारती उर्फ उमेश कुमार<br>3. पिता–रघुनाथ कुमार उर्फ रघुनाथ पंडित<br>4. ग्राम–पुरनानगर पोस्ट–कोडरमा<br>5. थाना–कोडरमा प्रखण्ड–कोडरमा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–48 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–बॉयें हाथ में कटे का निशान। | कोडरमा थाना अप्राथ सं0–15/93 | नहीं | कारण–दिनांक 15.03.1993 को झारखण्ड बंदी के अवसर पर विधि–व्यवस्था करने का आरोप।<br>पार्टी का नाम– अन्य<br>जेल की अवधि–02 दिन | 2(viii)(a) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–16/24<br>2. आवेदक–राजेश कुमार उर्फ अशोक कुमार<br>3. पिता– जगदीश पंडित उर्फ तुलसी राम<br>4. ग्राम–पुरनानगर पोस्ट–कोडरमा<br>5. थाना–कोडरमा प्रखण्ड–कोडरमा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–48 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–ललाट के बॉयें तरफ जख्म का निशान। | कोडरमा थाना अप्राथ सं0–15/93 | नहीं | कारण–दिनांक 15.03.1993 को झारखण्ड बंदी के अवसर पर विधि–व्यवस्था करने का आरोप।<br>पार्टी का नाम– अन्य<br>जेल की अवधि–05 दिन | 2(viii)(a) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–17/24<br>2. आवेदक–अनिल कुमार सिन्हा उर्फ सुनील सिंह<br>3. पिता–मुरलीधर प्रसाद उर्फ कृष्णा प्रसाद सिंह<br>4. ग्राम–बदडीहा पोस्ट–लोकाई<br>5. थाना–कोडरमा प्रखण्ड–कोडरमा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–49 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–बॉयें हाथ के कलाई में लहसन का निशान। | कोडरमा थाना अप्राथ सं0–15/93 | नहीं | कारण–दिनांक 15.03.1993 को झारखण्ड बंदी के अवसर पर विधि–व्यवस्था करने का आरोप।<br>पार्टी का नाम– अन्य<br>जेल की अवधि–05 दिन | 2(viii)(a) |

PR 321846 Home (23-24)_D

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

## स्पीड न्यूज

### सांसद के पलामू आगमन पर सतबरवा व रेड़मा ठाकुरबाड़ी के पास स्वागत आज



**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम को भाजपा ने पलामू सीट से तीसरी बार प्रत्याशी घोषित किया है। इसके बाद वे 8 मार्च को रांची से पलामू संसदीय क्षेत्र में पहली बार आगमन होने जा रहा है। जहां भाजपा कार्यकर्ता और जनता उनका भव्य स्वागत और अभिनंदन सतबरवा में सुबह 11 बजे करेंगे। इसके बाद वे मेदिनीनगर रेड़मा ठाकुरबाड़ी के पास 12 बजे पहुंचेंगे। पार्टी के जिला कार्यालय में वे 1 बजे प्रेसवार्ता को संबोधित करेंगे। इसकी जानकारी भाजपा नेता शिव कुमार मिश्रा ने दी।

### पीपरा पुलिस ने की दो शराब भट्ठी ध्वस्त



**हरिहरगंज पलामू।** पिपरा थाना प्रभारी विमल कुमार के नेतृत्व में टीम ने गुरुवार को अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया। इस क्रम में पुनपुन नदी उद्गम स्थल कुंड समीप जंगल में चल रही दो भट्ठी ध्वस्त की गयी। वहीं अवैध शराब भट्ठी से बरामद 3 क्विंटल जावा महुआ तथा 100 लीटर देसी महुआ शराब, 8 ड्राम एवं शराब बनाने के उपकरण नष्ट किया गया। छापेमारी दल में एसआइ नकुल शर्मा व पुलिस के कई जवान थे।

### महाशिवरात्रि को लेकर शहर में फ्लैग मार्च



**हरिहरगंज पलामू।** शांतिपूर्वक महाशिवरात्रि के लिए पुलिस ने गुरुवार को शहर में फ्लैग मार्च किया। प्रभारी सीओ कुमार अरविंद बेदिया तथा पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी जवानों के साथ मेन रोड होते मेन बाजार, अररुआ खुर्द, महाराजगंज रोड सहित कई स्थानों का भ्रमण कर लोगों को शांति और सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए भाईचारा पूर्वक महाशिवरात्रि पर्व मनाने की अपील की। फ्लैग मार्च में एस आई विगेश राय, एस के गुप्ता, सोनू गुप्ता, राकेश सिंह, नंदलाल साहनी, लालबहादुर हरिजन, एएसआई मनोज दास, देवेंद्र सिंह, सुधांशु शेखर झा भी थे।

### महायज्ञ में शामिल हुए ओमकारनाथ



**पांकी पलामू।** ज्ञानी और अज्ञानी को समझाया जा सकता है परंतु अभिमानी व्यक्ति को कोई नहीं समझा सकता है उसे वक्त समझाता है। उक्त बातें आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल ने कही। वे पार्टी के ग्राम करार में शक्ति ज्ञान महा यज्ञ में दीप प्रज्ज्वलित कर बतौर मुख्य अतिथि प्रवचन कार्यक्रम का उद्घाटन कर श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। श्री जायसवाल ने कहा कि यज्ञ से भगवान खुश होते हैं। यज्ञ में पूजा अर्चना की और बाहर से आये प्रवचनकर्ताओं को स्वागत किया। मौके पर अरुण वर्मा, राकेश रवि, राकेश सिंह, गौतम गुप्ता, नितेश गुप्ता, ओंकार नाथ पाठक, यज्ञ समिति अध्यक्ष काशीनाथ सिंह, कोषाध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद, उमेश गुप्ता, उत्तम गुप्ता, श्रवण भगत आदि थे।

### क्षेत्र में विकास की गंगा बहाने की भरपूर कोशिश करेंगे: प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के झारिवा पंचायत के टोला हरभोंगा में शोभा देवी के घर से विजय भुइयां के घर तक पीसीसी पथ निर्माण दो लाख उनचास हजार पांच सौ चालीस रुपया की लागत बनेगा। जिसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी ने किया। उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र में जहां भी सड़क नाली का समस्या होगी, वहां शीघ्र सड़क नाली बनायेंगे। मौके पर पीसीसी पथ निर्माण की अध्यक्ष शोभा देवी, सचिव राजन कुमार, वार्ड सदस्य मालो देवी, धुरूप गुप्ता, कांति देवी, शर्मिला देवी, महेंद्र कुमार, आशा देवी, प्रमोद कुमार भी थे।

### महाशिवरात्रि पर लगेगा भव्य मेला तैयारी अंतिम चरण में : दिवाकर



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के गांधीपुर शिवघाट पर महाशिवरात्रि पर भव्य मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम की तैयारी में मेला समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य दिन रात मेहनत कर रहे हैं। मेला समिति के अध्यक्ष दिवाकर दुबे ने बताया कि यह मेला सैकड़ों वर्षों से आयोजित की जा रही है, परंतु कुछ वर्षों से लोगों का रुझान इस मेला से कम हो गया था इसलिए इस वर्ष एक सशक्त समिति बनाकर मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेले में लोगों को रिझाने हेतु बाहर के कलाकारों (दीपिका ओझा एवं धनंजय शर्मा) द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जा रहा है। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विष्णु दयाल राम व स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया होंगे। चैनपुर उप प्रमुख सुनील सिंह ने बताया कि इस मेले से हमलोगों के बचपन का याद जुड़ा हुआ है इसलिए हमलोग चाहते हैं कि मेला भव्य और ऐतिहासिक हो। मेला समिति के संरक्षक प्रदीप दुबे, महामंत्री विकास दुबे एवं पंकज दुबे, उपाध्यक्ष सूरज पाण्डेय एवं श्यामलाल चौरसिया, कोषाध्यक्ष जितेंद्र चौरसिया एवं राहुल चौरसिया मेला की तैयारी में लगे हुए हैं।

# चुनाव में भड़काऊ भाषण देने और बाधा पहुंचाने वाले सतर्क रहें : रीष्मा रमेसन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव को लेकर पलामू पुलिस काफी चौकस है। शांतिपूर्ण मतदान के लिए पलामू पुलिस विभाग विशेष तैयारी कर रखी है। चुनाव से संबंधित हर पहलुओं पर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन की पैनी नजर है। चाहे बूथ स्तर पर सुरक्षा, पोलिंग पार्टी को लाने ले जाने, कलस्टर सेंटर की सुरक्षा से लेकर पुलिसकर्मियों के आवासन व्यवस्था समेत राजनीतिक दलों की हरेक चहलकदमी पर पैनी नजर रख उस पर आवश्यक दिशा निर्देश पदाधिकारियों को दिये गये हैं। इसी आलोक में एसपी ने चुनाव के मद्देनजर पलामू जिला में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए एसएमएस का दुरुपयोग और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर निगरानी एवं शिकायत के लिए 7070452955 मोबाइल नंबर निर्धारित किया गया है। पलामू जिला नियंत्रण कक्ष में यह नंबर स्थापित किया गया है। आगामी लोकसभा चुनाव में बाधा, व्यवधान उत्पन्न करने एवं भड़काने वाले ऐसे संदेश जो स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव के निष्पादन में बाधक बनते हैं। इसके रोकथाम के लिए निर्धारित 7070452955 मोबाइल नंबर पर कॉल या मैसेज के माध्यम से सूचना दे सके। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान की गोपनीय रखी जायेगी।

### आपत्तिजनक संदेश या फोटो जारी करनेवाले सतर्क रहें : एसपी



महाशिवरात्रि शुक्रवार को है। पर्व को शांतिपूर्ण एवं सामाजिक समरसता , सांप्रदायिक सौहार्द के साथ बनाये रखने के लिए एसपी ने पलामूवासियों से अपील की है। उन्होंने अपने अपील में जिलेवासियों से कहा है कि किसी भी जाति धर्म, संप्रदाय के पर्व को सामाजिक समरसता एवं सांप्रदायिक सौहार्द के साथ मनायें। साथ ही किसी भी आपत्तिजनक संदेश, फोटो, वीडियो या भ्रामक सूचना सोशल मीडिया पर ना डालें। यह करना गैर कानूनी ही नहीं इस पर सुसंगत धाराओं के साथ कानूनी कार्रवाई हो सकती है।

### चैनपुर बाजार में बन रहे दुकान का कार्य बंद

# ग्रामीणों के भारी विरोध के बाद सीओ ने तत्काल कार्य रुकवाया

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर पलामू।** चैनपुर में बाजार स्थित जिला परिषद की ओर से दुकान का निर्माण किया जाना था जिसे लेकर आज संवेदक के द्वारा निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया था पुराना सेड को तोड़ने की प्रक्रिया चल रही थी। इसी बीच ग्रामीणों का भारी विरोध शुरू हो गया जिसे देखते हुए निर्माण कार्य रोक दिया दिया गया है यहां बता दे जिला परिषद की ओर से चैनपुर बाजार में दुकान का निर्माण किया जाना है जिसे लेकर ग्रामीणों का विरोध जारी है आज इसी कड़ी में जब संवेदक के द्वारा कार्य प्रारंभ कराया गया इस बीच विरोध शुरू हो गया और देखते ही देखते ग्रामीण एकत्रित होकर काम का विरोध करने लगे इसके बाद सीओ को इसकी सूचना दी गयी स्थल पर पहुंचे फिलहाल निर्माण कार्य रोक दिया गया है।



बता दें कि पूर्व के सीईओ संजय बखला के द्वारा जिला परिषद से आवांटित दुकान को बनवाने की अनुमति दी गयी थी इसी आधार पर सवेदक द्वारा कार्य किया जा रहा था यहां बताना उचित होगा जिस जगह पर दुकान का निर्माण किया जा रहा है उसके अगल-बगल मंदिर एवं वट वृक्ष तथा कई धार्मिक कार्य हमेशा किए जाते रहे हैं चैनपुर बाजार में यज्ञ भी उसी जगह पर होता है जिसे लेकर ग्रामीण विरोध कर रहे हैं उनका कहना है की संस्कृति कार्यक्रम एवं धार्मिक कार्यक्रम जैसे जगह पर दुकान का निर्माण होना गलत है इधर सवेदक चंदू गुप्ता ने बताया कि उन्हें पूर्व के सीओ संजय बाखला के द्वारा निर्माण कार्य करने की अनुमति दी गई थी जिसके बाद आज निर्माण कार्य को शुरू कर दिया था।

# महाशिवरात्रि पर निकलेगी भोले बाबा की शाही बारात

■ पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के संरक्षण में होगा सभी कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम की जानकारी देते आयोजक।

**बिश्रामपुर (पलामू)।** महाशिवरात्रि पर बिश्रामपुर में भोले बाबा का शाही बारात निकलेगा। इसके अलावा भी कई मांगलिक कार्यक्रम, धार्मिक अनुष्ठान व विशेष पूजा अर्चना आयोजित किया गया है। इसकी जानकारी आरसी आईटी के सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा प्रदेश कार्यसमीति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील चौधरी ने संयुक्त रूप से दी। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने बताया कि भोले बाबा की शाही बारात आगामी 09 मार्च को पंचमुखी मंदिर से निकलेगा और नगर भ्रमण करते हुवे छिपादोहर स्थित सर्व मनोकामना सिद्धि मंदिर जायेगा। जहां बारात का स्वागत भक्तों द्वारा किया जायेगा। इसके अलावा 09 मार्च को ही वृंदावन के कलाकारों द्वारा भव्य झांकी भी निकाला जायेगा और महाप्रसाद का वितरण होगा। इसके अलावा शाम में शिव चर्चा का कार्यक्रम होगा। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

### पलामू जिला कांग्रेस कमेटी ने दिया धरना

# पीएम मोदी के चंदे के धंधा का होगा पर्दाफाश : बिट्टू पाठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** इलेक्टरल बॉन्ड से किस पार्टी को कितना चंदा मिला इसको उजागर करने से एसबीआई द्वारा समय मांगने के खिलाफ एडीबी बैंक के सामने पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के अध्यक्षता में धरना दिया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड अध्यक्ष खुर्शीद आलम ने किया। धरना को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि 4 महीने का समय हम 30 जून तक आपको उत्तर दें।




**खास बातें :** यह बातचीत सुप्रीम कोर्ट और देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई के बीच की है देश की जनता को कैसे धोखे में रखा जा रहा है। इसका उदाहरण 15 फरवरी को देश की शीर्ष अदालत सुप्रीम कोर्ट ने इसे असंवैधानिक करार दिया और एसबीआइ से कहा कि उसे इलेक्टोरल बॉन्ड से मिली फंडिंग का पूरा हिसाब दे देंगे तो उनके साथ भाजपा की पोल खुल जायेगी। भाजपा ने एसबीआइ को आगे कर उससे 4 महीने 30 जून का टाइम मांग लिया। 4 महीने में देश में लोकसभा चुनाव हो जाएंगे और नई सरकार बन जाएगी उससे पहले ही भाजपा के काले कारनामे छुपाने के लिए बैंक ने सुप्रीम कोर्ट से टाइम मांग लिया। यह सोची समझी साजिश के तहत किया जा रहा है। भाजपा सरकार भ्रष्टाचार मुक्त करने की बात कह रही थी लेकिन चंदे के नाम पर धंधा चलने वाली सरकार का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार किया है। सुप्रीम कोर्ट ने मोदी बीजेपी का यह चंदा के नाम पर धंधा बंद करवा दिया है। इसलिए वह चाहते हैं की धंधे से उन्होंने जितना भी भ्रष्टाचार किया है इसलिए वह कैसे भी करके इलेक्टोरल बॉन्ड की खरीदारों और उन्हें बुलाने वालों की जानकारी छुपाने में लगे हैं।

### महाशिवरात्रि को लेकर चैनपुर पुलिस मुस्तैद



**चैनपुर पलामू।** महाशिवरात्रि को लेकर चैनपुर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। थाना प्रभारी ने दल बल के साथ शाम को फ्लैग मार्च निकाला। इसका नेतृत्व कर रहे थाना प्रभारी सोनु चौधरी ने जवानों के साथ चैनपुर से शाहपुर तक मुआयना किया कि महाशिवरात्रि में कोई परेशानी नहीं हो। फ्लैग मार्च में एएसआई सहनसा सिद्दिकी, सुनील कुमार, ननदे राम, दिनेश कुमार, मिथुन कुमार रवि, प्रदीप कुमार राम, चितरंजन कुमार सिन्हा आदि जुटे थे।

### पुलिस ने की पोस्ता की खेती नष्ट



**नावा बाजार पलामू।** सोरमहुवा कुंभी कुर्द में करीब एक एकड़ में लगी अवैध पोस्ता की खेती को नष्ट किया गया। थाना प्रभारी चिंटू कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई की गयी। उन्होंने कहा कि गुप्त सूचना पर पुलिस वहां जाकर एक एकड़ में लगे पोस्ते की खेती को नष्ट किया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी भी तरह के मादक पदार्थों की खेती व बिक्री नहीं करने दी जायेगी।

### सामूहिक दुष्कर्म के मुख्य आरोपी शुभम का सरेंडर

**विश्रामपुर (पलामू)।** सामूहिक दुष्कर्म के मुख्य आरोपी शुभम उर्फ गोलू ने गुरुवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। विश्रामपुर पुलिस के द्वारा गिरफ्तारी को लेकर लगातार दबाव बनाया जा रहा था। उसके सभी संभावित ठिकाने पर भी लगातार पुलिस छापेमारी कर रही थी। पुलिसिया दबाव के कारण ही उसने आज न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। इसकी जानकारी देते हुए विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने कहा कि विश्रामपुर थाना क्षेत्र में गलत कार्यों में संलिप्त और उनको प्रश्रय देने वाले किसी भी स्थिति में बच नहीं पायेंगे। पुलिस उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगी।

### महाशिवरात्रि को लेकर पाटन में फ्लैग मार्च



**पाटन, पलामू।** महाशिवरात्रि को लेकर पाटन प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में पाटन पुलिस एवं पाटन बीडीओ ने फ्लैग मार्च किया। पाटन बीडीओ अमित कुमार झा, पाटन थाना प्रभारी लालजी पाटन, थाना इंस्पेक्टर रामाशंकर पटेल ने महाशिवरात्रि पर लगनेवाले मेले के क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला। थाना प्रभारी लालजी और पाटन बीडीओ अमित कुमार झा ने फ्लैग मार्च के दौरान महाशिवरात्रि शांतिपूर्वक मनाने के लिए लोगों से अपील की। थाना प्रभारी ने कहा कि महाशिवरात्रि पर कही भी कोई अप्रिय घटनाएं होती हैं तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## एफपीओ कार्यालय खुलने से किसानों को मिलेगा भरपूर लाभ : प्रदीप चावला

■ फंड फॉर्मर प्रोडयुसर कंपनी लिमिटेड एफपीओ कार्यालय खुला

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनातू पलामू।** प्रखंड के बंसी पंचायत स्थित बंसी मोड जाग्रहा मनातू मेन रोड के पास बंसी मोड पदमा में झौ स्थान फंड फॉर्मर प्रोडयूसर कंपनी लिमिटेड एफपीओ कार्यालय खोला गया। मौके पर मनातू जिप सदस्य प्रदीप चावला, मनातू प्रमुख गीता देवी, सांसद प्रतिनिधि बिगु साहू, बंसी पंचायत के तत्कालीन मुखिया उदय सिंह, विधायक प्रतिनिधि उद्देश्य यादव, पदमा पंचायत के मुखिया अनुज प्रसाद गुप्ता, नौडीहा मुखिया बंधु भुइयां, मनातू कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विष्णु देव यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष ताराचंद यादव, मझौली पंसस सुबोध राम ने एफपीओ कार्यालय का उद्घाटन पूजा अर्चना और नारियल फोड़कर किया। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी बलवंत कुमार, नदिया मुखिया बंधु भुइयां, पदमा मुखिया अनुज प्रसाद, डूंगरी मुखिया पति भीम सिंह, मझौली पंसस सुबोध राम, पदमा पंसस पूनम देवी, सांसद प्रतिनिधि दीपू साहू , कंपनी के सदस्य महेश यादव मौजूद रहे।



## सीएम से मिला झामुमो प्रतिनिधिमंडल

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झामुमो पलामू का प्रतिनिधिमंडल झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से मिला। साथ ही मौके पर सूबे के मंत्री मिथिलेश ठाकुर भी मुख्य रूप से उपस्थित थे। पलामू के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन और मंत्री मिथिलेश ठाकुर जी के समक्ष पलामू के मूलभूत समस्याओं को रखा। नेतृत्वकर्ता श्री सिन्हा ने बताया कि हम सबों ने झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री चंपाई सोरन और मंत्री मिथिलेश ठाकुर को यहां के जवलंत मुद्दों और समस्याओं से अवगत कराया है, जैसे पलामू में बस स्टैंड को व्यवस्थित किया जाए, इसके व्यवस्थित नहीं होने से शहरवासी जाम की समस्याओं से लगातार जूझ रहे हैं। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पलामू में इस बार गर्मी ज्यादा पड़ने वाली है जिससे पलामू वासियों को पेयजल संकट से जूझना पड़ सकता है। इसका निदान भी जल्द से जल्द किया जाये। साथ ही साथ लीज नवीनीकरण पलामू की बहुत बड़ी समस्या है, जिससे पलामू का विकास तेजी से नहीं हो पा रहा है।



## 10 को लोकसभा स्तरीय बूथ सम्मेलन में भाग लेंगे कार्यकर्ता : संजय सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाटन पलामू।** भाजपा कार्यालय कुड़वा मोड़ पर भाजपा की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य बिंदु 10 मार्च को शिवाजी मैदान में लोकसभा स्तरीय बूथ सम्मेलन होना है। बूथ सम्मेलन में झारखंड के प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई का आगमन हो रहा है। इसी निमित भाजपा के पंचायत संयोजक, सह संयोजक, सभी बुथ अध्यक्ष और मंडल के पदाधिकारी के साथ बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष पाटन संजय सिंह ने किया। बैठक में जिला कार्यकारी सदस्य निरंजन पासवान, मंडल उपाध्यक्ष गोपाल पासवान, कामता सिंह, मंडल मंत्री अर्जुन तिवारी, धीरेन्द्र सिंह, पंचायत संयोजक राकेश पांडे, बूथ अध्यक्ष उमा शंकर सिंह, बूथ अध्यक्ष सतीश सिंह थे।

### पंचायत सेवकों के बीच पंचायत आवंटित

**पाटन पलामू।** पाटन बीडीओ ने पंचायती राज विभाग निदेशक के निर्देश के आलोक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पाटन प्रखंड में कार्यों को सुचारू रूप से संपादित किये जाने हेतू कार्यहित में पंचायत सचिवों को पंचायत आवंटित किया है। सगुना व रूदीडीह पंचायत सचिव अहमद हुसैन अंसारी को सगुना, पंचकेड़िया, अनिल पासवान को कांके कला, पाल्हे कला, नौडीहा, सुरेश सिंह को उताकी, महुलिया, नावाखास, रामभजन राम को सिरमा, सूठा, सतौवा, मिथलेश सिंह को लोइंगा व रूदीडीह पंचायत दिया गया।

## पत्रकार विनोद सागर के बड़े भाई की मौत, क्षेत्र में शोक

■ कई राजनीतिक समाजिक व कलमकारों ने किया दु:ख व्यक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद के वरिष्ठ पत्रकार विनोद सागर के मंझले भाई मोहन प्रजापति (45) का गुरुवार सुबह करीब 10:30 बजे निधन हो गया। उन्हें ब्रेन में चोट लगी थी। हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के बाद उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया था। वहां स्थिति में सुधार नहीं होने पर उन्हें गुरुवार सुबह रिम्स रेफर किया गया था। रांची ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उनका निधन हो गया। वह अपने पीछे पिता अयोध्या प्रजापति, माता जीरा देवी समेत धर्मपत्नी वीणा देवी, चार भाई, तीन बहन एवं चार पुत्र व एक पुत्री को छोड़ गये। विभिन्न संगठन के लोगों ने शोक व्यक्त कर आत्मा की शांति की कामना की है। इनमें विधायक कमलेश सिंह, पूर्व विधायक संजय सिंह यादव, कुशवाहा शिवपूजन मेहता, पलामू जिप उपाध्यक्ष आलोक सिंह उर्फ टूटू, जिप सदस्य राजू मेहता, प्रमुख राजकुमारी देवी, पूर्व नगर अध्यक्ष शशी कुमार, रामेश्वर राम हैं।

### विश्रामपुर में नर्तकी के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले में झालसा ने लिया संज्ञान

# पीडीजे के निर्देश पर पीड़िता से मिले डालसा सचिव, सरकारी सहायता उपलब्ध कराया

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला अंतर्गत बिश्रामपुर में नर्तकी के साथ हुए सामुहिक दुष्कर्म के मामले में झालसा ने संज्ञान लिया है। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकार पलामू को इस मामले में पीड़िता को हर सम्भव सरकारी मदद पहुचाने का निर्देश दिया है। पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर डालसा के सचिव अर्पित श्रीवास्तव गुरुवार को दुष्कर्म पीड़िता से मिलकर जिला प्रशासन के सहयोग से सखी वन स्टॉप सेंटर में पीड़िता को शिफ्ट कराया गया है। साथ ही पीड़िता के देख रहे के लिए एक महिला कर्मी को लगाया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक पलामू को सूचित किया गया है कि उसकी उचित सुरक्षा की व्यवस्था की जाये। पीड़िता को आरोपी से भय बना हुआ है। उन्होंने कहा कि सामुहिक दुष्कर्म पीड़िता को तत्काल सहायता के रूप में कपड़ा, चप्पल, सैंडल, मच्छरदानी बेडशीट, राशन इत्यादि उपलब्ध कराया गया है। इसके अलावा पीएलभी की सहायता से पीड़िता द्वारा पीड़ित प्रतिकर के तहत आवेदन किया गया है। जिस पर जल्द कार्रवाई कर पीड़ित प्रतिकर की राशि दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।



**खास बातें :** दुष्कर्म पीड़िता छत्तीसगढ़ की रहने वाली है और वह अपने परिवार की एक मात्र कमाऊ सदस्य है। पीड़िता 10वीं की छात्रा है व उसकी परीक्षा अप्रैल में होने वाली है। विदित हो कि पीड़िता पेट पालने के लिए आर्केस्ट्रा में डांस करती थी। इसी दौरान विश्रामपुर में उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया था। इसकी खबर जैसे ही अखबार में छपी झालसा ने इसपर संज्ञान लेते हुए डालसा पलामू को इस मामले में पीड़िता को हर संभव मदद करने का निर्देश दिया था।

### पथरा में कब्रिस्तान की चहारदीवारी निर्माण में बाधा

# सैकड़ों ग्रामीणों ने उपायुक्त से की अतिक्रमण मुक्त करवाने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** अंचल थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पथरा गांव में झारखण्ड सरकार कल्याण विभाग के द्वारा आवंटित कब्रिस्तान की चार दीवारी कार्य में जबरन रोक लगाने का मामला प्रकाश में आया हैं। इस सबन्ध में पूर्व में भी सैकड़ो ग्रामीणों ने हस्ताक्षर युक्त एक पत्र जिला के उपायुक्त पलामू एवं अंचल पदाधिकारी हुसैनाबाद को पत्र देते हुए स्थिति से अवगत कराई थी और उक्त जमीन पर से अवैध अतिक्रमण को हटाने को लेकर मांग की थी। गुरुवार को हुसैनाबाद थाना में पथरा गांव निवासी बसरूदीन अंसारी ने अपने गांव के विनोद पासवान, पिता विक्रमा पासवान एवं सनद पासवान पिता रामदेव राम पर जबरन कार्य मे बाधा उत्पन्न करने की शिकायत की हैं । पत्र में कहा गया है कि उक्त भूमि के खाता व प्लॉट को अंचल अधिकारी के सत्यापन व सरकारी अमीन के द्वारा सीमांकन के बाद कल्याण विभाग द्वारा कब्रिस्तान की जमीन को चार दीवारी निर्माण कार्य आवंटित हुआ है लेकिन उक्त जमीन पर दो शरारती व्यक्तियों के द्वारा कार्य को बार बार जबरन बन्द करा दिया जा रहा हैं। उतना ही कार्य मे लगें मजदूरों के कुदाल व अन्य सामग्री को छीन कर धमकी भी दिया जा रहा हैं। जिससे शांति भंग होने की प्रबल संभावना बनती हैं। आवेदन के साथ पूर्व में सरकारी अमीन व अंचल द्वारा निर्गत आदेश की छाया प्रति भी संलग्न की गई हैं। इस मामले को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश हैं।



खबर मन्त्र
रांची. शुक्रवार .08 मार्च 2024



## कड़ी फटकार

झारखंड हाईकोर्ट ने रांची के चान्हो में केंद्र सरकार की योजना के तहत प्रस्तावित एकलव्य आदर्श आवासीय स्कूल का निर्माण स्थल परिवर्तित किए जाने पर कड़ी टिप्पणी की है। कोर्ट ने इस संबंध में दायर जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए कहा कि राज्य में कानून का राज चलेगा या फिर उपद्रवियों का ? दरअसल, राज्य सरकार ने एकलव्य आदर्श आवासीय स्कूल के प्रस्तावित स्थल पर उपद्रवियों के हंगामे के बाद योजना को अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया था। कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार से पूछा कि आखिर क्यों और किसकी इजाजत से एकलव्य स्कूल का निर्माण शिलान्यास स्थल के बजाय दूसरी जगह पर किया जा रहा है? उल्लेखनीय है कि चान्हो नामक स्थान पर आवासीय स्कूल के निर्माण के लिए शिलान्यास किया गया था। राज्य सरकार ने इसके लिए 52 एकड़ जमीन दी थी और केंद्र सरकार ने 5.23 करोड़ रुपए का फंड आवंटित किया है। लेकिन, कुछ लोगों ने न सिर्फ निर्माण का विरोध किया, बल्कि स्कूल के लिए बनाई गई बाउंड्री भी ध्वस्त कर दी थी। इस मामले को लेकर गोपाल भगत नामक व्यक्ति ने जनहित याचिका दायर की है। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद एवं जस्टिस एके राय की खंडपीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए सख्त लहजे में पूछा कि क्या स्कूल निर्माण कर रही कंपनी को अधिकार है कि वह जगह बदल सके? पुराने स्थल पर जहां स्कूल बन रहा था, वहां असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़ी गई बाउंड्री का खर्च कौन उठाएगा? अगर केंद्र सरकार इस खर्च को वहन नहीं कर रही है तो राज्य सरकार किसके पैसे से उसका भुगतान करेगी? पब्लिक मनी का मिसयूज नहीं होना चाहिए। निश्चित ही अधिकारियों की लापरवाही से इस प्रकार के मामले सामने आ रहें है जिससे न्यायालय को कड़ी फटकार लगाना पड़ रहा है।

## बढ़ता नशे का व्यापार

नौसेना, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यानी एनबीसी और गुजरात पुलिस के साझे आप्रेशन में एक नाव से अब तक की सबसे बड़ी तीन हजार तीन सौ किलो ड्रग्स बरामद की है। इस नाव पर सवार पांच तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। आशंका है कि तस्कर पाकिस्तान के हो सकते हैं क्योंकि पैकेटों पर पाकिस्तानी कंपनी की मोहर लगी बतायी जाती है। बरामद नशीले पदार्थ की कीमत दो हजार करोड़ रुपये है। कल्पना कीजिये कि यह नशा यदि हमारे युवाओं की नसों में उतरता तो कितनी बड़ी हानि होती और भारत की दुर्लभ मुद्रा नशा तस्करों के हाथ में पहुंचती। बहुत संभव है कि आतंकवाद व अपराध की दुनिया को मजबूत करती। एनसीबी के अधिकारियों द्वारा बताया जा रहा है कि समुद्र में किसी बोट से यह अब तक की सबसे बड़ी बरामदगी है। इससे पहले गत बाईस फरवरी को पुणे से 700 किलो और दिल्ली से 400 किलो ड्रग्स मेफेड्रोन बरामद की गई थी, जिसकी कीमत ढाई हजार करोड़ रुपये थी। इस बरामदगी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश में किस पैमाने पर नशीले पदार्थों का उपयोग बढ़ रहा है। नशीले पदार्थों की उस मात्रा की कल्पना करने से भी डर लगता है जो सुरक्षा एजेंसियों की नजर से बचकर निकल जाती होगी। निश्चित रूप से नशीले पदार्थों का सेवन अपराधों के लिये भी उर्वरा भूमि तैयार कर देता है। बहुत से युवा महंगे नशे की लत को पूरा करने के लिये अपराध की दुनिया में उतर जाते हैं। दुखद ही है कि हर साल देश में हजारों युवा नशे की ओवरडोज से मौत का शिकार हो जाते हैं। देश के भविष्य को पतन के गर्त में गिरने से बचाने के लिये अतिरक्त सुरक्षा उपाय करें। लेकिन जिस पैमाने पर नशीले पदार्थों की बरामदगी हो रही है उससे तो डर लगता है कि लाखों युवा विभिन्न तरह के नशीले पदार्थों के आदी होते जा रहे हैं।

# लोक कल्याण के देव है भगवान शिव

महाशिवरात्रि भगवान शिव का त्यौहार है। देश के सभी प्रदेशों में महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। भारत के साथ नेपाल, मारीशस सहित दुनिया के कई अन्य देशों में भी महाशिवरात्रि मनाते हैं। हर साल फाल्गुन मास में कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि का व्रत किया जाता है। हिन्दू पुराणों के अनुसार इसी दिन सृष्टि के आरंभ में मध्यरात्रि में भगवान शिव ब्रह्मा से रुद्र के रूप में प्रकट हुए थे। इसीलिए इस दिन को महाशिवरात्रि कहा जाता है। शिवरात्रि के प्रसंग को हमारे वेद, पुराणों में बताया गया है कि जब समुद्र मन्थन हो रहा था उस समय समुद्र में चौदह रत्न प्राप्त हुए। उन रत्नों में हलाहल भी था। जिसकी गर्मी से सभी देव दानव त्रस्त होने लगे। तब भगवान शिव ने उसका पान किया। उन्होंने लोक कल्याण की भावना से अपने को उत्सर्ग कर दिया। इसलिए उनको महादेव कहा जाता है। जब हलाहल को उन्होंने अपने कंठ के पास रख लिया तो उसकी गर्मी से कंठ नीला हो गया। तभी से भगवान शिव को नीलकंठ भी कहते हैं। शिव का अर्थ कल्याण होता है। जब संसार में पापियों की संख्या बढ़ जाती है तो शिव उनका संहार कर लोगों की रक्षा करते हैं। इसीलिए उन्हें शिव कहा जाता है।

यौगिक परम्परा में इस दिन और रात को इतना महत्व इसलिए दिया जाता है क्योंकि यह आध्यात्मिक साधक के लिए जबरदस्त संभावनाएं प्रस्तुत करते हैं। आधुनिक विज्ञान कई चरणों से गुजरने के बाद आज उस बिंदु पर पहुंच गया है। जहां वह प्रमाणित करता है कि हर वह चीज जिसे आप जीवन के रूप में जानते हैं। पदार्थ और अस्तित्व के रूप में जानते हैं। जिसे आप ब्रह्मांड और आकाशगंगाओं के रूप में जानते हैं। वह सिर्फ एक ही ऊर्जा है। जो लाखों रूपों में खुद को अभिव्यक्त करती है।

माना जाता है की इस दिन भगवान शंकर और माता पार्वती का विवाह हुआ था। इस दिन लोग व्रत रखते हैं और भगवान शिव की पूजा करते है। महाशिवरात्रि का व्रत रखना सबसे आसान माना जाता है। इसलिये बच्चों से लेकर बूढ़ों तक सभी इस दिन व्रत रखते हैं। महाशिवरात्रि के व्रत रखने वालों के लिये अन्न खाना मना होता है। इसलिये फलाहार किया जाता है। राजस्थान में व्रत के समय गाजर, बेर का फलाहार किया जाता है। लोग मन्दिरों में भगवान शिव की पूजा करते हैं व उन्हे आक, धतूरा चढ़ाते हैं। भगवान शिव





- मुरलीधर

> महाशिवरात्रि आध्यात्मिक रूप से सबसे महत्वपूर्ण है। इस रात धरती के उत्तरी गोलार्ध की स्थिति ऐसी होती है कि इंसान के शरीर में ऊर्जा कुदरती रूप से ऊपर की ओर बढ़ती है। इस दिन प्रकृति इंसान को अपने आध्यात्मिक चरम पर पहुंचने के लिए प्रेरित करती है। गृहस्थ जीवन में रहने वाले लोग महाशिवरात्रि को शिव की विवाह वर्षगांठ के रूप में मनाते हैं।

को विशेष रूप से भांग का प्रसाद लगता है। इस कारण इस दिन काफी जगह शिवभक्त भांग घोट कर पीते हैं।

पुराणों में कहा जाता है कि एक समय शिव-पार्वती कैलाश पर्वत पर बैठे थे। पार्वती ने प्रश्न किया कि इस तरह का कोई व्रत है जिसके करने से मनुष्य आपके धाम को प्राप्त कर सके ? तब उन्होंने यह कथा सुनाई थी कि प्रत्यना नामक देश में एक व्यक्ति रहता था, जो जीवों को बेचकर अपना भरण पोषण करता था। उसने सेठ से धन उधार ले रखा था। समय पर कर्ज न चुकाने के कारण सेठ ने उसको शिवमठ में बन्द कर दिया। संयोग से उस दिन फाल्गुन बदी चतुर्दशी थी। वहां रातभर कथा, पूजा होती रही जिसे उसने भी सुना। अगले दिन शीघ्र कर्ज चुकाने की शर्त पर उसे छोड़ा गया। उसने सोचा रात को नदी के किनारे बैठना चाहिये। वहां जरूर कोई न कोई जानवर पानी पीने आयेगा। अतः उसने पास के बील वृक्ष पर बैठने का स्थान बना लिया। उस बील के नीचे एक शिवलिंग था। जब वह पेड़ पर अपने छिपने का स्थान बना रहा था उस समय बील के पत्तों को तोडकर फेंकता जाता था जो शिवलिंग पर ही गिरते थे। वह दो दिन का भूखा था। इस तरह से वह अनजाने में ही शिवरात्रि का व्रत कर ही चुका था। साथ ही शिवलिंग पर बेल-पत्र भी अपने आप चढ़ते गये।

एक पहर रात्रि बीतने पर एक गर्भवती हिरणी पानी पीने आई। उस व्याध ने तीर को धनुष पर चढ़ाया किन्तु हिरणी की कातर वाणी सुनकर उसे इस शर्त पर जाने दिया कि सुबह होने पर वह स्वयं आयेगी। दूसरे पहर में दूसरी हिरणी आई। उसे भी छोड़ दिया। तीसरे पहर भी एक हिरणी आई उसे भी उसने छोड़ दिया और सभी ने यही कहा कि सुबह होने पर मैं आपके पास आऊंगी। चौथे पहर एक हिरण आया। उसने अपनी सारी कथा कह सुनाई कि वे तीनों हिरणियां मेरी स्त्री थी। वे सभी मुझसे मिलने को छटपटा रही थीं। इस पर उसको भी छोड़ दिया तथा कुछ और भी बेल-पत्र नीचे गिराये। इससे उसका हृदय बिल्कुल पवित्र, निर्मल तथा कोमल हो गया।

प्रातः होने पर वह बेल-पत्र से नीचे उतरा। नीचे उतरने से और भी बेल पत्र शिवलिंग पर चढ़ गये। अतः शिवजी ने प्रसन्न होकर उसके हृदय को इतना कोमल बना दिया कि अपने पुराने पापों को याद करके वह पछताने लगा और जानवरों का वध करने से उसे घृणा हो गई। सुबह वे सभी हिरणियां और हिरण आये। उनके सत्य वचन पालन करने को देखकर उसका हृदय दुग्ध सा धवल हो गया और वह फूट-फूट कर रोने लगा।

योगियों और संन्यासियों के लिए यह वह दिन है जब शिव कैलाश पर्वत के साथ एकाकार हो गए थे। यौगिक परम्परा में शिव को ईश्वर के रूप में नहीं पूजा जाता है। बल्कि उन्हें प्रथम गुरु, आदि गुरु माना जाता है। जो योग विज्ञान के जन्मदाता थे। कई सदियों तक ध्यान करने के बाद शिव एक दिन वह पूरी तरह स्थिर हो गए। उनके भीतर की सारी हलचल रुक गई और वह पूरी तरह स्थिर हो गए। वह दिन महाशिवरात्रि था। इसलिए संन्यासी महाशिवरात्रि को स्थिरता की रात के रूप में देखते हैं।

महाशिवरात्रि आध्यात्मिक रूप से सबसे महत्वपूर्ण है। इस रात धरती के उत्तरी गोलार्ध की स्थिति ऐसी होती है कि इंसान के शरीर में ऊर्जा कुदरती रूप से ऊपर की ओर बढ़ती है। इस दिन प्रकृति इंसान को अपने आध्यात्मिक चरम पर पहुंचने के लिए प्रेरित करती है। गृहस्थ जीवन में रहने वाले लोग महाशिवरात्रि को शिव की विवाह वर्षगांठ के रूप में मनाते हैं। सांसारिक महत्वाकांक्षाएं रखने वाले लोग इस दिन को शिव की दुश्मनों पर विजय के रूप में देखते हैं।

हमें भगवान शिव के द्वारा मानव जाति तथा सृष्टि के कल्याण के लिए विषपान जैसे असीम त्याग को प्रदर्शित करता है। यह दिन हमें इस बात की याद दिलाता है कि यदि हम अच्छे कर्म करेंगे और ईश्वर के प्रति श्रद्धा रखेंगे तो ईश्वर भी हमारी रक्षा अवश्य करेंगे।

### खास बात

## लंबी आयु का राज

प्रशांत कुमार झा

एक ताजा शोध में वैज्ञानिकों ने दीर्घ आयु से जुड़ी कोशिकाओं के संकेत-प्रेषण मार्गों की पहचान की है। इन्हें सिनर्जिस्टिक सेलुलर पाथवे भी कहा जाता है। ये संकेत मार्ग ह्रासी एलिगेंसनामक पारदर्शी नेमेटोड कीड़े के जीवनकाल में पांच गुना वृद्धि कर सकते हैं।

बुढ़ापा-रोधी शोध में इस कीड़े का उपयोग एक मॉडल के रूप में होता है। इसके कई जीन मनुष्य से मिलते-जुलते हैं। इसका जीवनकाल औसतन तीन हफ्ते का होता है। कीड़े के जीवनकाल में पांच गुना वृद्धि मनुष्य के चार सौ या पांच सौ वर्ष तक जिंदा रहने के बराबर है। वैज्ञानिकों की शोध मुख्य रूप से सी एलिगेंस कीड़े में आयु-वृद्धि को नियंत्रित करने वाले दो प्रमुख संकेत-मार्गों पर आधारित हैं। ये संकेत मार्ग विकास-क्रम के दौरान मनुष्यों को हस्तांतरित हुए हैं। वैज्ञानिक काफी समय से कोशिकाओं के इन संकेत मार्गों पर गहन शोध कर रहे हैं।

इस खोज से ज्यादा प्रभावी बुढ़ापा-रोधी दवाएं विकसित करने में मदद मिलेगी। अमेरिका की ह्यएमडीआइ बॉयोलॉजिकल लेबेरेटरी, कैलिफोर्निया में नोवाटो स्थित बक इंस्टीट्यूट फॉर शोध ऑन एजिंग और चीन की नानजिंग यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने मिलकर के साथ मिलकर कोशिकाओं के संकेत-प्रेषण मार्गों का पता लगाया है।

बक इंस्टीट्यूट के भारतीय मूल के वैज्ञानिक पंकज कपाही के मुताबिक, संकेत-मार्गों में सामूहिक रूप से होने वाली अंतर-क्रिया की खोज से मनुष्य का जीवनकाल बढ़ाने के लिए मिश्रित चिकित्सा विधियां अपनाई जा सकती हैं। वैज्ञानिकों ने दीर्घ जीवन में एक खास प्रोटीन की भूमिका का पता लगाया है।

एमडीआइ बॉयोलॉजिकल लेबेरेटरी की शोध टीम के प्रमुख जेरोड ए रॉलिंस के मुताबिक, हमने देखा कि कुछ कीड़े यदि पी 62 नामक प्रोटीन को अत्यधिक मात्रा में उत्पन्न करते हैं तो वे अधिक समय तक जीते हैं। यह प्रोटीन दरअसल कोशिका के विषाक्त प्रोटीन को पहचान लेता है। सेनफर्ड बर्नहम प्रीबिस मेडिकल डिस्कवरी इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों द्वारा की गई खोज का पूरा ब्योरा नेचर कम्युनिकेशंस पत्रिका में प्रकाशित हुआ है।

# दुनिया एक परिवार

### धर्म-प्रवाह

स्वामी सत्यसंगानंद सरस्वती

एक बार मैंने श्री स्वामी जी से पूछा, क्या आत्मा की दृष्टि, आत्मा की दृष्टि, जैसा कि किताबों में लिखा है? उन्होंने कहा, हाँ, बेशक.मैंने पूछा, रास्ता क्या है? उसने कहा, रास्ता सेवा, प्यार और देना है ।

उन्होंने नहीं कहा कि योग पर अधिक ग्रंथों का अध्ययन करें, या अधिक आसन और प्राणायाम करें, या योग पर अधिक पुस्तकें लिखें, या योग पर अधिक सेमिनार दें । नहीं! इसके बजाय उसने हमें हमारे कर्मों को सतकरमा में बदलने के लिए कहा । अपनों के लिए काम करने के बजाय दूसरों के लिए काम करो । पूरी दुनिया को अपना परिवार ही रहने दो । प्रकाश को व्यापक और दूर फैलने दो! ईशावास्य उपनिषद का कहना है कि एक ही धागा सबके माध्यम से चल रहा है । आप इसे कुछ भी कह सकते हैं: आत्मा, भगवान, परमात्मा, जागरूकता ।

आप सभी के लिए यही संदेश है । इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कहाँ से हैं, आपको आत्मा की झलक और चमक वापस लेना होगा और इसे दूसरों के साथ साझा करना होगा । जलती हुई रोशनी को अपने भीतर ले जाना है और जहाँ भी जाना है उसे फैलाना है ।

जनादेश 'दे' का महत्व यह है कि आप इसे शेयर जरूर करें । आज का आदमी एक जमावड़ा है । कुछ शेयर नहीं करना है ज्ञान भी नहीं । आप असुविधाजनक हैं, आप एक दूसरे को आसानी से संवाद नहीं करते हैं । आप खुद से संवाद भी नहीं करते । आखिर अपने आप को भूल कर आप किसको याद करते हैं?

**नेकियों** का सिला बदी में मिले,
और शोहरत की कमाई क्या है,
इस बुलंदी पे आ के जाना है,
अच्छा होने में बुराई क्या है..!
**– कुमार विश्वास, कवि**

### आपके ट्वीट

मोदी जी का नेतृत्व सजग, उनके सांचे में ढलना है, अंतिम कतार में बैठे जो
हमें उनका भाग्य बदलना है,
दुनिया देखेगी कौतुक से
हमें विकसित भारत बनना है।
**– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**





जम्मू-कश्मीर इसलिए विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है, क्योंकि ये पूरा क्षेत्र आज खुलकर सांस ले रहा है। बन्दिशों से ये आजादी आर्टिकल 370 हटने के बाद आई है।
**–नरेन्द्र मोदी, पीएम**

### कार्टून वर्ल्ड




## आदिवासी समुदायों के वास्तविक सशक्तिकरण के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं से सीखें

### विमर्श

पंचायती राज मंत्रालय के सचिव श्री विवेक भारद्वाज ने रांची, झारखंड में पीईएसए के सुदृढ़ीकरण पर दूसरे दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित किया। अपने संबोधन में सचिव श्री विवेक भारद्वाज ने प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप, संतृप्ति मोड में पीएम-जनमन योजना जैसी योजनाओं के कार्यान्वयन को प्राथमिकता देने की सरकार की प्रतिबद्धता पर बल दिया। उन्होंने सभी पात्र लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से पहुंचाने को सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया। श्री भारद्वाज ने प्रतिभागियों से प्रधानमंत्री के प्रेरणादायक शब्दों ₹यह समय, सही समय है₹ को आत्मसात करने और उन्हें पीईएसए को लागू करने के लिए ठोस कदम उठाने का आग्रह किया।

दो दिवसीय सम्मेलन में हुए मंथन पर श्री विवेक भारद्वाज ने अपने विचार व्यक्त करते हुए चुनौतियों से निपटने के लिए व्यावहारिक समाधान और संवेदनशीलता की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने पीईएसए के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए विभिन्न विभागों और हितधारकों के बीच नियमित संचार और सहयोग के महत्व पर बल दिया। उन्होंने पीईएसए के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए राजनीतिक नेतृत्व की उपस्थिति में पीईएसए पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन की योजना की घोषणा की। उन्होंने पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम (पीईएसए) के प्रावधानों को प्रभावी ढंग से लागू करने और सुदृढ़ करने के महत्व को दोहराया।

पंचायती राज सचिव श्री विवेक भारद्वाज ने सभी प्रतिभागियों से पीईएसए अधिनियम को लागू करने के लिए एक निश्चित रणनीति के साथ काम को आगे बढ़ाने का आग्रह किया। ग्राम सभाओं की महत्वपूर्ण भूमिका और ग्राम सभा की बैठकों में जनता की भागीदारी को पहचानते हुए, उन्होंने सामुदायिक स्तर पर सामूहिक दृढ़ इच्छाशक्ति की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदायों के वास्तविक सशक्तिकरण के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं से सीख लेनी चाहिए। केंद्रीय सचिव ने विकास की गति को बढ़ाने के लिए संसाधनों के उचित उपयोग के महत्व को रेखांकित किया, समावेशिता की भावना पर जोर दिया और कहा कि समाज में किसी को भी उपेक्षित नहीं छोड़ा जाए। पीईएसए अधिनियम का अनुपालन सुनिश्चित करने में नागरिक समाज संगठनों और गैर सरकारी संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कार्रवाई का आह्वान किया गया।

सम्मेलन के दूसरे दिन आयोजित विचार-विमर्श के दौरान पंचायती राज मंत्रालय के अपर सचिव डा. चन्द्र शेखर कुमार; झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य सचिव डा. राजीव अरुण एक्का; पंचायती राज मंत्रालय की संयुक्त सचिव श्रीमती ममता वर्मा और पंचायती राज विभाग, झारखंड सरकार की निदेशक नीशा उरांव भी उपस्थित थीं।

इस दौरान पीईएसए के कार्यान्वयन को निर्बाध रूप से लागू करने में गैर-सरकारी हितधारकों की भूमिका और पीईएसए क्षेत्रों में वन अधिकार अधिनियम के प्रवर्तन पर चर्चा क्षेत्रीय सम्मेलन के समापन दिवस के मुख्य आकर्षण थे। चर्चा में पीईएसए के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्धता और प्रतिभागियों के बीच ज्ञान-साझाकरण को बढ़ावा देने में मदद मिली। पीईएसए को लागू करने के विभिन्न पहलुओं पर व्यावहारिक प्रस्तुतियां दी गई। विभिन्न क्षेत्रों के केस अध्ययनों और सफलता की कहानियों ने अपने स्वयं के प्रयासों को बढ़ाने के इच्छुक प्रतिभागियों को प्रेरणा और मार्गदर्शन प्रदान किया।

पंचायती राज मंत्रालय द्वारा आयोजित सम्मेलन पंचायत प्रावधानों (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम, 1996, जिसे आम तौर पर पीईएसए अधिनियम के नाम से जाना जाता है।

## नदियों को जोड़ें

**अटल** बिहारी वाजपेयी के समय शुरू की गई नदी जोड़ो परियोजना उपयोगी है। देश की सभी नदियों को जोड़ने के साथ-साथ ही इनकी साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान देना होगा साथ ही उन इलाकों की मानसून पर निर्भरता भी खत्म होगी, जहां सूखा पड़ता है। किसानों को खेती के लिए समुचित सिंचाई का लाभ भी मिलेगा। गंगा उत्सव इसीका एक हिस्सा है।

**– रितु लकड़ा, कांके रांची**

## चिंताजनक स्थिति

**कोरोना** महामारी ने जनजीवन को बहुत प्रभावित किया है, वहीं दूसरी ओर डॉक्टर एवं वैज्ञानिक इस महामारी से निजात दिलाने के लिए दिन-रात वैक्सीन लगाने में लगे हुए है। इस महामारी से देश की जनता मानसिक तनाव में है। आये दिन आंकड़ों का बढ़ना भी चिंता का विषय है। पहले की तुलना में आकड़ें कम अवश्य हुआ है लेकिन मामला नियंत्रिण नहीं है।

**–अवंतिका राज, लोहरदगा**

## जगत हित में विषपान करने के कारण शिव महादेव कहलाए

### धर्म

डा जंग बहादुर पाण्डेय

भारतीय वांग्मय के अनुसार 33 कोटि देवताओं में तीन प्रमुख है- ब्रम्हा, विष्णु और महेश और इनमें शिव ही महादेव कहलाते हैं। क्योंकि जगत हित के लिए इन्होंने समुद्र मंथन से निकले 14 रत्नों-

श्री,मणि,रंभा,वारुणी,अमिय शंख,गजराज।

कल्पतरु,शशि, धेनु,धनु, धनवंतरी, विष, वाज।

में विष का पान कर सृष्टि को बचा लिया था, जिसकी चर्चा रहीम ने अपने एक दोहे में की है -

मान सहित विष खाइ के, शंभु भरे जगदीश।

बिना मान अमृत भखयो,राहु कटायो सीस।

जगत हित में विषपान करने के कारण शिव देव नहीं महादेव कहलाए। इसी महादेव की जागृत रात्रि का नाम महाशिव रात्रि है।

महा शिवरात्रि शब्द का शाब्दिक अर्थ है शिव की महान रात। महाशिवरात्रि शिव पर्व है। हिंदू पंचाग कैलेंडर के अनुसार यह त्योहार प्रतिवर्ष फाल्गुन मास के कृष?ण पक्ष की चतुर्दशी को आता है। अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार 08 मार्च 2024 शुक्रवार के दिन यह त्योहार मनाया जाएगा। इस महापर्व के 10 रोचक तथ्यों पर प्रकाश डालना हमारा अभीष्ट हैः-

1. शिव प्रकटोत्सवः- महाशिवरात्रि? हिंदू धर्म का सबसे बड़ा त्योहार माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव प्रकट हुए थे। इसे शिवजी के जन्मोत्सव के रूप में भी मनाया जाता है। माना जाता है कि सृष्टि की शुरूआत में इसी दिन आधी रात में भगवान शिव का निराकार से साकार रूप में (ब्रह्म से रुद्र के रूप में) अवतरण हुआ था। ईशान संहिता में बताया गया है कि फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की रात आदि देव भगवान श्री शिव करोड़ों सूर्यों के समान प्रभा वाले ज्योतिर्लिंग रूप में प्रकट हुए।

2. जलरात्रिः- प्रलय की बेला में इसी दिन प्रदोष के समय भगवान शिव तांडव करते हुए ब्रह्मांड को तीसरे नेत्र की ज्वाला से भस्म कर देते हैं। इसलिए इसे महाशिवरात्रि या जलरात्रि भी कहा गया है।

3. शिव विवाहोत्सवः- इस दिन को शिव पार्वती के विवाह की वर्ष गांठ के तौर पर भी मनाया जाता है, क्योंकि इस दिन उनका माता पार्वती जी के साथ विवाह हुआ था। इस दिन भगवान शंकर की शादी भी हुई थी।

4. बोधोत्सवः- शिवरात्रि बोधोत्सव है। ऐसा महोत्सव, जिसमें अपना बोध होता है कि हम भी शिव का अंश हैं, उनके संरक्षण में हैं। इसीलिए इस दिन रात्रि में ध्यान साधना करने का विधान भी है।

5. चंद्र सूर्य का मिलनः- ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी तिथि में चंदमा सूर्य के नजदीक होता है। उसी समय जीवनरूपी चंद्रमा का शिवरूपी सूर्य के साथ योग-मिलन होता है। इसलिए इस चतुर्दशी को शिवपूजा करने का विधान है।

6. चार प्रहर पूजाः- महाशिव रात्रि पर शिवजी का जलाभिषेक, पंचामृत अभिषेक और रुद्राभिषेक करके प्रसन्न किया जाता है। शिवजी की पूजा रात्रि के 4 प्रहर में होती है।

7. शिव-बारातः- महाशिवरात्रि पर शिवजी की पाल्की निकलती है और कई जगहों पर शिव बारात का आयोजन होता है। रात में उनकी बारात निकाली जाती है। रात में पूजा कर फलाहार किया जाता है। अगले दिन सवेरे जौ, तिल, खीर और बेल पत्र का हवन करके व्रत समाप्त किया जाता है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95705-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज



### पारुल सिंह ने धालभूम एसडीओ का पदभार लिया

**जमशेदपुर।** धालभूम की नयी एसडीओ पारुल सिंह ने आज पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने निवर्तमान एसडीओ पियूष सिन्हा से पदभार लिया। श्री सिन्हा ने पारुल सिंह को गुलदस्ता देकर उनका अभिनंदन किया और नये दायित्व की शुभकामनाएं दी।

### तुलसी भवन में महिला संसद सत्र कल से



**जमशेदपुर।** शून्यकाल के लिए जूरी सदस्यों द्वारा चुने गये सदस्यों के लिए अधिसूचना आज जारी की गयी। 9 और 10 मार्च 2024 को नेचर फाउंडेशन और मिशन ब्लू फाउंडेशन द्वारा तुलसी भवन, जमशेदपुर में महिला संसद सत्र का आयोजन किया जायेगा। शून्य काल के लिए चयनित छात्राओं में सीएम – नेहा सिंह – सरायकेला केबिनेट मंत्री, इशिका घराई – कानून एवं न्याय मंत्रालय – लोहरदगा, अंशू कुमारी – शिक्षा मंत्रालय – मनिका, अनपूर्णा कुमारी – महिला एवं बाल – लातेहार, सोलिका रानी – वित्त मंत्री – पनकी आदि।

### कमलेश सिंह 52 बार कर चुकी हैं रक्तदान



**जमशेदपुर।** अंतर्राष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना फाउंडेशन, झारखंड प्रदेश की पदाधिकारी और आदित्यपुर कल्पनापुरी निवासी कमलेश सिंह ने अबतक 52 बार रक्तदान कर जरुरतमंद लोगों की जान बचाने में मदद की है। टाटा स्टील ग्रोथ शॉप के पूर्व कर्मचारी एसपी सिंह की धर्मपत्नी कमलेश सिंह बताती हैं कि 1995 में उनके दोनों बच्चे काफी छोटे थे और उसी दौरान वो गंभीर रूप से बीमार पड़ी थी तब उन्हें खुद की जिंदगी बचाने के लिए 8 बोतल खून की जरूरत पड़ी। उनका ब्लड ग्रुप एबी + है और यह जल्दी नहीं मिल पाता है, किंतु टाटा स्टील में कार्यरत पति के सहकर्मियों ने काफी मेहनत कर इसी ग्रुप के 8 लोगों से रक्तदान करवाया और तब जाकर मेरी जान बच पायी। उसके बाद उन्होंने रक्तदान की ठान ली।

### गोपाल मैदान में स्वदेशी मेला का भूमि पूजन

**जमशेदपुर।** भारतीय विपणन विकास केन्द्र द्वारा दिनांक 13-21 मार्च, 2024 तक गोपाल मैदान में आयोजित 17वें स्वदेशी मेला का भूमि पूजन आज मेला स्थल गोपाल मैदान, बिष्टुपुर में संपन्न हुआ। भूमि पूजन कार्यक्रम पंडित नवलकिशोर पांडे के द्वारा भगवान विश्वकर्मा के पूजन के साथ संपन्न हुआ। भूमि पूजन में यजमान के रूप में मेला संयोजक अशोक गोयल, मुरलीधर केडिया, बंदेशंकर सिंह, मनोज कुमार सिंह, अमित मिश्रा, मंजू ठाकुर उपस्थित थे।

### विधायक ने 44 योजनाओं का किया शिलान्यास

**चांडिल।** कपाली नगर परिषद कार्यालय परिसर में गुरुवार को नगर विकास एवं आवास विभाग से स्वीकृत 44 विकास योजनाओं का शिलान्यास एक साथ विधायक सविता महतो ने विधिवत शिलापट्ट अनावरण व नारियल फोड़ कर किया। इस दौरान विधायक सविता महतो ने कहा लगभग 5 करोड़ कि लागत से सभी योजनाओं का निर्माण होगा। इस दौरान विधायक ने कहा कपाली टीओपी से अलबेला गार्डन होते हुए जमशेदपुर सीमा तक सड़क का सुंदरीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य एक करोड़ 21 लाख 53 हजार 139 रुपये कि लागत से होगा साथ ही पीसीसी सड़क, सड़क-मरम्मत, पेवर ब्लॉक सड़क, चबुतरा, नाली, आदि समेत 44 योजनाओं का शिलान्यास किया गया। विधायक ने कहा सभी योजनाओं का निर्माण होने से इसका

# दोमुहानी में आस्था का महासंगम आज, बनारस के 21 पुजारी करेंगे स्वर्णरेखा आरती

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** स्वर्णरेखा और खरकाई नदी के संगम स्थल दोमुहानी तट पर द्वितीय आस्था का महासंगम महोत्सव का आयोजन शुक्रवार 8 मार्च की शाम पांच बजे से किया जायेगा। उक्त बातें मंत्री बन्ना गुप्ता ने एक संवाददाता सम्मेलन में कही। उन्होंने बताया कि इस बार दोमुहानी घाट पर चौड़ी सीढ़ियां बनायी गयी है। लोग खुले में परिवार संग सुरक्षित स्वर्णरेखा आरती एवं पूजन देख पायें इसकी पुख्ता व्यवस्था की गयी है।

उन्होंने बताया कि इस बार दूसरी बार आरती का कार्यक्रम हो रहा है जो भव्य रूप से होगा, इसके लिए तैयारी को आज अंतिम रुप दे दिया गया है। हजारों की संख्या में श्रद्धालु कल आरती कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने जमशेदपुर शहर की जनता से अपील की हैं कि इस भव्य आयोजन मे शामिल होकर इसे सफल बनायें।

मंत्री ने कहा कि आस्था के महासंगम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति में नदियों के योगदान को जनमानस के सामने लाने और नदियों की स्वच्छता से उन्हें अवगत कराना है।

स्वर्णरेखा नदी के संरक्षण और जीर्णोद्धार के लिए हम संभव प्रयास करूंगा, नदी के संरक्षण के लिए जमशेदपुरवासी से अनुरोध है कि वे नदी से धार्मिक और अध्यात्म रूप से जुड़ें। मेरा प्रयास होगा कि स्वर्णरेखा संगम तट को विश्वस्तरीय पर्यटक स्थल बनाये ताकि देश ही नहीं विदेश में भी इसकी धमक हो।

**...और क्या बोले मंत्री :** एक सवाल पर मंत्री ने कहा कि सनातन संस्कृति में तमाम अनुष्ठान में पवित्र नदी जल का उपयोग किया जाता है। इसलिए नदियों को स्वच्छ बनाये रखना जरुरी है। उन्होंने दोमुहानी के विकास योजना के बारे में बताया कि जल्द ही स्वर्णरेखा द्वार का निर्माण होगा। इसके अलावा मुंडन एवं अन्य कार्यों के लिए नदी तट पर विशेष चबुतरा का निर्माण होगा। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि झारखंड सरकार ने स्वर्णरेखा और खरकाई नदी के किनारे बड़े शहरी अपशिष्ट नालों के लिए एसटीपी प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है। इससे शहर के गंदे पानी का ट्रिटमेंट करने के बाद ही उसे नदी में छोड़ा जायेगा ताकि नदी स्वच्छ भी बनी रहे और इसकी धारा अविरल बहती रहे।







- 28 फीट की शिव आकृति और लेजर शो होगा कार्यक्रम का आकर्षण

**दोमुहानी संगम तट को विशेष कोरिडोर बनाने का हैं प्रस्ताव : मंत्री बन्ना गुप्ता**



महासंगम के बारे में जानकारी देते मंत्री बन्ना गुप्ता। साथ में मनोज झा और उनके सहयोगी।

**द्वितीय आस्था का महासंगम कार्यक्रम का आकर्षण**

- 28 फिट की भगवान शिव की कलाकृति
- 21 बनारस के पंडितों द्वारा स्वर्णरेखा आरती
- स्वर्णरेखा नदी पूजन
- आकर्षक विद्युत सज्जा
- लेजर शो से भगवान शिव की विभिन्न स्वरूप का प्रदर्शन

### मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने जमशेदपुर के बालीगुमा में रखी मेधा डेयरी प्लांट की आधारशिला

# दुग्ध उत्पादन में झारखंड को आत्मनिर्भर बनायेंगे : सीएम

- मेघा डेयरी प्लांट की मिल्क प्रोसेसिंग की क्षमता प्रतिदिन 50 हजार लीटर होगी
- दुग्ध उत्पादन से जुड़ने वाले लोगों को अब प्रति लीटर 5 रुपए प्रोत्साहन राशि देंगे
- लाभुकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से लगभग 3 .6 करोड़ रुपए की राशि ट्रांसफर

विशेष संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड को दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में ना सिर्फ आत्मनिर्भर बनाना है, बल्कि इसे अग्रणी राज्यों की श्रेणी में खड़ा करना है। मुख्यमंत्री श्री चम्पाई सोरेन ने आज जमशेदपुर के बालीगुमा में मेधा डेयरी प्लांट के भूमि पूजन कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा तथा किसानों- पशुपालकों के आय स्रोत में बढ़ोतरी को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि किसानों की खुशहाली से ही राज्य की समृद्धि संभव है । ऐसे में किसानों को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा कई कदम उठाए जा रहे हैं।

इस प्लांट में प्रति दिन 50 हजार लीटर दूध का प्रसंस्करण होगा जबकि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रुप से 5 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में अभी 2.5 लाख लीटर दूध प्रति दिन प्रसंस्करण की क्षमता है जिसे बढ़ा कर डबल किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए अब तक 79 को-ऑपरेटिव सोसाइटी का गठन कर लिया गया है।





मेघा डेयरी के शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को पहनायी गयी पत्तों से बनी पारम्परिक टोपी। साथ में मंत्री बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख और विधायक मंगल कालिंदी।

**आदिवासी- मूल वासियों की अस्मिता और सम्मान से कोई समझौता नहीं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार आदिवासियों और मूलवासियों की भावना, अस्मिता और सम्मान के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं करेगी। इन्हें सशक्त बनाने का प्रयास शुरू हो चुका है। इन्हें इनका हक और अधिकार हर हाल में मिलेगा।

**अब प्राइमरी स्कूलों में बच्चे अपनी मातृभाषा में कर सकेंगे पढ़ाई :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की जनजातीय और स्थानीय भाषा एवं संस्कृति को बचाने और समृद्ध बनाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में अब राज्य के सभी प्राथमिक विद्यालयों में जनजातीय और अन्य स्थानीय भाषाओं की पढ़ाई शुरू की जायेगी। बच्चे अब अपनी मातृभाषा में पढ़ाई करेंगे। इस दिशा में शिक्षकों की नियुक्ति जल्द होगी। चांडिल डैम से भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से इस क्षेत्र के खेतों में पहुंचेगा पानी मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान अब सालों भर खेती का कार्य कर सकेंगे। इसके लिए सिंचाई सुविधाओं को बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चांडिल डैम से भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से खेतों में पानी पहुंचेगा। इसके लिए जल्द योजना बनायी जायेगी। राज्य में आधारभूत संरचनाओं को मजबूत किया जा रहा है। मौके पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, कृषि मंत्री बादल, विधायक मंगल कालिंदी, समीर मोहंती और संजीव सरदार, प्रमंडलीय आयुक्त हरि कुमार केशरी, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल समेत जिला प्रशासन के कई वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सेंट्रल सिख नौजवान सभा का बैशाखी नाइट 6 अप्रैल को, झुमायेंगे सूफी गायक कंवर ग्रेवाल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** आगामी 6 अप्रैल को सेंट्रल सिख नौजवान सभा द्वारा साकची गुरुद्वारा मैदान मे बैशाखी नाईट (सांस्कृतिक संध्या) का आयोजन किया गया है, जिसमे पंजाब के सुप्रसिद्ध सूफी गायक कंवर ग्रेवाल अपनी गायकी की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम मे प्रवेश सिर्फ पास द्वारा होगा जो की निशुल्क उपलब्ध होंगे। उक्त जानकारी होटल जेके रेजिडेंसी, साकची में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में आज सेंट्रल सिख नौजवान सभा के प्रधान सरदार अमरीक सिंह ने जानकारी दी। सीनियर मीत प्रधान सरदार त्रिलोचन सिंह एवं कार्यकारी अध्यक्ष इंदरजीत सिंह ने जानकारी दी कि कार्यक्रम मे प्रवेश सिर्फ पास द्वारा होगा। सभा के संपर्क नंबर (90313 84624, 70049 85606) पर संपर्क करें।

### फ्लाई ओवर निर्माण के बाद शहरवासियों को मिलेगी जाम से मुक्ति : मंत्री बन्ना गुप्ता

- मानगो फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य शुरू, सीएम ने मंत्री बान्ना गुप्ता संग किया निरीक्षण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के साथ मानगो डिमना रोड स्थित फ्लाई ओवर निर्माण क्षेत्र का निरीक्षण किया। अब कार्य शुभारंभ हो गया जिसे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शिलान्यास किया था। निरीक्षण के बाद मंत्री ने कहा कि फ्लाई ओवर निर्माण उनका ड्रीम प्रोजेक्ट और मानगो की जनता से किया वायदा था जिसे उन्होंने पूरा किया। उन्होंने कहा कि कई लोगों ने विभिन्न तरीकों से इस प्रोजेक्ट में व्यवधान डालने की कोशिश की, बहुत लोगो ने मेरे इस परियोजना को काल्पनिक और बेकार बताया और दुष्प्रचार किया लेकिन क्षेत्र की जनता और ईश्वर के सहयोग से इसे मूर्त रूप दिया जा रहा है।



मानगो बकरी बाजार क्षेत्र में फ्लाई ओवर निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंची सीएम चंपई सोरेन का अभिनंदन करते मंत्री बन्ना गुप्ता।

# टाटा स्टील को गोल्डन पीकॉक नेशनल ट्रेनिंग अवार्ड 2024

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर/मुंबई।** टाटा स्टील को वर्ष 2024 के लिए प्रतिष्ठित गोल्डन पीकॉक नेशनल ट्रेनिंग अवार्ड का विजेता घोषित किया गया है। यह घोषणा सीखने की संस्कृति को जारी रखने और विकास में उत्कृष्टता के प्रति टाटा स्टील की प्रतिबद्धता को मान्यता प्रदान करती है, जो उद्योग के लिए एक मानक स्थापित करती है। 1991 में इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स (आईओडी), भारत द्वारा स्थापित गोल्डन पीकॉक अवार्ड्स को अब दुनिया भर में कॉर्पोरेट उत्कृष्टता का एक बेंचमार्क माना जाता है। पुरस्कार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए, टाटा स्टील की वाईस प्रेसिडेंट, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, अत्रेयी सान्याल ने कहा, यह सम्मान सीखने और विकास में उत्कृष्टता की हमारी निरंतर खोज को मजबूत करता है। टाटा स्टील में, हम प्रतिभा का पोषण करने और निरंतर सीखने की संस्कृति को बढ़ावा देने में विश्वास करते हैं। यह सम्मान सुनिश्चित करता कि हमारा कार्यबल आज के गतिशील कारोबारी माहौल की चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक कौशल और दक्षताओं से लैस है।



मुख्य अतिथि से अवार्ड ग्रहण करते टाटा स्टील के अधिकारी।

### आर्थिक, शैक्षणिक तथा सामाजिक विकास के लिए सरकार संकल्पित

- सीएम चंपाई सोरेन ने किया गम्हरिया प्रखंड स्थित खरकई गंजिया बराज में विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास
- जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो रहें है लोग
- जनजातीय भाषा के लिये शिक्षक की होगी बहाली
- हर खेत तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचाना है लक्ष्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची/गम्हरिया।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार राज्य के सतत विकास की दिशा में लगातार प्रयत्नशील है। श्री सोरेन गुरूवार को सरायकेला- खरसावां जिला के गम्हरिया प्रखंड स्थित खरकाई गंजिया बराज में विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन- शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता की सोच और भावनाओं के साथ हमारी सरकार खड़ी है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजनायें धरातल पर उतर रहीं हैं। योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिये सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सिंचाई एवं पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के लिये सरकार प्रयासरत है।

# भाजमो का झारखंड प्रदेश सम्मेलन 10 को टाउन हॉल सिदगोड़ा में

- प्रदेश भर से 1100 प्रतिनिधि आयेंगे, लोस व विस चुनाव पर होगी विशेष चर्चा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा झारखंड प्रदेश के तत्वावधान में आगामी 10 मोर्चा को सिदगोड़ा टाउन हॉल में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में पूरे झारखंड प्रदेश के सभी जिलों से जिला के अध्यक्ष, महामंत्री, उपाध्यक्ष व 10-15 की संख्या में संगठन में सक्रीय कार्यकर्ता शामिल होंगे। सम्मेलन में मुख्य रूप से आगामी लोकसभा चुनाव व विधानसभा चुनाव में पार्टी की भुमिका पर चर्चा होगी। झारखंड के सभी जिलों में संगठन की बैठकों का दौर लगातार जारी है और संगठन के वरिय पदाधिकारी दो-तीन टोली में झारखंड के विभिन्न जिलों में भ्रमण कर कार्यकताओं व आमजनता से रूबरू हो रहे है।

पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने प्रेस वार्ता में घोषणा की संगठन वर्तमान में अपनी क्षमता पर 35-40 विधानसभा की सीटों पर चुनाव लड़ने को तैयार है। लोकसभा चुनाव लड़ने के संबंध में पार्टी की कोर कमेटी विचार-विमर्श कर रही है। चूकिं लोकसभा का क्षेत्रफल काफी बड़ा होता है इसलिए अभी इसमे कोई सहमति नहीं बनी है किंतु कार्यकर्ता सम्मेलन के उपरांत ही इस पर निर्णय लिया जायेगा।

श्री तिवारी ने बताया की राज्य में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। सभी दलों का एक मात्र उद्देश्य झारखंड की जल, जंगल, जमीन को बर्बाद करना है। अभी तक जितनी भी सरकारों ने झारखंड पर राज किया उसने झारखंड की प्राकृतिक संचरना को नष्ट करने का कार्य किया। ऐसे में भारतीय जनतंत्र मोर्चा झारखंड के यशस्वी सर्वमान्य एक मात्र भ्रष्टाचार के खिलाफ सदैव मुखर रहने वाले नेता श्री सरयू राय के नेतृत्व में जनहित के लिए संघर्ष करने को तैयार है। भाजपा, कांग्रेस, झामुमो सहित विभिन्न राजनितिक दलों से कई प्रमुख नेता व कार्यकर्ता संगठन में शामिल होकर संगठन से चुनाव लड़ने को इच्छुक है और लगातार संपर्क बनाए हुए है। 10 मार्च को सिदगोड़ा टाउन हॉल में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में झारखंड राज्य के सभी जिलों से आए भाजमो नेताओं को समागम होगा और सभी की सहमति से आगे की रणनीति को गढ़ा जायेगा।



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष्ज्ञ धर्मेन्द्र तिवारी। साथ में रामनारायण शर्मा व अन्य पदाधिकारी।

## एक नजर में

### ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास पहुंचे जमशेदपुर



**जमशेदपुर।** ओडिशा राज्य के महामहिम राज्यपाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास अपने एकदिवसीय जमशेदपुर प्रवास के तहत गुरुवार को जमशेदपुर स्थित एग्रिको आवास पहुंचे। जहां जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों की मौजूदगी में पुलिस जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। राजधानी रांची से सड़क मार्ग के रास्ते दोपहर करीब 3 बजे जमशेदपुर पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एग्रिको स्थित आवास पर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान भाजपा जमशेदपुर महानगर के पूर्व जिलाध्यक्ष गुंजन यादव, जिला महामंत्री राकेश सिंह, सुरेश शर्मा, अरुण मिश्रा, संतोष कुमार, गौतम प्रसाद, मुकेश कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

### सरयू राय ने बिरसानगर में किया शिलान्यास



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय के विधायक निधि से अनुशंसित बिरसानगर जोन नंबर 1 बी में लक्ष्मी नर्सिंग होम के समीप सड़क और नाली निर्माण की योजना का शिलान्यास विधायक सरयू राय के करकमलों से संपन्न हुआ। इस दौरान मुख्य रूप से भाजमो के जिला उपाध्यक्ष एम चंद्रशेखर राव, प्रकाश कोय, शंकर कर्मकार, जय प्रकाश, नंदिता गगराई, जितेंद्र कुमार, अमरजीत सिंह, एसएन मिश्रा, प्रेम रंजन घोष, खुशबू देवी, लक्ष्मी सरकार, पांपा बनर्जी एवं काफी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### यूसील : खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत



**जादूगोड़ा।** यूसील की तुम्मला पल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं का बृहस्पतिवार को पुरस्कृत किया गया। इधर पुरस्कार पाकर खिलाड़ियों के चेहरे खिल उठे। बताते चलें कि कर्मचारियों का स्वास्थ्य बेहतर रहे जिसको लेकर यूसील की सबसे महत्वपूर्ण यूरेनियम प्रोजेक्ट तुम्मापल्ली में बीते दिनों खेल को बढ़ावा देने को लेकर 14 स्तर की खेलकूद प्रतियोगिता मसलन 100 मीटर, 200 मीटर, क्रिकेट, वालीवॉल, बैडमिंटन, कबड्डी, गीत-संगीत, शतरंज ,महिला व पुरुष प्रतिभागियों के अलग_ अलग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसके विजेता प्रतिभागियों को बारी-बारी से कंपनी के डीजीएम सह मुख्य अतिथि सुमन सरकार, मुख्य कार्मिक प्रबंधक संजय चटर्जी, माइंस एजेंट किशोर भक्त व खान प्रबंधक एन वी शेखरन बाबू ने पुरस्कृत किया।

### सांसद-विधायक ने किया मरम्मत कार्य का भूमिपूजन



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो व जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने संयुक्त रूप से जमशेदपुर प्रखंड के टेल्को गोदाम से घोड़ाबांधा – मनफीटा मेन रोड भाया साई मंदिर तथा टेल्को गोदाम से भीम कर्मकार हाऊस कम्पुटा तक 2 .250 किमी पथ का विशेष मरम्मती कार्य का भूमिपूजन गुरुवार को किया गया। 1.90 करोड़ रुपये की लागत से मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत पथ का विशेष मरम्मती किया जाना है। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि जर्जर सड़क में लोगों को आने जाने में काफी दिक्कतें होती थी। अब सड़क का मरम्मती हो जाने से लोगों को परेशानी से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि सड़क मरम्मती कार्य क्षेत्र के लोगों की वर्षों पुरानी मांग थी। जिसे आज पूरा कर दिया गया। इस दौरान जिला परिषद सदस्य परितोष सिंह, और स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

### इलेक्ट्रोल बांड की जानकारी सुप्रीम कोर्ट को अविलंब दे एसबीआई : कांग्रेस



**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन कार्यक्रम के तहत पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जमशेदपुर स्थित भारतीय स्टेट बैंक मुख्य ब्रांच के समक्ष प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में भाजपा की चुनावी बांड योजना को असंवैधानिक मानते हुए उसपर रोक लगा दी है। चुनावी बांड योजना को प्राथमिक लाभार्थी होने के नाते सत्तारूढ भाजपा को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। 2017 में चुनावी बांड योजना की शुरूआत के बाद से राजनीतिक दलों को सामूहिक रूप से अनुमानत: 2,12,000 करोड रुपए से अधिक प्राप्त हुए। अकेले भाजपा को लगभग 86,566 .11 करोड़ प्राप्त हुए। जो की कुल राशि का 55■ है। स्पष्ट रूप से भाजपा दानदाताओं के बारे में जानकारी सार्वजनिक होने के बाद चुनिंदा कॉर्पोरेट के साथ अपने संबंधों के संभावित जोखिम को लेकर चिंतित है।

## स्पीड न्यूज

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में मनाया गया 88 वीं शिव जयंती महोत्सव



गुमला। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय घाटो बगीचा गुमला में 88 वीं शिव जयंती महोत्सव कार्यक्रम गुरूवार को मनाया गया। मुख्य अतिथि नगर परिषद प्रशासक दिलीप कुमार, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश सदस्य शकुंतला उरांव, पंचू साहू ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों और संस्थान के भाई बहनों ने शिव ध्वज के नीचे संकल्प लिया कि भारत को एक दिन हम सब मिलकर स्वर्णिम भारत बनाकर रहेंगे। कार्यक्रम में शिव शंकर की मनमोहक झांकी भी दिखाई गई। मौके पर दिलीप कुमार ने कहा कि मैं इस संस्थान में पहली बार आया हूं और इस तरह के सनातनी कार्य में मुझे आने में रुचि भी है। मुझे यहां आकर बहुत ही शांति व आनंद का अनुभव हुआ। पंचू साहू ने कहा कि मैं अपने को धन्य महसूस कर रहा हूं कि मैं आज ऐसे दिव्य पवित्र स्थान में आना हुआ है। संस्थान की संचालिका ब्र.कु. शांति दीदी ने अपने संबोधन में कहा की शिवरात्रि एक ऐसा आध्यात्मिक त्यौहार है जिसमें समस्त मानव समुदाय को चाहे वह हिंदू हो, मुस्लिम हो, सिख हो, सभी को शुभकामना संदेश देता है कि हम अपने अंदर की छुपी हुई बुराई को पहचाने और सत्कर्म की ओर आगे बढ़े। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पवन अग्रवाल, संजय अग्रवाल, केदार भाई, अमित भाई, मंगल भाई, सुधीर भाई बीके ममता, सुचिता, गीता, बबीता एवं सैकड़ो भाई-बहन उपस्थित थी।

### सभी समुदाय के लोग मिलकर पर्व को भाईचारे के माहौल में मनायें : बीडीओ



जारी। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर गुरूवार को जारी थाना परिसर में बीडीओ शशि संदीप सोरेन की अध्यक्षता में शान्ति समिति की बैठक हुई। बैठक में बीडीओ शशि संदीप सोरेन ने शान्ति समिति के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी समुदाय के लोग पर्व को आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ मनायें। साथ ही अपने गांवों में एक दूसरे के सुख दुख में भाग लें और आपसी प्रेम को बढ़ायें। मौके पर उपस्थित चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर मो शमीम ने कहा कि पर्व शान्ति पूर्वक मनायें। किसी भी तरह का अनहोनी न हो इसका विशेष ख्याल रखें। जारी थाना प्रभारी आदित्य कुमार ने कहा कि किसी भी तरह का कोई भी अनहोनी की संभावना हो तो तुरन्त थाना को सूचित करें ताकि समय रहते उनके विरुद्ध कानूनी कारवाई किया जा सके। साथ ही कहा कि किसी तरह का कोई भी परेशानी हो तो नि:संदेह हमें फोन करें मैं हर सम्भव आपके मदद के लिए तैयार हैं। सभी अभिभावक अपने बच्चों पर विशेष ध्यान दें कि रात समय अपने बच्चों को घूमने न दें। मौके पर पुअनि टिपू अन्सारी, एएसआई बिनोद शर्मा, किष्टो राम,अरुण पाण्डेय, परशुराम सिंह, तस्लीम अंसारी, नन्दकिशोर नन्द, रबिन्द्रनाथ शाहदेव, जाकिन खान, रिजवान अंसारी, राजेश टोप्पो, अरबिन्द सिंह, राजू नायक, तुलामन सिंह आदि उपस्थित थे।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अच्छा कार्य करने वाले नर्स व डॉक्टर हुए सम्मानित



गुमला। सेव योर लाइफ संस्था एवं सिविल सर्जन कार्यालय गुमला के संयुक्त तत्वाधान में गुरूवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन सदर अस्पताल सभागार में किया गया। जिसमें सदर अस्पताल के विभिन्न वार्ड में काम करने वाली स्टाफ नर्स एएनएम एवं महिला डॉक्टर जो अपने दायित्वों का सबसे अच्छा प्रदर्शन करती है उन्हें प्रशस्ती पत्र व पौधा देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली नर्स एवं सुचिता बेक, सीमा सुमन लकड़ा, निशा खाखा, रजनी केरकेट्टा, ललिता बड़ाईक, किशोरी तिर्की, माधुरी एक्का, मेरी लूसी केरकेट्टा, विमला कुमारी एवं डीपीओ जया रेशमा खाखा, डॉ मोनिका, डॉ प्रियांशी के नाम शामिल है। मौके पर सिविल सर्जन राजू कच्छप ने कहा कि समाज में अमूमन यह सोच है कि सेवा का पर्याय महिलाएं होती हैं। सभी बधाओं को पार करते हुए आज जीवन के हर क्षेत्र में महिलाएं अपनी भूमिका निभा रही है और यह सिद्ध कर रही है कि महिलाएं किसी से काम नहीं हैं। सेव योर लाइफ संस्था के सचिव संतोष झा ने कहा कि हमारे समाज में सेवा का पर्याय नर्स को माना जाता है। इनकी आत्मीयता और लगन ही अस्पताल जैसी संस्थाओं की भूमिका को सिद्ध करती है। डीपीओ जया रेशमा ने कहा कि मैं स्वयं भी महिला हूं कितनी मशक्कत के बाद और कदम कदम पर खुद को साबित करते हुए आज इस मुकाम पर पहुंची हूं। हमें उम्मीद है कि आने वाला समय महिलाओं का होगा। इस अवसर पर बैजनाथ प्रसाद, रमेश पांडे, बबलू सिंह, शुकरा उरांव, प्रवीण, दिनेश आदि उपस्थित थे।

### दुष्कर्म किये विक्षिप्त महिला के साथ नौ को बसिया पुलिस ने जंगल से दबोचा

गुमला। बसिया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर किसी घटना को अंजाम देने दो वाहनों से पहुंचे नौ लोगों को साकेया डैम जाने वाले रास्ते में राहाना जंगल से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नौ लोगों के साथ एक दुष्कर्म पीड़ित विक्षिप्त महिला भी थी। इस संबंध में बसिया थाना में कार्यरत सअनि ने बुद्धदेव उरांव ने अपने बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करायी है। जिसमें बुद्धदेव उरांव ने कहा कि वे रात्रि में पुलिस बल के साथ गश्ती में थे। इसी दौरान उन्हें गुप्त सूचना मिली कि एक लाल रंग के अल्टो कार में एक विक्षिप्त महिला को लेकर कुछ लोग साकेया डैम वाले रास्ते में राहाना जंगल की ओर जा रहे हैं। सूचना के बाद वरीय पदाधिकारियों को सूचित किया गया। जिसके बाद प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक सह थाना प्रभारी शिव शंकर मरांडी के नेतृत्व में एक टीम गठन किया गया। जिसमें पुअनि पुनित मिंज और सअनि बुद्धदेव उरांव शामिल थे। गठित टीम रात्रि करीब 8:15 बजे साकेया डैम की ओर जाने वाले रास्ते में राहाना जंगल पहुंची तो देखा की लाल रंग का अल्टो कार व महिंद्रा जायलो गाड़ी लगी हुई है और आस-पास 8 से 9 लोग एकत्रित हैं जो बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में थे। पुलिस को देखकर सभी भागने लगे तो साथ गये सशस्त्र बल के जवानों ने उन्हें पकड़ा। जिनमें सुरय लोहरा, रामू इंदवार, अजीत गोप, अरबाज खान, अशोक सिंह, अशोक गोप, विकास इंदवार सभी ग्राम पतुरा एवं बेलाल खान व तमजीद खान दोनों ग्राम किंदरकेला बसिया शामिल है। पुलिस ने लाल रंग का अल्टो कार चेक किया तो एक विक्षिप्त महिला को कार के सीट पर सोया हुआ पाया। पकड़े गये लोगों से पूछताछ किया गया तो सुरय लोहरा ने बताया कि पतुरा गांव के रामू इंदवार के द्वारा विक्षिप्त के साथ जबरन दुष्कर्म किया गया है। जिसका वीडियो मेरे मोबाईल से पतुरा निवासी आफताब आलम के द्वारा बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया गया है। पूछताछ के बाद सूरय लोहरा की तलाशी ली तो एक मोबाईल बरामद हुआ। जिसमें दुष्कर्म की घटना का वीडियो मिला।

### महाशिवरात्रि पर्व को लेकर सिरकोट में निकाला गया भव्य कलश यात्रा



घाघरा। घाघरा प्रखंड के सिरकोट शिव मंदिर समिति द्वारा शिवरात्रि पूजा अवसर पर गुरुवार को कलश यात्रा निकाला गया। कलश यात्रा में सैकड़ो की संख्या में महिलाएं व बच्चियां शामिल हुई। कलश यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर मुख्य पथ होते हुए घोड़ाटांगर गांव स्थित पोखरा तक पहुंची। जहां आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ कलश में जल भरी कराई गई। हर हर महादेव बोल बम का नारा लगाते हुए कलश में शामिल महिला और बच्चियां पुनः मंदिर परिसर पहुंची। जहां शिवलिंग पर जलाभिषेक किया गया व आचार्य द्वारा अन्य विधि विधान से पूजा पाठ कराई गई। समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष शिवरात्रि के एक दिन पूर्व कलश यात्रा निकाला जाता है। साथ ही शिवरात्रि के दिन शुक्रवार को सिरकोट शिव मंदिर स्थित टंगरा में मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। मौके पर रामविलास साहू, धनकुंवर साहू, रोहित साहू, मनु सिंह, कृष्णा सिंह, प्रियंका, सुनीता देवी, राधा, सीमा देवी, पूनम देवी, प्रीति आदि शामिल थी।

## सभ्यता और संस्कृति ही आदिवासियों की पहचानः डॉ रामेश्वर

### आदिवासी संस्कृति कला केंद्र का मंत्री और राज्यसभा सांसद ने किया उद्घाटन

खबर मंत्र संवाददाता







लोहरदगा। राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के तत्वाधान में गुरुवार को लोहरदगा शहरी क्षेत्र के कूटमु मोड के समीप आदिवासी संस्कृति कला केंद्र का उद्घाटन वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने संयुक्त रूप से किया। लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से इस भवन का निर्माण कार्य किया गया है। जिसमे आदिवासी समाज के सभ्यता और संस्कृति को संजोने का कार्य किया जाएगा। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि सरकार आदिवासियों की संस्कृति सभ्यता की रक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार आदिवासियों के विकास को लेकर कई प्रकार की योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। भविष्य में भी आदिवासियों के सभ्यता और संस्कृति को सुरक्षित करने को लेकर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा की उनके विधायक फंड से पूरे जिले में 170 से अभी अधिक अखाड़ा का निर्माण कराया गया है यही नहीं अब तो पूरे झारखंड में जहां भी आदिवासी समाज निवास करता है वहा अखाड़ा निर्माण के लिए इस वर्ष बजट में स्वीकृति दी गई है। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा की झारखंड की पहचान यहाँ की संस्कृति और सभ्यता है। इसे बचाने के लिए हम सभी को प्रयास करना होगा। लोहरदगा जिले में राज्य सरकार द्वारा लगातार विकास के कार्य में तेजी लाने का प्रयास किया गया है। इससे पूर्व अतिथियों ने कुटमू मोड़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर रोहित प्रियदर्शी उरांव, जिला अध्यक्ष सुखेर भगत, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जलेश्वर उरांव, सोमे उरांव, विशाल डुंगडुंग सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## भगवान शिव के दरबार में आने वाला व्यक्ति खाली हाथ नहीं जाता है : आचार्य हरि शंकर

खबर मंत्र संवाददाता



गुमला। महाशिवारात्रि के अवसर पर चैती दुर्गा पूजा समिति गुमला के द्वारा गुरूवार को स्थानीय देवीगुड़ी मंदिर में महा रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रातः 8:00 बजे से 10:00 बजे तक महा रुद्राभिषेक कार्यक्रम आचार्य पंडित हरिशंकर मिश्र के निर्देशन में रांची से आए हुए पंडित आदर्श पाठक, शैलेश मिश्रा एवं राजकिशोर पाठक के द्वारा पूरे विधि विधान से संपन्न कराया गया। रूद्राभिषेक में यजमान के रुप में चैती दुर्गा पूजा समिति के सदस्य शामिल हुए। आचार्य श्री हरि शंकर मिश्रा ने कहा कि भगवान शिव सभी कामनाओं को पूर्ति करने वाले हैं। इसी नियमित गुमला नगर वासियों के कल्याण के लिए चैती दुर्गा पूजा समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष शिवरात्रि से एक दिन पूर्व महारुद्राभिषेक का आयोजन किया जाता है। आज भी उसी परंपरा का निर्वहन करते हुए भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया। गुमला में अमन चैन एवं गुमला वासियों के कल्याण के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेश मंत्री, अरुण केसरी, सचिव सरजू प्रसाद साहू, संजीव उर्वशी, रितेश, द्वारिका मिश्रा सुमन, राजीव, सुदेश सौरभ, महेश गुप्ता, राजेश गुप्ता, दामोदर कसेरा, प्रेम सागर, दीपू, रामनिवास प्रसाद, रंजन सोनी, निर्मल अग्रवाल, श्री गुप्ता, किशोर फोगला, विजयलक्ष्मी, रश्मि राज, शैली मिश्रा, उषा रीना साहू, पूनम जायसवाल, रेखा केसरी, प्रियंका गुप्ता, मंजू अग्रवाल ,सुषमा सिंह, आदि उपस्थित थे।

## जमीन विवाद व पुलिसिया उत्पीड़न के खिलाफ आदिवासी महासभा का धरना



गुमला। अखिल भारतीय क्रांतिकारी आदिवासी महासभा ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार घाघरा अंचल के सलगी लाशटांड़ गांव की जमीन विवाद व पुलिसिया उत्पीड़न के खिलाफ गुरूवार को कचहरी परिसर में एक दिवसीय धरना दिया। धरना के उपरांत मुख्य मंत्री, मुख्य सचिव, आयुक्त दक्षिणी छोटानागपुर तथा पुलिस महानिदेशक के नाम चार सूत्री मांग पत्र उपायुक्त को सौंपा। जिसमें ग्रामीणों के ऊपर पुलिसिया उत्पीड़न पर रोक लगाने, दोषी पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई करने, जमीन के दखल कब्जे की जांच कर भूमि जोतक किसानों को मालिकाना हक प्रदान करने तथा साहूकार सुदेश साहु के ऊपर आदिवासी उत्पीड़न की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कराने की मांग शामिल है। आंदोलनरत किसानों ने ज्ञापन में कहा है कि जिस जमीन को साहूकार अपना बताकर प्रशासनिक सहयोग से किसानों को डराने धमकाने का काम करते हैं। धरना प्रदर्शन के दौरान महासभा के जिलाध्यक्ष सनिया उरांव, अनिल उरांव, विनोद उरांव, सुबोध उरांव, बुधवा उरांव, बसंत गोप, गोविंद गोप, सुरेश प्रसाद यादव, रूपेश गोप, चापा उरांव, बिहारी उरांव, बाबुलाल उरांव, दिलीप, मंजू देवी, जलेश्वरी देवी, बालगोविंद गोप, बिफैया शामिल थे।

## भाजपा संगठन एक परिवार : सुदर्शन भगत

### कांग्रेस ने जनजाति समाज को गुमराह कर लिया वोट किया कुछ नही : समीर उरांव

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा जिला कार्य समिति की बैठक आयोजित

खबर मंत्र संवाददाता





लोहरदगा। भाजपा कार्यालय में गुरुवार को भाजपा कार्यसमिति की बैठक जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में आयोजित हुई।बैठक को मुख्य-अतिथि सांसद सुदर्शन भगत एवं लोहरदगा लोकसभा के प्रत्याशी समीर उरांव, पूर्व विधायक सधनु भगत, रमेश उरांव, ओमप्रकाश सिंह बिंदेश्वर उरांव आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान लोहरदगा आगमन पर समीर उरांव का युवाओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। मौके पर कार्यालय से एलईडी प्रचार गाड़ी को क्षेत्र भ्रमण के लिए लोकसभा प्रत्याशी समीर उरांव एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी द्वारा भाजपा का झंडे दिखाकर क्षेत्र में रवाना की गई। कार्यसमिति की बैठक की शुरूआत पार्टी के संस्थापक महापुरुष के चित्रों पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन, वंदेमातरम गीत के साथ किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि भाजपा संगठन एक परिवार है हम सभों का लगातार दायित्व का बदलाव होते रहता है। इसी क्रम में अल्पसमय में संगठन ने राज्य, केन्द्र सहीत अनेक सवैंधानिक पदो पर बैठाया नेतृत्व का अवसर दिया है। समीर उरांव को सदा छोटा भाई माना हूं, समीर उरांव का भी अनुभव सांगठनिक एवं सवैंधानिक रूप से रहा है। चुनाव एक प्रक्रिया है जो हर पांच वर्ष में होना तय है और व्यवस्थाएं अनुरूप संगठन तैयार करती है। जिस प्रकार से हमने इस लोकसभा को तीन बार लगातार जीता उसी उत्साह से चौथी बार हम सभी कार्यकर्ता मिलकर सीट को जीताएगें। हम सभी जनजातीय क्षेत्र से आते हैं और गत भाजपा सरकार से पहले कांग्रेस केवल जनजाति समाज को अनपढ़, गरीब और असहाय बताती आई पर उसके उत्थान के लिए किसी प्रकार का कार्य नहीं किया। कार्यक्रम को पूर्व विधायक सधनु भगत, रमेश उरांव, जिला प्रभारी सुनीता सिंह ,जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, ओमप्रकाश सिंह, बिंदेश्वर उरांव, ब्रजबिहारी प्रसाद, लाल नवल नाथ शाहदेव, श्रीचंद प्रजापति, राकेश प्रसाद, राजमोहन राम,राजकिशोर महतो, विधानसभा प्रभारी अनुप अधिकारी आदि ने संबोधित किया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री बालकृष्णा सिंह ने किया। बैठक में भाजपा के जिला कार्यसमिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य, जिला के सातों मोर्चा के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष महामंत्री, जिला के सभी मण्डल अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, सभी पूर्व विधायक सभी पूर्व एवं निवर्तमान जिला अध्यक्ष, कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## सरकार चुनाव से पहले ननबैंकिंग कंपनी में जमा पैसे करें वापस : विजय

खबर मंत्र संवाददाता



गुमला। झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच गुमला के तत्वाधान में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत गुरूवार को गरीबों के खून पसीने का जमा पैसे के अविलंब भुगतान की मांग को लेकर कचहरी परिसर में धरना दिया गया। धरना के बाद देश के प्रधानमंत्री, गृह मंत्री व झारखंड के मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा गया। धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने केंद्र व राज्य सरकार से विभिन्न ननबैंकिंग कंपनियों में लोगों के जमा पैसे को अविलंब भुगतान करने की मांग की है। सिंह ने यह भी कहा है कि ननबैंकिंग कंपनियों में जमा पैसे को देश के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा दिलाने और नहीं डूबने देने की घोषणा झूठ का पुलिंदा बताते हुए कहा है कि लोकसभा चुनाव के पहले गरीबों व मेहनत मशक्कत करने वाले दुकानदारों के जमा पैसे का भुगतान नहीं हुआ तो एनडीए व महागठबंधन को वोट नहीं देने के बारे में जमाकर्ता विचार करेंगे। कार्यक्रम में कृष्ण गोप, प्रकाश उरांव, सुखदेव सिंह, बसंत बड़ाइक, शंकर उरांव, सोमरा खड़िया, मनोज नायक, गोपेश्वर गोप, सुखराम उरांव, दिलेश्वर महली, पुष्पा उरांव, कुसुमा मिंज, उर्मिला देवी, मरियानी एक्का, कमला देवी, सुनीता देवी के अलावे सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

## खेलो इंडिया में संतोषी का तकनीकी पदाधिकारी के रूप में हुआ चयन



घाघरा। रांची विश्वविद्यालय की सहायक प्रोफेसर सह घाघरा निवासी संतोषी कुमारी का चयन नेशनल अस्मिता खेलो इंडिया योगासन वूमेन लीग में टेक्निकल ऑफिशियल के रूप में किया गया है। संतोषी कुमारी ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन भारत सरकार के योगासन भारत के तत्वधान में आगामी 8 मार्च से 10 मार्च तक श्रीमद् दयानन्द कन्या गुरुकुल महाविद्यालय चोटीपुरा अमरोहा उत्तरप्रदेश में किया जा रहा है। इस खेल का आयोजन महिला सशक्तिकरण हेतु किया जा रहा। इससे पहले भारत के सभी जॉन में आयोजन किया जा चुका है। पूर्वी जोन, पश्चिमी जॉन, उत्तरी जोन, दक्षिणी जोन में जितने भी महिला प्रतिभागी विजयी हुए हैं। वे नेशनल लेबल प्रतियोगिता में भाग लेंगी। खास बात इस प्रतियोगिता कि यह है की प्रतिभागी और निर्णायक मंडल सभी महिलाएं होंगी। यहां बता दे की इसी क्रम में संतोषी का चयन झारखंड राज्य के घाघरा से किया गया है। इससे पहले भी कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में संतोषी ने निर्णायक की भूमिका निभा चुकी है। चयन पर घाघरा वासियों और समाजसेवियों ने संतोषी को बधाई दी है।

### युवा सम्मेलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



कैरो। रामकृष्ण आश्रम रांची के मार्गदर्शन में खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार निदेशालय के सहयोग से युवा सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को प्रखंड के चाल्हो मैदान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के प्रतिमा में माल्यार्पण व द्वीप प्रज्वलित कर भक्तिमय वातावरण में किया गया। जिसके बाद योग शिक्षक प्रज्ञा भारती द्वारा योगाभ्यास द्वारा लोगों को स्वस्थ रहने की गूढ़ बताई गई। ब्रह्मचारी देवातय्य चैतन्य स्वामी द्वारा स्वामी विवेकानंद के शिक्षा के बारे में जानकारी देते हुए उनके बताए मार्ग व शिक्षा को अपने जीवन में अंगीभूत करते हुए जीवन को सर्थ्यक बनाने पर बल दिया गया। स्वागत भाषण संस्था के मंगल उरांव द्वारा किया गया। वहीं रामकृष्ण मिशन से आये शिक्षकों द्वारा जैविक खेती, स्वस्थ जीवन सहित कई बिंदुओं पर जानकारी दिया गया। स्वामी सुशिलानंद महाराज द्वारा रामभक्त हनुमान व रामकृष्ण भक्त स्वामी विवेकानंद के जीवनी के बारे में जानकारी देते हुए भजन कृतन किया गया। कार्यक्रम में स्वामी चैतन्य महाराज, स्वामी भवेशानंद महाराज, प्रज्ञा भारती, आदित्य यादव, मंगल उरांव, एतवा उरांव, धनेश्वर साहू, बहादुर उरांव आदि मौजूद थे।

### कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



कैरो। प्रखंड के सढ़ाबे पंचायत भवन में गुरुवार को जिला कृषि विभाग सह आत्मा की ओर से तीन दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रशिक्षण में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक ज्ञान साहू ने कहा कि किसानों को इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में कृषि की नई तकनीक की जानकारी देने के बाद किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगी साथ ही साथ किसानो को नए नए खेती के बारे में जब जानकारी मिलेगी तो जीवन स्तर में सुधार के साथ साथ अपना प्रखंड क्षेत्र में कृषि के क्षेत्र में एक नई पहचान भी मिलेगी। मौके पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिसन सहायक तकनीकी दिनेश चंद्र, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक ज्ञान साहू, सहायक तकनीकी प्रबंधक अनुराधा कुमारी, उप मुखिया जगबंधन भगत, पंचायत सचिव जग्गू उरांव, कृषक मित्र फुलमनी उरांव, एम तिवारी, धर्मदेव उरांव, तेतरी भगत, राजकुमारी भगत, वीर उराईन, हीरामणि कुमारी, उर्मिला उरांव, सतमी उरांव, सधनी उरांव, लीला देवी सूरज उरांव सहित किसान मौजूद थे।

## कैरो की बीडीओ के रूप में छंदा ने लिया पदभार

खबर मंत्र संवाददाता



कैरो। प्रखंड सभागार में गुरुवार को विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। तत्कालीन प्रखंड सह अंचल अधिकारी पवन कुमार महतो का प्रमोसन के साथ सिमडेगा निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में तबादला होने के बाद नए बीडीओ के रूप में चंदा भट्टाचार्या का स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम में प्रखंड कर्मी व समाजसेवियों द्वारा दोनों पदाधिकारियों को बुक्के और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वही उपहार देकर पवन कुमार महतो के विदाई दी गई। प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव द्वारा दोनों पदाधिकारी बधाई व शुभकामना देते हुए प्रखंड क्षेत्र को आगे बढ़ाने को लेकर विश्वाश दिलाया। कार्यक्रम में तत्कालीन प्रखंड सह सीओ पवन कुमार महतो ने कहा कि कैरो प्रखंड में काम करने का जो अनुभव रहा उसके अनुसार यहां के लोग बड़े ही मिलनसार व सहयोग के साथ काम करने का अवसर मिला है। कार्यक्रम में उप प्रमुख मधुलिका रानी, पूर्व उपप्रमुख दिलीप कुमार सिंह, शरत कुमार विद्यार्थी, नाजिर आलम खान, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी किशोर उरांव, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजीव कुमार, डॉ राकेश कुमार, डॉ अनिल कुमार, सुमित्रा उरांव, सुमन उरांव, अमन शिखर, अमित कुमार, परवेज आलम, लाल अविनाश नाथ शाहदेव, परवीन साहू, प्रखंड कर्मी, सहित गण्यमान लोग मौजूद थे।

## वित मंत्री और राज्यसभा सांसद ने विकास के लिए जतायी प्रतिबद्धता



लोहरदगा। राज्य की वित मंत्री सह स्थानीय विधायक डॉ रामेश्वर उरांव, राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू और जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी के द्वारा गुरूवार को ग्रामीण कार्य विभाग के मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना की कुल 17 नये पथों का शिलान्यास और तीन उच्च स्तरीय पुलों का शिलान्यास नगर भवन, लोहरदगा के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में किया गया। मौके पर वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि जिले में विकास योजनाओ में तेजी लाने के लिए वो लगातार कार्य कर रहे है। इसी क्रम में 17 नये पथों की निर्माण जिसकी कुल लंबाई 25.470 किमी है। जिसका निर्माण लगभग 23 करोड़ 91 लाख रुपए और 26 पुराने पथों का सुदृढ़िकरण जिसकी कुल लंबाई 72.71 किमी है 38 करोड़ 02.76 लाख रुपए की लागत से पूर्ण किया जाएगा। वही ग्रामीण कार्य विशेष प्रमण्डल की ओर से कोयल नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण 7 करोड़ 28.768 लाख रुपए, चारागादी नदी पर 2 करोड़ 87.692 लाख रुपये और भुजनिया नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण 4 करोड़ 43.222 लाख रुपए की लागत से होगा। इस मौके पर उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, रोहित उरांव, कार्यपालक अभियंता आरईओ व अन्य उपस्थित थे।

### महाशिवरात्रि पर होगी 21 हजार महामृत्युंजय मंत्र का सामूहिक जाप एवं वैदिक यज्ञ

लोहरदगा। स्थानीय अखौरी कॉलोनी स्थित सिद्धिविनायक शिव मंदिर में 08 मार्च को महाशिवरात्रि के मौके पर 21 हजार महामृत्युंजय मंत्र का सामूहिक जाप एवं वैदिक यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन युवा विद्वान डॉ अशोक आचार्य की अगुवाई में संचालित होगी। उक्त जानकारी देते हुए डॉ अशोक आचार्य ने बताया कि महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिव जी के कृपा प्राप्त करने के लिए महादेव के प्रिय मंत्र महामृत्युंजय मंत्र का 21 हजार सामूहिक जाप करने का अवसर प्राप्त करें एवं जाप के साथ महामृत्युंजय मंत्र के द्वारा हवन आहुति भी प्रदान किया जाएगा। इस सामूहिक अनुष्ठान में कोई भी आकर जाप में भाग ले सकते हैं एवं आहुति देकर आध्यात्मिक उन्नति एवं सुख शांति की प्रार्थना कर सकते है। यह पवित्र कार्य का आयोजन समस्त अखोरी कॉलोनी वासी मिलकर संपन्न करायेगे। आयोजकों के तरफ से पूणार्हुति के बाद भंडारा एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## चुनावी बांड मामले में देर किये जाने को लेकर एसबीआइ शाखा गुमला के सामने कांग्रेसियों ने दिया धरना

भाजपा की वितीय अनियमितताओं व काले धन के स्रोत को छिपाने का चल रहा है प्रयासः चैतु

खबर मंत्र संवाददाता



गुमला। चुनावी बांड मामले में देर किये जाने को लेकर एसबीआई शाखा पालकोट रोड के सामने गुरूवार को कांग्रेसियों ने जिलाध्यक्ष चैतु उरांव के नेतृत्व में धरना दिया। मौके पर चैतु उरांव ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में भाजपा की चुनावी बांड योजना को असंवैधानिक मानते हुए उस पर रोक लगा दी है। अदालत ने राजनीतिक दलों को इस योजना के तहत प्राप्त दान का खुलासा करने का निर्देश दिया था। साथ ही भारतीय स्टेट बैंक को चुनावी चंदे की पूरी जानकारी 6 मार्च से पहले सार्वजनिक करने और चुनाव आयोग को सौंपने का भी निर्देश दिया था। चुनावी बांड योजना की प्राथमिक लाभार्थी होने के नाते सत्तारूढ़ भाजपा को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्पष्ट रूप से भाजपा दानदाताओं के बारे में जानकारी सार्वजनिक होने के बाद चुनिंदा कॉरपोरेट्स के साथ अपने संबंधों के संभावित जोखिम को लेकर चिंतित हैं। यह स्पष्ट रूप से प्रतीत होता है कि मोदी सरकार ने भारतीय स्टेट बैंक पर जानकारी साझा न करने का दबाव डाला है। एसबीआई ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एक आवेदन दायर विवरण साझा करने के लिए 30 जून तक विस्तार की मांग की गई। जैसा कि आप जानते हैं, चुनावी बांड की विवरण साझा करने में देरी संदिग्ध है। क्योंकि देश के सबसे बड़े और पूरी तरह से कम्प्यूटरीकृत बैंक को चुनावी बांड के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए पांच महीने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। इससे यह पता चलता है कि एसबीआई का इस्तेमाल बीजेपी की वित्तीय अनियमितताओं और काले धन के स्रोत को छिपाने के लिए किया जा रहा है। देश की जनता यह जान चुकी है कि किस तरह सरकारी एजेंसियों और संस्था पर दबाव डालकर सच्चाई को छुपाया जा रहा है। इस अवसर पर आशिक अंसारी, हांदु भगत, खालिद साह, राम निवास प्रसाद, गुलाम सरवर, तरुण गोप, साहेब वंशीम, राजीव रंजन महतो, संजय गोप, मो सदाब, सोमा लकड़ा, रामकिशुन बड़ाईक, ज्योति लकड़ा, करमचंद उरांव और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मतदान प्रतिशत वृद्धि के लिए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदान प्रतिशत में वृद्धि के लिए गुरवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के थीम पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन जिला स्तर पर किया गया।

मौके पर समाहरणालय परिसर से एक जागरूकता रथ को उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा हरी झंडी दिखायी रवाना किया गया। जागरूकता रथ के जरिये ऑडियो के माध्यम से मतदान हेतु अपील की जाएगी। मौके पर उप विकास आयुक्त द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित जेएसएलपीएस सखी मंडल की दीदीयों, आंगनवाड़ी सेविकाओं और गैर सरकारी संगठन की महिला सदस्यों को मतदान की शपथ दिलायी गई। उप विकास आयुक्त के नेतृत्व में समाहरणालय परिसर में मतदान हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

इसमें अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, जेएसएलपीएस डीपीएम अनीता केरकेट्टा समेत अन्य पदाधिकारी व कर्मी शामिल थे। मौके पर शहरी क्षेत्र में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली समाहरणालय परिसर से प्रारंभ होकर मैना बगीचा, पावरगंज चौक, पुनः मैना बगीचा होते हुए समाहरणालय परिसर में संपन्न हुई। रैली के दौरान रैली में शामिल जेएसएलपीएस सखी मंडल की दीदीयों, आंगनवाड़ी सेविकाओं और गैर सरकारी संगठन की महिला सदस्यों द्वारा आगामी निर्वाचन में मतदान करने की अपील मतदाताओं से की गई।

स्पीड न्यूज

## ढिबरा लदा ट्रक के साथ चालक व उपचालक गिरफ्तार



**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-गिरीडीह मुख्य मार्ग स्थित थाना भवन के समीप से गुरुवार की सुबह पुलिस गस्ती दल ने ढिबरा लदा एक ट्रक को जब्त किया है। साथ ही चालक अनुप यादव व उपचालक लव कुश कुमार को हिरासत में लिया है। दोनों की पहचान बिहार के रजौली थाना क्षेत्र के ग्राम सिमरकोल निवासी के रुप में की गयी है। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक गिरीडीह के पचम्बा से ढिबरा लोड कर आ रही थी। जिसकी गुप्त सूचना पुलिस को मिली थी। इसी दौरान ट्रक को थाना के समीप आते देख रुकवाया। पुलिस ने वाहन में ढिबरा लड़ा देख जब्त कर लिया तथा अग्रेसित कार्रवाई के लिए वाहन को सुरक्षित रखा गया है। ट्रक में रखे ढिबरा की कीमत लगभग लाखों में बताई जाती है। गस्ती दल में थाना प्रभारी नितेश शर्मा के अलावे पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## डॉ. नीरा यादव ने दो तालाबों के गहरीकरण कार्य व जीर्णोद्धार का किया शिलान्यास



**कोडरमा।** गुरुवार को लघु सिंचाई प्रमंडल के द्वारा कार्यान्वित एवं कोडरमा विधायक डॉ.नीरा यादव द्वारा अनुशंसित दो तालाबों के जीर्णोद्धार योजनाओं का शिलान्यास किया गया। जिसमें कोडरमा प्रखंड अंतर्गत ग्राम रतिथमाई में संतावन लाख चार हज़ार एक सौ रुपए की एकरारित लागत से रतिथमाई आहर का जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव ने विधि विधान से पूजा कर एवं नारियल फोड़कर संपन्न किया। इसके बाद कोडरमा प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत लोकाई में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के निकट आठ लाख पांच हज़ार नौ सौ रूपए की एकरारित लागत से तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का भी शिलान्यास किया। वहीं डॉ.नीरा यादव ने कहा कि इसी तरह विकास का कार्य अनवरत लगातार जारी रहेगा। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि विधायक डॉ.नीरा यादव जनहित मांगों को हमेशा पूरा करती आ रही है इससे ग्रामीणों में उत्साह नजर आ रहा था। मौके पर सतीश कुमार, शैलेश कुमार, संजीव यादव, महेश यादव, प्रवीण पाण्डेय, गोपाल यादव, रंजीत सिंह, भगवान दास, सुभाष मोदी, मनोज मोदी, विजय यादव, राजेश यादव, गौतम बर्णवाल, अशोक यादव, विनोद साव, मनोज साव समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**मरकच्चो (कोडरमा)।** नेहरू युवा केंद्र द्वारा मरकच्चो प्रखंड के दशारो पंचायत में बुवार को प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें फुटबॉल, वॉलीबाल एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच दशारो बनाम कुशाहन के बीच खेला गया, जिसमें दशारो की टीन 2-1 से विजयी रही। वहीं वॉलीबॉल प्रतियोगिता में दशारों व कुशाहन की टीम के बीच फाइनल मैच खेला गया, जिसमें दशारो की टीम विजय रही। वहीं कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मैच कुशाहना बनाम दशारो के बीच खेला गया, जिसमें कुशाहना की टीम विजय रही।

## ट्रेन की चपेट मे आने से दंपत्ति जोड़ी की मौत

**कोडरमा।** रेल थाना क्षेत्र के पोल संख्या 393/6 अप लाइन के निकट ट्रेन की चपेट मे आने से एक दाम्पत्य जोड़ी की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक पति पत्नी की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। घटना देर शाम 6:30 बजे की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुराना फाटक के निकट पति पत्नी के बिच कुछ बातों को लेकर आपसी विवाद हो गई, इसी बीच दोनों ट्रेन के आगे कूद पड़े और अपने जीवन लीला को समाप्त कर ली। मिली जानकारी के अनुसार पत्नी का शव पुराना फाटक के पास मिला, जब की पति का शव को ट्रेन ने घसीटे हुए कोडरमा रेलवे स्टेशन से लगभग तीन किलोमीटर दुर आइबीएच के पास छोड़ा । वही मामले की गंभीरता से लेते हुए जीआरपी पता लगाने में जुटी है की मामला घटना है या आत्महत्या।

# युवती की हत्या कर शव को दफनाये जाने के संदेह पर पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया

### युवती के माता-पिता ने बताया फांसी लगाकर की आत्महत्या

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** हंटरगंज के पांडेपुरा पंचायत के पचमो गांव के मंहगु पहाड़ से गुरुवार को पुलिस ने एक युवती का शव बरामद किया है। मृतक युवती महेंद्र भुईया की 16 वर्षीय पुत्री सोनी कुमारी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी निखिल गौरव कमान कक्षयप और थाना प्रभारी सनोज चौधरी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटना से संबंधित जानकारी लिया मृतका के परिजनों के द्वारा पुलिस के पहुंचने से पहले ही शव को पहाड़ पर शव को दफना दिया गया था। जिसके बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी के निगरानी में युवती के शव को गड्ढ़े से बाहर निकाला गया और शव पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया गया। युवती के चेहरे पर मारपीट का निशान भी पाया गया है। जिससे संदेह जाहिर किया जा रहा हैं कि उसकी हत्या कर आनन फानन में शव को दफना दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि युवती की मौत स्पष्ट कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा। फिलहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच पड़ताल कर रही है। वहीं शव को आनंद-खनन में दफनाने में शामिल मृतका के पिता महेंद्र भुईया एवं सौतेली मां पुनीता देवी और इसमें शामिल अन्य लोगों को पुलिस थाना लाकर पूछताछ की कर रही है। मृतका की मां पुनीता देवी ने बताया कि बुधवार की शाम मेरे पति महेंद्र भुईया मछली लाए थे और बेटी को भूंजने के लिए दिए थे। इसी दौरान बेटी से तेल गिर गया जिसे लेकर पिता ने उसके साथ मारपीट कर दिया था। जिसके बाद गुस्से में घर से निकल गई थी। जिसके बाद से युवती की खोजबीन कि जा रही थी। खोजबीन के दौरान गुरुवार को घर से कुछ दूरी पर उसके शव को एक पेड़ में लटका हुआ पाया गया। उसके शव को उतार कर पुलिस केश होने के डर से शव को दफना देने की बात युवती की मां और पिता ने बताया है। पुलिस युवती की हत्या हुई है या उसने आत्महत्या की है इस बात का खुलासा करने में जुटी हुई है।

# कृषि विज्ञान केन्द्र में किसान मेला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



उद्घाटन करते एसी

**गढ़वा।** कृषि विज्ञान केन्द्र गढ़वा में किसान मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अपर समाहर्ता मतियस विजय टोप्पो ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता समेत अन्य उपस्थित पदाधिकारियों को कृषि महाविद्यालय की छात्राओं ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

राष्ट्रगान के साथ कृषि मेला का शुभारंभ किया गया। वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान कृषि विज्ञान केंद्र डॉ. अशोक कुमार ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम में अपर समाहर्ता समेत सभी का स्वागत किया। प्रदर्शनी में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही अच्छे स्टॉल के आयोजन को लेकर भी पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। मौके पर एसी ने कहा कि कृषि मेले में आकर बहुत खुशी महसूस हो रही है। यहां प्रदर्शनी में लगाए गए फसलों को देख काफी अच्छा लगा है। आप सभी किसान काफी मेहनती है, इसी प्रकार से आप कृषि विभाग से मिलने वाले सभी योजनाओं का लाभ लें एवं खूब तरक्की करें।

उन्होंने सभी किसानों से अनुरोध किया कि यहां लगे विभिन्न स्टॉल में जाकर आप महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करें। जिससे आपको खेती में सहयोग मिल सके।

## आठवें दिन अखंड हरी कीर्तन, हवन आरती एवं संध्या कथा प्रवचन का आयोजन

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर के यदुटांड़ स्थित गौशाला परिसर के समीप श्री श्री 1008 श्री देवी प्राण प्रतिष्ठा नव दिवसीय शतचंडी महायज्ञ सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आठवें दिन अखंड हरी कीर्तन, हवन आरती एवं संध्या कथा प्रवचन का आयोजन किया गया। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल हुए। वहीं यज्ञ मंडप के समीप सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भक्त परिक्रमा में शामिल हुए। वहीं वाराणसी से आए पंडित राम कुमार शास्त्री जी ने मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कराई। इधर कार्यक्रम को लेकर भक्ति का माहौल देखने को मिल रहा है। वहीं उज्जैन से आई कथा वाचिक प्रभु प्रिया जी रामायणी ने कथा प्रवचन किया।

### सेक्रेड हार्ट स्कूल के छात्रों ने अंतरराष्ट्रीय साइंस ओलंपियाड में

# रैंक एक लाकर स्कूल व देश का किया नाम रौशन

खबर मन्त्र संवाददाता




**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल के छात्रों ने साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान ओलंपियाड में अंतरराष्ट्रीय रैंक एक लाकर स्कूल व देश का नाम रौशन किया। अंतरराष्ट्रीय सामाजिक अययन ओलंपियाड साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया था, इसमें सेक्रेड हार्ट स्कूल के कुल 21 छात्रों को पुरस्कार मिला। वहीं कक्षा दसवीं के छात्र पीयूष कुमार को अंतरराष्ट्रीय रैंक एक प्राप्त हुआ। साथ ही एक हजार रुपये नगद पुरस्कार के अलावा इंटरनेशनल गोल्ड मेडल, सर्टिफिकेट, आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस के लिए गोल्ड मेडल मिला। जबकि आनंद यादव को अंतरराष्ट्रीय रैंक पांच प्राप्त हुआ। साथ ही ढाई हजार रुपया का नगद पुरस्कार, जोनल के लिए गोल्ड मेडल व सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है। वहीं दसवीं के छात्र संजीव कुमार को विशिष्टता का प्रमाण पत्र, क्षेत्रीय उत्कृष्टता का प्रमाण-पत्र के साथ गोल्ड मेडल और सर्टिफिकेट मिला। वहीं क्लास 8 के छात्र सौरभ रंजन, दसवीं की छात्रा मेघा सिंह एवं कौशांबी मालवा को उत्कृष्टता का स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन

**कोडरमा।** प्रखंड के इंदरवा पंचायत भवन परिसर में हैंड इन हैंड इंडिया के तत्वावधान में पंचायत के महिला स्वयं सहायता समूह के महिलाओं के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पंचायत की मुखिया उमा देवी, विशिष्ट अतिथि संसस ललिता देवी, उच्च विद्यालय इंदरवा की अध्यक्ष पूनम देवी, हैंड इन हैंड इंडिया के सहायक परियोजना प्रबंधक तुलसी कुमार साव आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उमा देवी ने कहा कि हमें अपने हक अधिकारों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना पड़ेगा।

## रुद्र महायज्ञ का सातवां वार्षिकोत्सव कलश यात्रा के साथ हुआ शुभारंभ

**चतरा।** प्रतापपुर थाना क्षेत्र के भरही पंचायत अंतर्गत आने वाले राजपुर गांव के श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर परिसर में बुधवार को पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ का सातवा वार्षिकोत्सव शुरू हुआ। आयोजकों की तरफ से क्षेत्र में कलश यात्रा निकाली गई।मंगलवार की सुबह आयोजन समिति से जुड़े लोग मंदिर परिसर में एकत्र हुए। जहां जय श्रीराम के जयघोष से क्षेत्र में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा राजपुर, रबदा होते हुए भरही मोरहर नदी के घाट पहुंची। जहां यज्ञाचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भरवाया। इसके बाद कलश यात्रा पुनः उसी गांव होते यज्ञ मंडप पहुंची। आचार्य आनंद दास जी महाराज ने विधि-विधान से कलश की पूजन कर यज्ञ मंडप में स्थापित कराया। इसके बाद पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ का सातवा वार्षिकोत्सव शुरू हुआ।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले भर में चलाया जा रहा है मतदाता जागरूकता अभियान

### मेंहदी, रंगोली, पेंटिंग, स्टोरी लेखन समेत कराएं जा रहे हैं अन्य प्रतियोगिता



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** गुरुवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता को जागरूक करने हेतु जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अलग अलग तरह के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गुरुवार को प्रतापपुर प्रखंड के बैंक ऑफ इंडिया ब्रांच में जिला अग्रणी प्रबंधक देवब्रत शर्मा द्वारा मतदाताओं को मतदाता शपथ दिलाया गया।

प्रतापपुर प्रखंड के पंचायत ग्राम पीरी में मतदाताओं को बैनर पोस्ट के माध्यम से जागरूक करने का कार्य किया गया। साथी ही जागरूकता टीम के द्वारा मतदाताओं से निष्पक्ष एवं भयमुक्त होकर चुनाव के दिन मतदान केंद्र पर पहुंच अपना मत का प्रयोग करने हेतु अपील की गई और सभी मतदाताओं के बीच अबकी बार 80 प्रतिशत पार का भी नारा लगाया गया। हंटरगंज प्रखंड समेत अन्य प्रखंडों में भी मेहंदी प्रतियोगिता, रंगोली, पेंटिंग, मतदाता शपथ, रैली के अलावे अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु खूंटीकेवाल खुर्द पंचायत अंतर्गत विभिन्न गांवो में आज दिव्यांग मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसका नेतृत्व दिव्यांग ब्रांड एम्बेसडर कवि सुचित कुमार वियोगी ने किया, उन्होंने सभी से अपील किया कि निर्भीक होकर अपना मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें । लोभ और लालच में किसी को नहीं पड़ना है और एक सही, शिक्षित सुयोग्य समाजसेवी उम्मीदवार का चयन करना है तभी समावेशी समाज का विकास संभव है।

# पुलिस ने किया 800 किलो अफीम की फसल नष्ट, दस लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता



जांच करती पुलिस

**मझिआंव।** एसपी दीपक कुमार पाण्डेय के निर्देश पर डीएसपी नीरज कुमार के नेतृत्व में मझिआंव थाना क्षेत्र अंतर्गत लगभग दो एकड़ में लगे अफीम की फसल को नष्ट किया गया। साथ ही पुलिस ने 800 किलो फसल को जप्त किया। वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह, थाना प्रभारी चन्दन प्रधान, एस आई संजय मुंडा, एएसआई आलोक कुमार, सशस्त्र पुलिस बल एवं चालक के साथ थाना क्षेत्र के जहरसराय गांव के मुख्य सड़क से लगभग आधा किलोमीटर दूर जंगल के समीप पहुंचे और दो जगह लगभग दो एकड़ में लगे अफीम की खेती को सभी पुलिस पदाधिकारी, सशस्त्र बल, चालक एवं लगभग ढेड़ दर्जन मजदुरों ने मिलकर अफीम की खेती को विनष्ट किया। वहीं लगभग तैयार दो ट्रैक्टर फसल को जप्त कर थाना लाया गया। जप्त अफीम की फसल को बोरी में पैकिंग किया गया और वजन कर 800 किलो फसल को जप्त किया गया। इधर लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है कि मझिआंव में भी इस तरह नसे का खेती किया जा रहा है और पुलिस प्रशासन को भनक तक नहीं लगी। इस संबंध में डीएसपी ने कहा कि अफीम की खेती को नष्ट किया गया है और 800 किलो फसल को भी जप्त किया गया है। उन्होंने कहा कि खेती करने वाले 10 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया गया है। प्रभारी थाना प्रभारी चंदन प्रधान ने बताया कि थाना कांड संख्या 17/24 के तहत प्राथमिक दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**कोडरमा।** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में गुरुवार को महाविद्यालय के एनएसएस प्रभारी मो. सेराज के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान बीएड प्रशिक्षुओं द्वारा आस-पास के ग्रामों में घर-घर जाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया एवं मतदान के महत्व को बताया। इससे पूर्व महाविद्यालय परिसर में लोगों ने मतदान के अधिकारों की शपथ ली। वहीं प्राचार्या डॉ. लक्ष्मी सरकार ने मतदाताओं को उनके वोट के अधिकार बताकर मत का प्रयोग करने का आग्रह किया।

एक नजर में

## महाशिवरात्रि महोत्सव का उद्घाटन आज

खबर मन्त्र संवाददाता




**कोडरमा।** महाशिवरात्रि के मौके पर ध्वजाधारीधाम में आयोजित होने वाले दो दिवसीय महाशिवरात्रि मेले का आगाज शुक्रवार से शुरु हो गया। इसे लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। पूरे पहाड़ परिसर और मुख्य द्वार तथा पहाड़ की चोटी तक साफ-सफाई के साथ आकर्षक विद्युत व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। महाशिवरात्रि महोत्सव का उद्घाटन आज पूर्वाह्न 10 बजे ध्वजाधारी धाम के मुख्य महंत महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज करेंगे। दो दिवसीय महोत्सव के पहले दिन रात्रि में देवाधिदेव भगवान महादेव और माता पार्वती का विवाह कार्यक्रम पुरोहित मुकेश पांडेय से संपन्न कराया जायेगा। इसके पूर्व भगवान महादेव की बारात निकाली जायेगी। विवाह उपरांत भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना कर शिवभक्त 777 सीढ़ियां चढ़ कर पहाड़ की चोटी पर अवस्थित शिवलिंग का जलाभिषेक करेंगे, जो अगले दिन तक जारी रहेगा। एक अनुमान के अनुसार कोडरमा के अलावा हजारीबाग, चतरा, गिरिडीह और बिहार राज्य के सीमावती जिला नवादा और गया से एक लाख से अधिक शिवभक्त दो दिवसीय महोत्सव के दौरान ध्वजाधारीधाम पहुंचेंगे।

**सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेगा महोत्सव :** दो दिवसीय महोत्सव के दौरान ध्वजाधारीधाम में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पहाड़ परिसर से लेकर पहाड़ की चोटी तक सुरक्षा व्यवस्था का चाक चौबंद रखी गयी है। साथ ही पहाड़ एवं आसपास के मंदिरों व प्रवेश द्वार पर दो दर्जन से अधिक सीसीटीवी कैमरा को दुरुस्त किया गया है, इसके अलावा महिला एवं पुरुष बल की तैनाती की गई है।

धाम के मुख्य महंथ महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज ने कहा कि देवों के देव महादेव को शिवरात्रि बेहद प्रिय है। इस दिन जो भक्त सच्चे मन से भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करते हैं, उनकी मनोकामनाएं पूरी होती है। वहीं उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि के मौके पर भक्तों की उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के हर संभव उपाय किये गये हैं।

## प्रो.महादेव लाल श्रॉफ की जयंती पर राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस का आयोजन



कुलाधिपति का स्वागत करते प्राध्यापक

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित फार्मेसी कलेज में प्रो. महादेव लाल श्राफ की 122वीं जयंती पर राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलाापिति दिनेश प्रसाद सिंह, कुलपति प्रो.एमके सिंह, प्राचार्य प्रो. मनीष दुबे, डॉ. सुनीता गुप्ता, डॉ. आरके मिश्रा, एसके ओझा आदि ने मां सरस्वती एवं बाबा अवधूत राम के चित्र पर दीप प्रज्जवलित एवं पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा खूबसूरत रंगोली बनाई गई। जिसे प्राध्यापक नेहा दुबे के मार्गदर्शन में प्रस्तुत किया गया। मौके पर कुलाधिपति श्री सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने विषय का अध्ययन गहराई से करना चाहिए। हम विद्यार्थियों के उत्थान के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। इस दौरान कुलपति ने पीपीटी के माध्यम से भारत में फार्मेसी शिक्षा के निर्माण में महान भूमिका निभाने वाले प्रोफेसर श्राफ के विचारों को प्रस्तुत किया।

साथ ही लेवेराजिंग सिनर्जीस्म इंडस्ट्री ऐकडेमिया पार्टनरशिप फोर इंप्लीमेंटेशन ऑफ नेशनल एजुकेशन पलिसी 2020 को विस्तृत रूप से प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि प्रो. महादेव लाल श्राफ भारत में फार्मेसी शिक्षा के जनक हैं और उनके प्रयासों से ही भारत में विभिन्न स्थानों पर फार्मेसी शिक्षा का प्रचार हुआ। मौके पर राहुल कुमार, रोहित गुप्ता, शशि भूषण, आनंद गुप्ता, उर्मी गांगुली, विशाल, पीयूष, साक्षी, प्रियंका, दीपिका, सुनील, सोनू, फैजल, कामना, कोमल गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## दिनेश कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या कार्यक्रम आयोजित



कार्यक्रम में उपस्थित प्राध्यापक व प्रशिक्षु

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सभागार कक्ष में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुनीता गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित एवं पुष्प अर्पित कर किया।

मौके पर प्राचार्या ने कहा कि महिलाएं विश्व की आधी आबादी का हिस्सा है, यह किसी मामले में पुरुषों से कम नहीं है। समाज की प्रगति में जितना योगदान पुरुषों का है, उतना महिलाओं का भी है। महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया जाता है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 2024 की थीम इंस्पायर इंक्लूजन रखा है जिसका अर्थ है एक ऐसी दुनिया जहां हर किसी को बराबर का हक और सम्मान मिले। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. आशुतोष मिश्रा ने कहा कि लड़कियां पैदा नहीं होती, बल्कि बनाई जाती है।

इस दौरान जनार्दन शुक्ला, अभिमन्यु शुक्ला, मनोज कुमार गुप्ता, आनंद कुमार चौबे ने भी विचार व्यक्त किया। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह, कुलपति डॉ. एमके सिंह, कुल सचिव डॉ. लल्लन सिंह, अरविंद तिवारी, आनंद कुमार चौबे, शशिकांत सिंह यादव, सुधीर दुबे, बीएन सिंह, रामलाल, चंदन, अंजली, प्रियंका, शालू, सोनी, अमीषा, अंजली कुमारी आदि उपस्थित थी।

## स्पीड न्यूज

### महाशिवरात्रि को लेकर चंदवा पुलिस ने किया फ्लैग मार्च


फ्लैग मार्च मे पुलिस।

**चंदवा।** महाशिवरात्रि त्योहार के दौरान क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण वातावरण कायम करने के उद्देश्य से लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निर्देशन में चंदवा पुलिस के द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च की शुरूआत चंदवा थाना परिसर से हुई जो गैरेज लेन, मुख्य बाजार, सुभाष चौक, कंचन नगरी होते इंदिरा गांधी चौक पहुंची, इसके पश्चात थाना पहुंचकर फ्लैग मार्च समाप्त हो गयी। इस दौरान प्रशासन ने आम जनों से क्षेत्र की शांति व्यवस्था कायम रखने में सहयोग करने व आपसी भाईचारगी के साथ त्योहार मनाने की अपील की। फ्लैग मार्च में पुअनि शशि रंजन यादव, रविन्द्र सिंह, सअनि महादेव उरांव, सुरेश सिंह समेत चंदवा पुलिस व विभिन्न पिकेट के जवान शामिल थे।

### राजद का पंचायत स्तरीय सम्मान समारोह सह पंचायत सम्मेलन 10 को

**चंदवा।** राष्ट्रीय जनता दल का पंचायत स्तरीय सम्मान समारोह सह पंचायत सम्मेलन 10 मार्च रविवार की सुबह 10:00 बजे से स्थानीय दुबे जी का गोला स्थित होटल परिसर में सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। राजद के प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सम्मेलन में प्रखंड के सभी 17 पंचायत से पंचायत अध्यक्ष व कमेटी के सदस्य पहुंचेंगे। लातेहार जिला के सभी प्रखंड के पदाधिकारी राष्ट्रीय जनता दल के मंच मोर्चा के पदधारी भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजद जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव मौजूद रहेंगे। सम्मेलन के माध्यम से पंचायत में बेहतर कार्य करने वाले पंचायत अध्यक्ष एवं कमेटी को सम्मानित भी किया जाएगा साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन के तहत राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी देने की मांग इंडी गठबंधन से की जाएगी। यहां लिए गए निर्णय को महागठबंधन के प्रदेश स्तरीय नेताओं तक पहुंचाया जाएगा। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए जिला उपाध्यक्ष रशीद खान प्रखंड महासचिव तपवन यादव समेत प्रखंड कमेटी तन्मयता के साथ कार्य में लगी है। उन्होंने सभी राजद कार्यकताओं को इस कार्यक्रम में उपस्थित रहने की अपील की है।

### महाशिवरात्रि पर्व मनाने को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च


फ्लैग मार्च निकालती पुलिस।

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस प्रशासन ने महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्वक मनाने को लेकर गुरुवार को फ्लैग मार्च निकाला। फ्लेग मार्च बालूमाथ थाना परिसर से आरंभ होकर दुर्गा मंडप, गालिब कॉलोनी, जमा मस्जिद, भामाशाह नगर, मुरपा मोड, होते हुए कई टोलो-मुहला होते हुवे पुनः बालूमाथ थाना परिसर पहुंचा। बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्वक मनाने को लेकर यह फ्लैग मार्च निकाला गया है उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि महाशिवरात्रि पर्व शांतिपूर्वक मनावे एवं किसी भी शरारती तत्व द्वारा किसी भी प्रकार का कोई कार्य किया जाता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को दें। बालूमाथ पुलिस प्रशासन सदैव आपकी सेवा में तत्पर है। इस मौके पर बालूमाथ अंचलाअधिकारी तृप्ति विजया कुजूर, बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उराव समेत बालूमाथ थाना के कई अधिकारी व पुलिस के बल के जवान शामिल थे।

### उपवन आवासीय विद्यालय का राजद प्रखंड अध्यक्ष ने फीता काटकर किया शुभारंभ


शुभारंभ करते हुए।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत टमटम टोला में उपवन आवासीय विद्यालय का उदघाटन राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रितलाल यादव ने फीता काट कर किया।इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए प्रितलाल यादव ने कहा की आज के समय में शिक्षा ही सबसे बड़ा पूंजी है। सभी लोगों को अपने बच्चों को शिक्षित करने की आवश्यकता है। विद्यालय के निर्देशक अजय कुमार गुप्ता ने बताया की बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के उद्देश्य से यह विद्यालय का शुभारंभ किया गया है। बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ अनुशासित बनाना प्रथम लक्ष्य है। इस विद्यालय में नवोदय, नेतरहाट, सैनिक स्कूल की तैयारी कराई जाएगी। इस मौके पर राजद नेता सुरेश राम, दलित प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष तुलसी राम, राजद प्रखंड कोषाध्यक्ष राजेश कुमार रजक, प्रखंड कार्यकारिणी सदस्य रामकुमार यादव, विजय यादव, जगतनारायण यादव, दसरथ यादव, सतेंद्र यादव, सुरेश यादव, रामेंद्र यादव के अलावे विद्यालय प्रबंधन के कई लोग उपस्थित थे।

विधायक ने नवनिर्मित पार्क का किया उदघाटन, कहा आधुनिक सुविधाओं से किया जायेगा लैस

# लातेहार विधानसभा क्षेत्र विकास की नई कीर्तिमान स्थापित करेगा : बैद्यनाथ राम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार रेलवे स्टेशन के समीप वार्ड नंबर 04 अंतर्गत धोबी मुहल्ला में 15 वें वित्त मद अन्तर्गत तालाब सौंदर्यीकरण सह नवनिर्मित पार्क का उद्घाटन लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम जी के हाथों किया गया।जिसके पश्चात विधायक ने पार्क का भ्रमण भी किए वही इसे आने वाले दिनों में और भी विकसित करवाने की बात कही। उन्होंने बताया की इस पार्क को हरा भरा बनाने के साथ-साथ आधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है। मुहल्ले के बीचों बीच इस पार्क


उद्घाटन करते विधायक व अन्य।

के बनने से खासकर बच्चों और महिलाओं को काफी सुविधा मिलेगी। शहरवासियों के लिए यह अच्छी पहल है। विधायक ने आगे कहा कि पार्क में आने वाले समय में विधायक मद से शौचालय का भी निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार शहरी क्षेत्र के साथ ग्रामीणों क्षेत्रों में भी ज्यादा फोकस कर रही है। लगातार विकास के कार्य कराए जा रहें है। आने वाले समय में लातेहार विधानसभा क्षेत्र विकास की नई कृतिमान स्थापित करेगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, सांसद प्रतिनिधि विनीत मधुकर, पूर्व नगर अध्यक्ष सुशील अग्रवाल, सीतामणी तिर्की, सरयू प्रसाद सिंह, असीम कु. बाघ, ललित पाण्डेय, प्रशासक राजीव रंजन, पंकज तिवारी, शत्रुघन प्रसाद, महेन्द्र प्रसाद, विशाल शर्मा, पवन गुप्ता, युवा नेता अंकित पाण्डेय, अमरजीत सिंह, अनिल सिंह, चन्दन कुमार, दीपक कुमार और आनन्द पासवान उपस्थित थे।

### 103 छात्र-छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र का किया गया वितरण


प्रमाण पत्र के साथ विद्यालय के छात्र -छात्राएं।

**बरवाडीह।** गुरुवार को प्रखण्ड मुख्यालय के प्लस टू उच्च विद्यालय के परिसर में पिछले लंबे समय से चल रहे स्कूली छात्र-छात्राओं के व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने वाले 103 छात्र-छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र वितरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रमाण पत्र वितरण समारोह कार्यक्रम की शुरूआत स्कूली छात्राओं के द्वारा पारंपरिक गीतों के माध्यम से स्कूल की प्रधानाध्यापिका सुनीता खलको और अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया। वही इस दौरान स्कूल की प्रधानाध्यापिका सुनीता खलको, अरशद अंसारी, प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार और अन्य शिक्षा कर्मियों के द्वारा बारी-बारी से सभी छात्र-छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। वही प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को प्रधानाध्यापिका सुनीता के द्वारा शुभकामनाएं देते हुए उनके बेहतर भविष्य के लिए मार्गदर्शन भी दिया गया ताकि वह सभी भविष्य में अपने पैरों पर खड़ा हो सके।

अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर शांति निकेतन पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## आज महिलाएं हर क्षेत्र में लहरा रही है कामयाबी का परचम : डॉ. पवन कुमार

- डायरेक्टर डॉ.पवन कुमार ने विद्यालय की शिक्षिकाओं व अन्य महिला कर्मियों को किया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**


शिक्षिकाओं को उपहार भेंटकर सम्मानित करते निदेशक।

**बरवाडीह।** शहर में संचालित शांति निकेतन पब्लिक स्कूल के निदेशक डॉक्टर पवन कुमार ने गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर विद्यालय की शिक्षिकाओं और अन्य महिला कर्मियों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें उपहार भेंट कर सम्मानित किया। डॉ.पवन कुमार ने बताया कि 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में प्रत्येक वर्ष स्कूल परिवार के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, परंतु 8 मार्च को महाशिवरात्रि के अवकाश के कारण एक दिन पूर्व इस समारोह का आयोजन कर सभी महिला कर्मियों को सम्मान देते हुए उनके कार्यों को लेकर हौसला बढ़ाने का कार्य किया गया ताकि सभी महिला कर्मी खुद को अकेला नहीं बल्कि मजबूत समझे और उनसे अन्य महिलाएं भी प्रेरित हो। उन्होंने कहा कि आज नारी अपने साहस के बल पर पूरे आत्म विश्वास के साथ हर क्षेत्र में कामयाबी का परचम लहरा रही है। वहीं सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान निदेशक डॉ.पवन कुमार के साथ-साथ प्रिंसिपल एचएस स्वाधीन कुमार पाल ने स्कूल की महिला शिक्षाकर्मी अर्चना कुमारी, संध्या कण्डुलना, फातिमा परवीन, नेहा परवीन, नगमा तरन्नुम, रेखा अग्रवाल, सोनी कुमारी, रूपा वर्मा, सुप्रिया कुमारी, रानी सिंह और श्वेता सिंह समेत अन्य महिला कर्मियों को बारी-बारी से सम्मानित किया। इस दौरान मौके पर शिक्षक संतोष गुप्ता, राजेश कुमार झा, फिरोज अहमद, विनोद प्रसाद, टिंकू खान और नवीन कुमार समेत अन्य शिक्षक मौजूद थे।

## अराजकता फैलाने वाले असमाजिक तत्वों पर होगी ठोस कारवाई : वेंकेटेश कुमार

- महाशिवरात्रि पर शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस अलर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**


फ्लैग मार्च करते बरवाडीह पुलिस व पदाधिकारी।

**बरवाडीह।** महाशिवरात्रि त्यौहार के मद्देनजर बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत मुख्य बाजार, सरईडीह, कुटमु, पोखरी और बेतला समेत अन्य इलाकों में गुरुवार को पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाल कर शांति संदेश देने का काम किया गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व कर रहे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वेंकेटेश कुमार, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज, सर्किल इंस्पेक्टर संजय कुमार गुप्ता, थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार और अंचल निरीक्षक सुरेश राम ने पैदल भ्रमण करते हुए लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने की अपील की। इस दौरान अफसरों ने शहर की सकरी गलियों में पैदल भ्रमण कर शहर की यातायात समेत अन्य व्यवस्थाओं पर भी ध्यान केंद्रित किया। वहीं गलियों में रूक-रूक कर लोगों से कहा कि पर्व के अवसर पर हुड़दंग कदापि बर्दाश्त नहीं नहीं किया जाएगा। महाशिवरात्रि को आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। आपलोग भी ऐसे लोगों पर नजर रखें। कहीं भी ऐसे लोगों को देखें तो इसकी सूचना शीघ्र थाने दें ताकि त्वरित कार्यवाई हो सके। उन्होंने अफवाह पर ध्यान नहीं देने बल्कि अफवाह फैलाने वालों के बारे में जानकारी देने की बात कही। एसडीपीओ वेंकेटेश कुमार ने कहा कि पर्व के दौरान अराजकता फैलाने वाले असमाजिक तत्वों पर ठोस कारवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च में पुअनि यकीन अंसारी, सअनि सुंदर उरांव, सअनि बिरेंद्र कुमार के साथ-साथ सशस्त्र बल, जिला पुलिस तथा आईआरबी के जवान मौजूद थे।

## बंदूआ निवासी करिश्मा सिंह का कनीय अभियंता के पद पर हुआ चयन

- जिले की पहली महिला अभियंता बनीं करिश्मा
- यह एक पड़ाव है, मंजिल नहीं : करिश्मा

**खबर मन्त्र संवाददाता**


करिश्मा सिंह।

**मनिका।** मनिका प्रखंड के बंदूआ पंचायत स्थित पुरनी पल्हेया निवासी करिश्मा सिंह, पिता स्व.राजेंद्र कुमार सिंह का झारखंड डिप्लोमा स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में कनीय अभियंता के पद पर चयन हुआ है। वहीं रांची में गुरुवार को मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, राज्यसभा सांसद महुआ मांझी ने संयुक्त रूप से करिश्मा सिंह को नियुक्ति पत्र दिया। करिश्मा जिले की पहली महिला कनीय अभियंता बनकर जिला समेत प्रखंड का नाम रौशन किया है। वहीं करिश्मा के कनीय अभियंता के चयन होने पर शहीद मैदान धुर्वा में लातेहार के पूर्व डीसी एवं स्कूली शिक्षक व साक्षरता विभाग के माध्यमिक निदेशक हिमांशु मोहन, झारखंड शिक्षा परियोजना पार्षद के निदेशक आदित्य रंजन, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी दीप्ति कुमारी, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, प्रशिक्षु डीएसपी सह मनिका थाना प्रभारी प्रदीप कुमार साव, बीडीओ मनोज तिवारी, सीओ संतोष कुमार शुक्ला, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार पाठक, समेत अन्यों ने बधाई दिया एवं उजव्वल भविष्य की कामना की।

दामोदर बचाओ आंदोलन के साथ सामाजिक कार्यो में योगदान के लिए रखते थे पहचान

# सामाजिक चिंतक सह दामोदर बचाओ आंदोलन के संयोजक प्रभाकर मिश्रा के निधन पर शोक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** दामोदर बचाओ आंदोलन के पलामू संयोजक, अभाविप कार्यकर्ता सह पूर्व पत्रकार प्रभाकर मिश्रा का निधन बुधवार की मध्यरात्रि बाद हो गया। प्रभाकर मिश्रा 51 वर्ष के थे व विगत कई महीनों से असाध्य कैंसर रोग से पीड़ित थे। प्रभाकर मिश्रा के निधन की सूचना के बाद चंदवा शहर में शोक की लहर दौड़ गई। विधायक वैद्यनाथ राम व सीओ जयशंकर पाठक समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के लोगो के साथ उनके शुभचिंतकों का तांता उनके सरोज नगर स्थित पैतृक आवास व देवनद तक मुक्ति धाम पर जमा हो गई। गुरुवार की दोपहर चंदवा देवनद दामोदर तट स्थित मुक्ति धाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। पुत्र अनिकेत मिश्रा ने पिता को मुखाग्नि दी। बता दें कि प्रभाकर मिश्रा विद्यार्थी जीवन से ही सामाजिक कार्यो में बढ़-चढ़ कर योगदान दे रहे थे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़कर


परिजनों को ढांढस बंधाते विधायक वैद्यनाथ राम।

सक्रिय राजनीति की शुरूआत करने के बाद काफी समय तक पत्रकारिता की व पिछड़े क्षेत्र में विद्यार्थियों के बीच शिक्षा का अलख जगाने का भी काम किया। इसके बाद वे भाजपा में सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में जुड़कर संगठन में दायित्व को भी निभाया। इसी दौरान जमशेदपुर के विधायक सरयू राय के सानिध्य में देवनद दामोदर बचाव आंदोलन से जुड़कर जल स्त्रोतों को सुरक्षित व संरक्षित करने की लड़ाई भी लड़ी। वर्तमान में वे दामोदर बचाओ आंदोलन के पलामू संयोजक, स्वदेशी जागरण मंच के सक्रिय कार्यकर्ता, मां उग्रतारा सेवा समिति व छठ पूजा समिति से भी जुड़े हुए थे। कई वर्षों तक दामोदर नदी के उदगम स्थल चूल्हा पानी जाकर कई कार्यक्रम करना, छठ पूजा के दौरान बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना, सांस्कृतिक कार्यों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ कई यादगार कार्य जो चंदवा वासियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। इसके साथ ही प्रभाकर मिश्रा एक बेहतर व्यवसाई भी थे, चंदवा में इंदिरा गांधी चौक के आगे रांची रोड में भगवती बाइक नामक एक हीरो बाइक का शो रूम है। ये अपने पीछे दो पुत्री व एक पुत्र और पत्नी को पीछे छोड़ गए है। इनके निधन पर पंडित गोविंद वल्लभ मिश्र, हरिनंदन दुबे, रामनाथ गुप्ता, प्रेम शंकर भगत, राजेश चन्द्र पांडेय, महेंद्र साहू, अमित कुमार गुप्ता, उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, रामयश पाठक, इंदुभूषण पाठक, सत्यवान सिंह, संतोष सिंह, राजू सिंह, रमेश प्रसाद, दिनेश प्रसाद, सुधीर प्रसाद, मो. जावेद, हाजी फिरोज अहमद, डॉ. शम्स रजा, राजेश शाही, मोहफिल खान, ब्रजेश पाठक, दीपू सिन्हा, निर्मल भारती, असगर खान, अयूब खान, दीपक निषाद, प्रमोद साहू, अनिल साहू, मनोज पाठक, प्रमोद दुबे, शशिकांत मिश्रा, सितमोहन मुंडा, विनीत मधुकर, अमरजीत सिंह, चंद्र प्रकाश सिंह, जावेद अख्तर, सुरेंद्र वैद्य, अजय वैद्य, राजेश प्रसाद, सुमित कुमार, दीपक भगत, कमलेश प्रसाद, गौरव दुबे, अनीश पाठक, राहुल कुमार, मनोज मेहता, विवेक कुमार समेत सैकड़ो लोग शामिल थे।

## एक नजर में

### सख्ती: 5000 रुपये बिजली का बिल बकाया तो काट दिया जाएगा कनेक्शन

**चंदवा।** बिजली विभाग अब उपभोक्ताओं से हर माह बिल की वसूली करेगा। तय मियाद में बिल जमा नहीं करने पर उपभोक्ता की बिजली कनेक्शन भी काट दी जाएगी। बिजली विभाग के कनीय अभियंता अंकित कुमार ने बताया कि ऐसे उपभोक्ताओं जिनपर पांच हजार रुपये या इससे ज्यादा का बिल बकाया होगा, उनके विरुद्ध सख्ती पेश की जाएगी। भले ही यह बकाया एक माह के बिल का हो या फिर तीन माह का। कनेक्शन काटने के दौरान नए बिल के देय तारीख तक जमा होने का इंतजार नहीं किया जाएगा। कर्मचारी उपभोक्ता की चौखट पर दस्तक देने पहुंचेंगे। बिल भुगतान नही होने की स्थिति में कनेक्शन काट दिया जाएगा, उपभोक्ता को दोबारा से कनेक्शन लेना पड़ेगा।

### होटल में काम करने वाली वृद्धा दो महीने से लापता, संचालक ने प्रशासन से लगाई मदद की गुहार

**चंदवा।** चंदवा के इंदिरा गांधी चौक पर स्थित आरव इंडियन फास्ट फूड में काम करने वाली वृद्धा कंदरी देवी पति स्व. चैतू उरांव ( बोरसीदाग चंदवा) विगत 4 जनवरी से गुमशुदा हो गयी है। मामले को लेकर आरव इंडियन फास्ट फूड के संचालक अरविंद कुमार (पिता किशोर प्रसाद) ने चंदवा थाना में आवेदन देकर गुमशुदगी को लेकर सनहा दर्ज कराया है। आवेदन में अरविंद कुमार ने बताया है कि 3 जनवरी को लगभग 3-4 बजे मयूर होटल का स्टाफ बंटी लोहरा मेरे होटल में आया था व कंदरी देवी को बोला कि चलिए आपको मुनिया देवी बुला रही है,आपसे कुछ बात करनी है। जिसके बाद कंदरी देवी होटल से बगल में जाकर मुनिया देवी से मिली व 15 मिनट बाद वापस आयी व दो दिनों की छुट्टी मांग कर घर चली गयी। अगले दिन 4 जनवरी मैं बोरसीदाग उसे वापस लाने के लिए गया तो वह घर पर नहीं मिली, आसपास के लोगों से पता किया व उसके रिश्तेदारों से भी फोन पर पता किया पर कुछ पता नही चल पाया। इन्होंने प्रशासन से वृद्धा की सकुशल बरामदगी को लेकर मदद की गुहार लगाई है। इधर वृद्धा के दो माह से लापता होने को लेकर बाजार में तरह-तरह की चचाएं हो रही है। क्योंकि वृद्धा के नाम कई एकड़ जमीन होने की बात भी चर्चा में है।

### शांति व्यवस्था बनाये रखने लिए पुलिस ने किया फ्लैग मार्च


फ्लैग मार्च करती पुलिस।

**बारियातू।** लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार शिवरात्रि पर्व व क्षेत्र में शांतिव्यवस्था कायम रखने के लिए गुरूवार को थाना क्षेत्र के बारियातू व इटके ग्राम में बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम व थाना प्रभारी राजा दिलावर के संयुक्त नेतृत्व में पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाला। लोगों को सुरक्षा का एहसास कराते हुए आपसी सौहार्द से त्योहार मनाने की अपील की। अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी राम, थाना प्रभारी दिलावर ने पुलिस पदाधिकारियों, पुलिस कर्मियों, ग्रामीण के साथ मिलकर थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। इस क्रम में बारियातू प्लस टु उच्च विद्यालय से फुलसु मोड़ तक व ईटके चौक, मस्जिद टोला, बड़काटोला इत्यादि जगहों में फ्लैग मार्च किया गया। कई चौक चौराहों पर रुक कर लोगों को जानकारी भी दी गई और सबों से कहा गया कि कोई भी त्योहार या वोट के समय आपलोग उग्र न हो बिल्कुल शांति व्यवस्था बनाए रखें। ताकि आपसी भाईचारा कायम रहे। फ्लैग मार्च में टोंटी मुखिया शांति देवी, थाना के द्वारिका नाथ पांडेय, धर्मेश कुमार लिंबू, बालेश्वर गंझु सहित कई पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### मनिका थाना क्षेत्र के करमाही मोड़ के समीप बाइक और कार की टक्कर में दो लोग हुए घायल

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र के करमाही मोड़ के समीप दिन गुरुवार के सुबह लगभग 8:00 बजे एक दूसरे के विपरीत दिशा से आ रहे कार और बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें बाइक पर सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। वहीं घायलों को समाजसेवी अख्तर अंसारी के द्वारा अपने निजी वाहन से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका लाया गया। जहां चिकित्सकों के द्वारा घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लातेहार रेफर कर दिया गया। बता दें कि बाइक चालक संतोष सिंह पिता रामनारायण सिंह हेलमेट पहनकर बाइक चला रहा था जिस वजह से उसे सर में चोट नहीं लगी लेकिन संतोष सिंह का बायां पैर और बसंत सिंह का हाथ टूट गया है दोनों डूडंगी लातेहार के निवासी बताए गए हैं। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर मनिका थाना के एएसआई मिश्रा मांझी समेत पुलिस बल के अन्य जवान घटनास्थल पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को जब्त कर लिया। मौके पर समाजसेवी अख्तर अंसारी ने सरकार पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को मदद करने पर सरकार द्वारा प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की गई थी लेकिन मैं लगभग 5 वर्षों से सड़क दुर्घटना में घायल लोगों का मदद करते आ रहा हूं,घायलों को अपने निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाता हूं फिर भी मुझे आज तक कोई सहयोग राशि नहीं दिया गया है।

### सहायक अध्यापक की मौत पर पारा शिक्षकों मे शोक, शोकाकुल परिवार को दी आर्थिक मदद


पीड़ित परिवार को मदद पहुंचाते संघ के लोग।

**चंदवा।** प्रखंड के उमवि ढोटी मे कार्यरत सहायक अध्यापक भरत टाना भगत को विद्यालय अवधि मे गत मंगलवार को अचानक तबियत खराब होने के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची ले जाया गया वहां इलाज के दौरान गुरुवार की सुबह उनकी मृत हो गई। मौत की खबर मिलते ही उनके परिवार एवं पारा शिक्षकों मे शोक की लहर दौड़ गई, गुरुवार को पार्थिव शरीर ग्राम निंद्रा लाया गया। प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अहमद सचिव गोविंदा कुमार बिगन राम के इलावे प्रखंड के दर्जनों पारा शिक्षक उपस्थित हो कर उन्हे अंतिम विदाई दी परिजनों को पारा शिक्षकों ने आर्थिक सहयोग भी किया। सहायक अध्यापको ने कहा कि पारा शिक्षकों की मौत पर सरकार द्वारा एक रुपिया भी नही दिया जाता है और न सरकार द्वारा बनाये गये नियमावली के अनुसार अनुकम्मपा का लाभ दिया जाता है आये दिन पारा शिक्षक काल के गाल मे समाते जा रहे है। प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अहमद ने सरकार से मांग की है आश्रित परिवार को अनुकम्प्पा का लाभ देते हुए पांच लाख का मुआवाजा दिया जाए। वहीं पूर्व मंत्री के. एन त्रिपाठी ने भी आश्रित परिवार से मिल कर बाधा धांधस एव किया आर्थिक सहयोग की। पारा शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अहमद गोविंदा कुमार ने पूर्व मंत्री को समस्याओ से अवगत भी कराया और निदान कराने की मांग रखी गई।मौके पर त्रिवेणी गोप, प्रकाश गोप, गजेंद्र गिरी, दिलचंद मुंडा, दरबारी सिंह, नन्कु गंझू, राजपाल भगत, सुरेश मुंडा, सोमेश्वर गंझू, जयपाल तुरी, रेखा देवी, आशा देवी, गायत्री देवी समेत दर्जनों पारा शिक्षक उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### रिटायर्ड कर्मियों ने दिया धरना



**चरही।** दस सूत्री मांग को लेकर एनसीपी के बैनर तले गुरुवार को सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र के चरही महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष सेवा निवृत्त कर्मचारियों ने धरना दिया और महाप्रबंधक को मांग-पत्र सौंपा। पत्र में लिखा है कि 9:4:4 के तहत सेवानिवृत्त कर्मचारी के एक आश्रित को नौकरी दिया जाए। सीपीआरएमएस की दोहरी नीति समाप्त कर पदाधिकारी और कर्मियों को समान रूप से 25 लाख की मेडिकल सुविधा दी जाए। दोहरे मानदंड की सीसीएल के सभी अस्पतालों की जांच की जाए।सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पासबुक में फॉर्मर और सर्विवर के जगह अदर और सर्विवर किया जाए।ताकि पेंशनर की मृत्यु प्रमाण-पत्र जमा करने पर एक माह में नॉमिनी का पेंशन प्रारंभ हो जाए।हरेक तीन वर्षो में पेंशन की बढ़ोतरी की जाए। सीसीएल प्रेस को चालू किया जाए। कोलयरी क्षेत्र के बेरोजगारों द्वारा बनाए कोऑपरेटिव सोसायटी को प्राथमिकता देते हुए ठिकेदारी दी जाए।मौके पर एनसीपी जिला अध्यक्ष प्रदीप पांडेय,सचिव अरशद आलम,संगठन सचिव गुलाम रब्बानी,युवा नेता अमित अनुराग , कोषाध्यक्ष अब्दुल्ला हब्बारी,सोशल मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार, मनोज कुमार, शब्बीर , सदस्य तनवीर ,सरजू माली ,दर्शन तूरी ,सोहर महतो सेवानिवृत्ति कर्मचारी उपस्थित थे।

### पीएलएस एप से लाखों की ठगी

**दारू।** प्रखंड अंतर्गत रामदेव खरिका, गोपलो, जिंनगा, कवालू,एवं अन्य कई गांव के सैकड़ो युवाओ को पीएलएस एप के जरिए लाखों की ठगी की गईं। बताया गया कि फरवरी माह में शहर के प्रतिष्ठित आईटीआई कॉलेज में इसकी पहली मीटिंग हुई थीं जिसमे कॉलेज के एक शिक्षक भी इस गिरोह से जुड़े हुए है। जिन्होंने मीटिंग कर कॉलेज के अन्य विद्यार्थियों को इसकी जानकारी भी दी। इस ऐप में युवाओं को संगठित करने के लिए प्रोलॉजिक्स 1867 नामक व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया था जिसमें इस ऐप के बारे में एडमिन द्वारा बारी-बारी से जानकारी दिया जा रहा था। ट्रेडिंग के नाम पर यह ऐप लगभग 50 लाख रुपए का ठगी कर चुका है। सबसे पहले एक लिंक भेजा जाता है उसके बाद लिंक के माध्यम से पीएलएस ऐप को डाउनलोड किया जाता है डाउनलोड करने के बाद उसमें न्यूनतम 480 रुपया से लेकर लाखों रुपए रिचार्ज का ऑप्शन दिया गया है रिचार्ज करने के बाद बोनस के तौर पर कुछ रकम भेजे जाते हैं जिसे अपने खाते में आसानी से ले सकते है साथ ही प्रतिदिन आय का एक स्रोत दिया गया जिसमें जितना ज्यादा रकम लगाया जाता है उसे उतना अधिक आय प्राप्त होता है। लोगों को अपने जाल में फसाकर ऐप बंद कर दिया गया। जिससे क्षेत्र में हड़कम मचा हुआ है।

### सेवानिवृत शिक्षक को दी गयी विदाई



**टाटीझरिया।** हजारीबाग जिला शिक्षा कार्यालय में बुधवार को सेवानिवृत उत्क्रमित +2 मध्य विद्यालय झरपो प्रखंड टाटीझरिया के प्रधानाध्यापक सत्येंद्र कुमार दीपक को जिला शिक्षा अधीक्षक,झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रधान सचिव अजय कुमार मेहता ,प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेश्वर सिंह कनीय अभियंता लखेंद्र कुमार लिपिक साधु शरण के हाथो मालार्पण कर भाव पूर्ण शिक्षक सम्मान सह विदाई समारोह मनाया गया। जिला शिक्षा अधीक्षक ने सेवानिवृत शिक्षक श्री दीपक को साफ बेदाग छवि के रूप में विद्यालय के उत्कृष्ट कार्यकाल को लेकर प्रशंसा करते हुए दीघार्यु स्वास्थ्य जीवन उज्वल भविष्य की कामनाएं किया है। श्री दीपक ने भी विदाई सह सम्मान समारोह में मौजूद अधिकारी गणों को हृदय से साधुवाद कहते हुए धन्यवाद दिया। मौके पर जितेंद्र सिंह,मनोज कुमार, वासिफ जाहिर, फहमीदा खातून, राजेश प्रसाद , हरी प्रसाद,तुलसी प्रसाद, मनोज कुमार,यमुना पांडेय समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

### खंभवा में ग्राम सभा आयोजित



**टाटीझरिया।** धर्मपुर पंचायत के खंभवा गांव के राजकीय मध्य विद्यालय परिसर में मुखिया कांति देवी के अध्यक्षता में मनरेगा ,पेंशन, पशुधन योजना,आम बागवानी, सौचालय, पनसोखा, कुप मरम्मत,गढ़वाल निर्माण सहित विभिन्न कार्यों को सुचारू ढंग से लाभुको के बीच मुहैय्या कराने को लेकर ग्राम सभा हुआ। रोजगार सेवक ने मौजूद ग्रामीणों से कहा कि यह योजना कार्य राज्य सरकार के निर्देश और टाटीझरिया प्रखंड कार्यालय के बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज के आदेशानुसार ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है । जो योग्य लाभार्थी है वे ग्राम सभा में स्वेक्षापूर्वक योजनाओं में शौचालय, कूप मरम्मती, शौचालय को अंकित करवाए ताकि समयानुसार योजना कार्य को सफल बनाया जा सके। ग्राम सभा स्थल में वार्ड सदस्य लोकनाथ यादव,वार्ड सदस्या उर्मिला देवी,बालेश्वर रविदास, रिता देवी, दौलत भुइंया,विवेक सिंह,लक्ष्मण मंडल,राहुल सिंह,पप्पू प्रसाद ,चमेली देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### जेपी पटेल ने कई योजनाओं का किया शिलान्यास और उद्घाटन

**चरही।** चरही में गुरुवार को मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल ने कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास नारियल फोड और फीता काटकर किया। चरही के लाल बंगला मेन रोड से लेकर नदी तक पीसीसी पथ का निर्माण, चरही-घाटो रोड यूको बैंक के समीप दक्षिण छोर में नाली एवं ढक्कन निर्माण,चरही के श्यामपट्टी को-ऑपरेटिव महाविद्याल के समीप डिप बोरिंग एवं पीसीसी पथ निर्माण कार्य किया जाना है। श्री पटेल ने कहा कि सभी निर्माण गुणवत्ता किया जाय।इस कार्य में अनियमितता बरती गई तो उस पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।मौके पर बहेरा मुखिया देवकी महतो,जिप सदस्य बासुदेव करमाली,चूरचू मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह,अल्पसंख्यक जिला मंत्री आरिफ अंसारी,उप मुखिया अभिजीत सिंह,पंसस शक्ति देवी,आशा राय,महिला मोर्चा विधायक प्रतिनिधि वीणा मिश्रा, समाज सेवी ललिता देवी,रौशनी देवी,बिनोद कुमार केशरी,नरसिंह राय सहित दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# हजारीबाग का बेटा हूं, लोगों के साथ था और रहूंगा : जायसवाल

खबर मन्त्र संवाददाता

▶▶ लोकसभा क्षेत्र में विस्थापन, पुनर्वास, बेरोजगारी, पैसेंजर ट्रेन बढ़ाने, हजारीबाग में एयरपोर्ट होगी प्राथमिकता




**बड़कागांव।** हजारीबाग लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने गुरूवार को झंडा चौक स्थित कार्यालय में प्रेस वार्ता की। प्रो.ओपी शर्मा ने कहा कि वे भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के शुक्रगुजार हैं कि उन्होंने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से मनीष जायसवाल को उम्मीदवार बनाया है। ये कार्यकर्ताओं की मांग थी कि इस बार मनीष को हजारीबाग लोकसभा से टिकट दिया जाय। सर्वे में भी कार्यकर्ताओं ने मनीष को उम्मीदवार बनाने की मांग की थी। मेरी शुभकामना मनीष के साथ है। उनको इस लोकसभा से भारी मतों से जिताने का संकल्प कार्यकर्ताओं ने ली है। वे भारी मतों से जीतेंगे। भाजपा लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार सह सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने उनकी जनसेवा की भावना देख उन पर यकीन जताया है। इसके लिए वह पार्टी के शीर्ष नेतृत्व नरेंद्र मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा, बाबूलाल मरांडी, अमर बाउरी, स्थानीय कार्यकर्ता, समस्त जनता और प्रेस/मीडिया का तहेदिल से आभारी हैं। उन्होंने कहा कि मैंने कभी भी अपने आप को विधायक नहीं समझा बल्कि हजारीबाग का बेटा समझा। लोगों के साथ था, हमेशा रहूंगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा क्षेत्र में विस्थापन, पुनर्वास, बेरोजगारी, पैसेंजर ट्रेन बढ़ाने, हजारीबाग में एयरपोर्ट , सड़कों का विस्तारीकरण सहित आधारभूत संरचना को पूरा करना प्राथमिकता होगी। कहा कि मैं सांसद जयंत सिन्हा से जल्द ही मुलाकात करेंगे और उनका आशिर्वाद प्राप्त करेंगे। मौके पर दिनेश सिंह राठौर, डॉ सुबोध सिंह शिवगीत, अजय कुमार साहू, सुमन कुमार, जयनारायण मेहता, करण जायसवाल, मीडिया प्रभारी रंजन चौधरी समेत कई लोग मौजूद थे।

# हजारीबाग में होल्डिंग टैक्स नहीं देनेवालों पर होगी कार्रवाई

## बड़े बकायदारों का खाता फ्रीज करेगा नगर निगम

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** प्रशासक सह नगर आयुक्त शैलेंद्र लाल के द्वारा नगर निगम के राजस्व शाखा के साथ वित्तिय वर्ष 2023-2024 में किये जा रहे राजस्व से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में मेसर्स रितिका प्रिन्टेक को होल्डिंग टैक्स , वाटर यूजर चार्ज, ट्रेड लाइसेंस एवं विज्ञापन शुल्क में शत प्रतिशत वसूली करने हेतु निदेशित किया गया। निगम के सभी बड़े बकायदारों जिन्होंने अभी तक होल्डिंग टैक्स का भुगतान नही किया है उन्हें झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 184 के अंतर्गत नोटिस करते हुए उनके बैंक खाता को फ्रीज करने की कार्यवाही प्रारम्भ करने हेतु निदेशित किया गया।पूर्व में वैसे बड़े बकायदार जिन्हें नोटिस निर्गत किया गया परंतु अब तक उनके द्वारा होल्डिंग टैक्स का भुगतान नहीं किया गया है उनके खाता को फ्रीज करने की कार्यवाही हेतु भी निदेशित किया गया। निगम के सभी तहसीलदारो को भी निदेशित किया गया कि वे एजेंसी के तहसीलदार के साथ बड़े बकायदारों के भवनों का भ्रमण करते हुए उनसे बकाया होल्डिंग टैक्स का भुगतान प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे। एजेंसी को मार्च 2024 तक निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कर वसूली शत प्रतिशत करने हेतु निदेशित किया गया। बैठक में उप नगर आयुक्त ज्योति सिंह, सहायक नगर आयुक्त अनिल पांडेय , बिपिन कुमार , नगर प्रबंधक फरहत अनिसी , निगम के तहसीलदार एवं रितिका के शेखर उपस्थित थे।

### रामगढ़ में वाहन चेकिंग



**रामगढ़।** सुभाष चौक के निकट गुरूवार को यातायात प्रभारी रजत कुमार के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। दो पहिया चालकों की हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस आदि दस्तावेजों की चेकिंग हुई। वहीं, चार पहिया वाहन चालकों के सीट बेल्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, प्रदूषण आदि की चेकिंग की गई। इस दौरान जिन वाहन चालकों के दस्तावेज दुरूस्त नही थे उनका चालान काटा गया। यातायात प्रभारी ने कहा कि नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाएं।

# बच्ची देवी सेवा समिति ने बांटा हेलमेट




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बच्ची देवी सेवा समिति के सचिव जीतेन्द्र कुमार मंडल ने अपनी मां स्व. बच्ची देवी के पुण्यतिथि पर बिना हेलमेट के बाईक चलाने वाले को हेलमेट दिया। उन्होंने कहा कि जब भी वाहन चलायें हेलमेट का प्रयोग जरूर करें । श्री मंडल ने कहा कि बच्ची देवी सेवा समिति अपने सामाजिक दायित्वों को ईमानदारी पूर्वक निभाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। बरकाकाना थाना प्रभारी अख्तर अली ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए सचिव जीतेन्द्र कुमार मंडल को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्य समाज को जागरूक करने के लिए अति आवश्यक है। इस तरह का समाजिक कार्य क्षेत्रवासियों को अच्छा सन्देश देता है। उन्होंने लोगों को सुरक्षित ढंग से ड्राइव करनी की अपील की। वहीं मो. जहीर अंसारी ने कहा की हेलमेट जिंदगी बचाने का कार्य करता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सभी सदस्य लोगो के साथ-साथ प्रवीण कुमार, जग्गू मुंडा, चण्डीप राम, मो. दिलशाद, दीपक, पिंटू, गौतम, विकाश कुमार, मुस्ताक, बिजय, आशीष, माइकल आदि का विशेष योगदान रहा।

### स्कूल में मिला एक व्यक्ति का शव



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा बाजार स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में गुरुवार की सुबह एक व्यक्ति का शव मिला। मृतक की पहचान 45 वर्षीय रमेश यादव के रूप में किया गया। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी भुरकुंडा पुलिस को दी गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ निवासी रमेश यादव भुरकुंडा बाजार में मजदूरी का कार्य करता था। साथ ही उसे नशा की भी लत थी। पिछले कुछ माह से उसकी तबीयत खराब था और वह भीख मांगकर किसी तरह अपना भरण-पोषण कर रहा था। कयास लगाया जा रहा है की रमेश यादव रात्रि में यहीं सोये होंगे और ज्यादा तबियत खराब होने के कारण उनकी मौत हो गई।

### शैल्बी डिवाइस हॉस्पिटल संचालक ने थाना प्रभारी को सौंपा ब्रेकर




**रामगढ़।** शैल्बी डिवाइस हॉस्पिटल रांची के संचालक एवं निदेशक पीयूष सहाय ने गुरूवार को रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार को रोड ब्रेकर सौंपा। सहाय ने कहा कि सड़क आए दिन सड़क दुर्घटनाएं घटती रहती हैं। उसी को ध्यान में रखकर उन्होंने थाना प्रभारी को रोड ब्रेकर सौंपा है। ताकि इसका उपयोग वाहनों को नियंत्रित तरीके से चलाने में किया जा सके। जबकि रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के निर्वाचित प्रतिनिधि अमित कुमार सिन्हा ने कहा कि निदेशक पीयूष सहाय की पहल सराहनीय है।

# विस्थापित-प्रभावित संघर्ष मोर्चा की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पीवीयूएनएल प्रबंधन द्वारा 5 मार्च को छाई डैम बलकुदरा में मुआवजा भुगतान किए बिना व समझौता के जबरन काम शुरू करने के विरोध में बुधवार को छाई डैम में विस्थापित-प्रभावित संघर्ष की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मोर्चा के अध्यक्ष आदित्य नारायण प्रसाद और संचालन मुखिया विजय मुंडा ने किया। बैठक में लोगों ने एक स्वर में कहा कि पीवीयूएनएल रैयत ग्रामीणों को कुचलकर यहां काम करना चाहता है। यही कारण है की मंगलवार को प्रशासन के बल पर काम करने का कोशिश की गई जो निंदनीय है। आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा की पीभीयूएनएल प्रबंधन को यह जानना और मान लेना चाहिए कि यह बची-खुची शेष जमीन ही हमसबों का जीने का एक मात्र साधन है। जिस पर पीढ़ियों से उक्त तीनों गांव के ग्रामीण खेती-बारी करके अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करते आ रहे हैं, और पीढ़ी दर पीढ़ी यह चलता रहेगा। कहा गया कि इस जमीन को जबरन छीन लिया जाएगा तो सभी भूमिहीन हो जायेंगे और पीभीयूएनएल हम ग्रामीणों को जीने के लिए दर-दर भटकने के लिए मजबूर कर देगा। इस जमीन पर जबरन काम करने का ख्याल पीभीयूएनएल छोड़ दे, ऐश डाइक अन्यत्र कहीं बनाया जाए। यदि यह सम्भव नहीं होता है और यहीं पर काम करना है तो भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के अनुसार मुआवजा का भुगतान करे।

# रामरथ खींचते बजरंग दल के युवक रांची रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता

▶▶ मुख्यमंत्री को सौपेंगे ज्ञापन रामनवमी को राजकीय महोत्सव की दर्जा देने की घोषणा करे सरकार



**रामगढ़ ।** रामरथ खींचते हुए राम भक्तों की टोली गुरुवार को कुजू पहुंची। हजारीबाग से इस राम रथ को लेकर बजरंग दल के युवक रांची के लिए रवाना हुए हैं। रांची पहुंचकर तीन सूत्री मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे। रामरथ के कुजू चौक पहुंचने पर बजरंग दल, विहिप कार्यकर्ताओं सहित सनातनियों ने उत्साह पूर्वक रथ का स्वागत किया। कुजू चौक पर रथ के पहुंचने पर रथ के साथ चल रहे बजरंग दल के अमन कुमार, रौशन कुमार, विशाल वाल्मीकि, अजय ने बताया कि झारखंड में हजारीबाग का रामनवमी और इसका जुलूस विशेष महत्व रखता है। लेकिन पिछले वर्ष से रामनवमी जुलूस को लेकर सरकार द्वारा राम भक्तों पर दबाव बनाया जा रहा है। पर्व आने के पहले हीं राम भक्तों तथा सनातनियों के मनोबल को दबाने के लिए क्षेत्र में धारा 144 लगा दिया जाता है। प्रमुख कार्यकर्ताओं पर 107 का नोटिस जारी किया जाता है।

ऐसा देखा जा रहा है कि होली हो या दशहरा, या फिर रामनवमी हर हिन्दू त्यौहार आते हीं प्रशासन द्वारा कठोर कदम उठाए जाते हैं। जिसका विरोध राम भक्तों ने करने का निर्णय लिया है। इसके लिए रामनवमी के पूर्व मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जा रहा है। ज्ञापन में हमारी प्रमुख मांग है कि सरकार रामनवमी को राजकीय महोत्सव का दर्जा देने की घोषणा करे। महूदी बड़का गांव में जुलूस पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाया जाए। डीजे पर लगाए गए प्रतिबंध को सरकार वापस ले। अकारण निर्दोष लोगों पर हुए एफआईआर वापस लेते हुए प्रशासन 107 का नोटिस देना बंद करे। रामरथ का कुजू में स्वागत करने वालों में भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रवि साहू, अर्जुन केसरी, राकेश रॉक, पवन करमाली, विवेक पासवान, अरविंद कुमार आदि प्रमुख थे।

## एक नजर में

### जय श्री महाकाल मंडली का भंडारा आज



**रामगढ़।** जय श्री महाकाल सेवादार मंडली ने दो दिवसीय शिवरात्रि का आयोजन किया। इसके तहत गुरूवार को अग्नि पूजन के बाद प्रसाद बनाया गया। शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर मंडली कई कई कार्यक्रम आयोजित करेगा। 10 बजे महाकाल की पूजा, 11 बजे गौ पूजा के साथ भंडारा, 2 बजे बाबा को दोपहर का भोग, 6 बजे संध्या आरती व दूध एवं भांग के प्रसाद का वितरण, 7 बजे से आकर्षक झांकी प्रभु एवं भजन ईच्छा तक एवं रात 11 बजे महाकाल उदघोष के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। आयोजन को सफल बनाने में अमित कुमार पप्पू, अनमोल सिंह, रंजन भूषण , राजेश कुमार यादव, मनोज शर्मा, सन्नी गुप्ता, पंकज अग्रवाल, निशांत पांडे, सतीश आदि योगदान दे रहे हैं।

### सुंदर नगर में अखंड हरिकीर्तन शुरू



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** महाशिवरात्रि के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुंदरनगर भुरकुंडा में गुरुवार को 24 घंटे का अखंड-हरिकीर्तन शुरू हुआ। इस दौरान हरे राम हरे कृष्ण के भजनों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान हुआ। शुक्रवार को अखंड-हरिकीर्तन का समापन होगा। रात्रि में भक्ति जागरण होगा। हरिकीर्तन में कोयलांचल के कई जगहों से कीर्तन मंडली और भक्तजन शामिल हुए। अखंड-हरिकीर्तन को सफल बनाने में पुरोहित लाल बाबू पाठक, यजमान भोला खरवार, मुखिया ब्यास पांडेय, पंसस रोहित सोनी, शंकर, सुनील साव, विकास सिन्हा, नंदकिशोर ठाकुर, छोटू सोनी, कवि राय, दीपक खरवार आदि जुटे हैं।

### बीएड कॉलेज में मना महिला दिवस



**रजरप्पा।** डॉ. एस. राधाकृष्णण शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ. शिव कुमार राणा व शिक्षकों ने डॉ. एस. राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पण कार्यक्रम की शुरूआत की। प्राचार्य ने कहा कि हमें सदैव महिलाओं का सम्मान करना चाहिए एवं विशेषकर महिला प्रशिक्षुओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। विषय प्रवेश कराते हुए सहायक प्राध्यापक संजु उरांव ने कहा कि महिलाओं सर्वप्रथम खुद का सम्मान करना चाहिए। साथ ही हम 21वीं शताब्दी में पुरूषों के बराबर कदम से कदम मिलाकर चल रहें हैं, जो कि महिला सशक्तिकरण को दर्शाता है। व्याख्याता श्री राजेश महतो ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की बातों पर जोर दिया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के भाषण, कविता, कहानी, नृत्य, गीत, चुटकुले, खेल का आयोजन हुआ. जिसमें मुख्य रूप से श्वेता, अमन, चंचल, विक्की, नीतिश, अंजु, निशी, चंदनदेव, सिमरन, मानसी, नेहा, आकांक्षा, स्नेहा, आर्या, ग्रेस, विवेक, पूजा, पूनम, सुभानु, अशोक, अमित, धनेश्वर, वीणा इत्यादि प्रशिक्षुओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

### लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लोकसभा चुनाव को लेकर बुधवार को पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी की प्रखंड के सभी 221 बूथों पर बीएलए बुथ एजेंट का पार्टी के लिंक पर लॉगिन रजिस्ट्रेशन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता पतरातू प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि बड़कागांव विधानसभा प्रभारी इंदिरा देवी उपस्थित थीं। मौके पर इंदिरा देवी ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर सभी बूथो पर बुथ एजेंट का रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य एवं आवश्यक है। जिसका कार्य प्रखंड में जोरो से चल रहा है। उन्होंने कांग्रेसियों से बुथ कमेटी तक का कार्य जल्द से जल्द पुरा करने की अपील की। वहीं प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल ने कहा कि चुनाव से संबंधित सभी कार्यों का निष्पादन पतरातू प्रखंड के सभी कांग्रेसियों के सहयोग से पूरा किया जा रहा है। मौके पर मंडल अध्यक्ष रमाकांत दूबे, मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, डॉ. केके शर्मा, उपेंद्र प्रसाद यादव, अनिल कुमार, अशोक प्रसाद, कमलेश कुमार, शम्स खान, मुकेश कुमार, राथो महली, वीरू सिंह, हरिदास साव, राजू प्रसाद, छोटू साव, लोकेश आनंद, वीणा देवी, मो. इरफान, खुर्शीद आलम, रवि उरांव, मो. खलील, मो. इम्तियाज, दिनेश दास, उज्जवल कुमार, पुनम सिंह, मो. हबीब, बलराम कुमार, खेमलाल तुरी, राकेश कुमार, लालु कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### प्रदूषण को ले मुरपा के ग्रामीणों ने की बैठक

**कुजू।** मुरपा स्थित नवनिर्मित एस के बी स्टील प्लांट से हो रहे वायु एवं ध्वनि प्रदूषण से परेशान ग्रामीणों ने गुरुवार को मुरपा स्थित दुर्गा मंदिर में बैठक किया। बैठक की अध्यक्षता वार्ड सदस्य ओमप्रकाश पटेल व संचालन कुलदीप महतो ने किया। बैठक में ग्रामीणों ने एस के बी स्टील प्लांट के प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि शुरूआती दौर में प्रबंधन द्वारा सिर्फ स्टॉक यार्ड बनाने की बात कह कर कार्य प्रारंभ किया गया था। बाद में उसे वृहत स्टील प्लांट का रूप दे दिया गया। अब प्लांट से होनेवाले वायु एवं ध्वनि प्रदूषण से हम सभी ग्रामीण परेशान है।

## पेज एक का शेष

### चार महीने के भीतर 30 हजार नियुक्तियां और होंगी

**सबको रोटी, कपड़ा और मकान:** सीएम ने कहा कि राज्य में आदिवासी, मूलवासी, गरीब, मजदूर, पिछड़े, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्ग समुदाय के जरूरतमंद परिवारों को रोटी, कपड़ा और मकान उपलब्ध कराने का कार्य उनकी सरकार कर रही है। उनकी सरकार पीएम आवास योजना से वंचित 20 लाख पात्र परिवारों को अबुआ आवास योजना का लाभ देगी।

**झारखंड को विकसित राज्य बनायेंगे :** सीएम ने कहा कि जिस प्रदेश का नेतृत्व उनकी सरकार कर रही है, यह प्रदेश खनिज-संपदाओं से भरा प्रदेश है। झारखंड को विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार की सोच है कि बहुत कम समय में ही ऐसे कार्य किए जायें, जो झारखंड के विकास में एक मिसाल कायम कर सके। अपना झारखंड एक संपन्न प्रदेश है, पर विडंबना है कि बरसों से पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने यहां के आदिवासी, मूलवासी, गरीब, शोषित, पिछड़े अल्पसंख्यक सहित जरूरतमंदों को व्यवस्था से दूर रखने का काम किया गया। विकास पर ध्यान नहीं दिया। अब उनकी सरकार अब इन वर्गों के लोगों को उनका हक-अधिकार देने का कार्य कर रही है।

**आपके कंधों पर बड़ा भार:** आज विभिन्न पदों पर नवनियुक्त 2454 अभ्यर्थियों को राज्य सरकार नियुक्ति पत्र दे रही है। इनमें 1250 उत्तर माध्यमिक विद्यालयों के स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों, 1500 कनीय अभियंता, 34 खान निरीक्षक, 15 पाइपलाइन निरीक्षक और 55 स्ट्रीट लाइट निरीक्षक शामिल हैं। नियुक्ति पत्र देते हुए सीएम ने कहा कि आप सभी के कंधों पर एक बड़ी जिम्मेदारी दी जा रही है। आप सभी नवनियुक्त अभ्यर्थी राज्य सरकार के अभिन्न अंग के रूप में कार्य करेंगे।

### अब कश्मीर खुलकर ले रहा है सांस, देश भी संतुष्ट

पीएम ने कांग्रेस पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 केवल कुछ राजनीतिक दल चाहते थे। इसका लाभ ये उठाते थे। अनुच्छेद 370 पर जम्मू-कश्मीर को गुमराह किया गया। अब लोगों को समान अवसर मिल रहा है। जम्मू-कश्मीर का हाल परिवारवाद के कारण बहुत बुरा हो गया था। रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चलो इंडिया कार्यक्रम के तहत, प्रवासी भारतीयों को परिवार के कम से कम पांच सदस्यों को घूमने के लिए भारत भेजने के लिए कहा गया है।

# अदन की खाड़ी में दो जहाजों पर समुद्री डाकुओं का ड्रोन से हमला

## भारत के युद्धपोत ने डाकुओं को खदेड़कर चालक दल को बचाया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अदन की खाड़ी में भारतीय नौसेना लगातार सक्रिय है लेकिन इसके बावजूद विदेशी व्यापारिक जहाजों पर समुद्री डाकुओं के हमले थम नहीं रहे हैं। पिछले दो दिनों के भीतर दो विदेशी जहाजों पर ड्रोन या मिसाइल से हमले किये गए हैं।

शिपिंग लेन से जा रहे बारबाडोस और लाइबेरिया के ध्वज वाले जहाजों पर हमले के बाद भारतीय युद्धपोत आईएनएस कोलकाता ने तुरंत प्रतिक्रिया देकर समुद्री डाकुओं को खदेड़कर चालक दल को बचाया है। अदन की खाड़ी में सोमालियाई समुद्री डकैतों की घटनाएं पिछले साल दिसंबर से शुरू हुई थीं। तब से दो

**▶▶ समुद्री टोही पी-8 आई विमानों के साथ नौसेना ने 10 युद्धपोत किये तैनात**

दर्जन से अधिक वारदात हो चुकी हैं लेकिन समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए तैनात भारतीय नौसेना के युद्धपोतों ने विदेशी जहाजों और उनके चालक दल को सुरक्षित बचाकर अरब सागर में अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराई है। इसी के साथ नौसेना ने अदन की खाड़ी, लाल सागर और मध्य-उत्तरी अरब सागर में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग लेन से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों के साथ हुई घटनाओं को देखते हुए निगरानी बढ़ा दी है। नौसेना ने लंबी दूरी के समुद्री टोही पी-8आई



विमानों के साथ अपने 10 युद्धपोत तैनात किये हैं। इन सब के बावजूद 06 मार्च को अदन की खाड़ी से गुजर रहे बारबाडोस के ध्वज वाले बल्क कैरियर एमवी ट्रू कॉन्फिडेंस पर अदन से लगभग 55 नॉटिकल मील दक्षिण पश्चिम में एक ड्रोन के जरिये मिसाइल हमला किया गया। इसके बाद जहाज पर आग लग गई और चालक दल के कुछ सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिससे चालक दल को जहाज छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। इसी बीच समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए तैनात आईएनएस कोलकाता को सूचना मिली, जिस पर भारतीय युद्धपोत 04.45 बजे घटनास्थल पर पहुंचा। युद्धपोत ने अपने हेलीकॉप्टर और नौकाओं का उपयोग करके एक भारतीय नागरिक सहित 21 चालक दल के सदस्यों को लाइफ बेड़ा से बचाया। जहाज की चिकित्सा टीम ने घायल चालक दल को महत्वपूर्ण चिकित्सा सहायता दी।

### हूती ने जहाज पर दागी मिसाइल, तीन की मौत

**साना।** अदन की खाड़ी में बुधवार को एक व्यापारिक जहाज पर हूती विद्रोहियों के मिसाइल हमले में तीन नाविक मारे गए और चार अन्य घायल भी हुए हैं। गाजा पर इजराइल के आक्रमण के बाद से यह पहली बार है जब दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री मार्गों में से एक को हूती विद्रोहियों ने निशाना बनाया। हूती ने हमले की जिम्मेदारी ली है।

# रूस ने यूक्रेन के शहरों पर किया हमला, सात की मौत

**कीव ।** रूस ने यूक्रेन के शहरों पर बुधवार को हमला किया, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई और 15 घायल हो गए। घायलों में कई बच्चे भी शामिल हैं। यूक्रेन के अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने निप्रॉपेट्रोस, डोनेट्स्क, खारकिव और खेरसॉन क्षेत्रों में नागरिकों के हताहत होने की सूचना दी। सेना ने बताया कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की और ग्रीक पीएम किरियाकोस मित्सोटाकिस की यात्रा के दौरान रूस ने ओडेसा शहर के बंदरगाह को मिसाइल से निशाना बनाया। हमलों में पांच लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। यूक्रेन के दक्षिणी ऑपरेशनल कमांड के प्रवक्ता नतालिया हुमेनियुक ने कहा कि यह हमला किसी भी तरह से किसी विशिष्ट यात्रा से जुड़ा नहीं है।









## स्पीड न्यूज

### बरेली में सामूहिक हत्याकांड के आठ को फांसी की सजा

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में बरेली जिले की एक अदालत ने दस साल पहले लूट और हत्या के आठ आरोपियों को दोष सिद्ध होने के बाद गुरुवार को फांसी की सजा सुनायी है जबकि लूट का माल खरीदने वाले सर्राफ को आजीवन कारावास का दंड भोगना होगा। सुरेश शर्मा नगर कालोनी में 10 साल पहले आयकर इंस्पेक्टर रविकांत मिश्रा के घर में घुस कर डकैतों ने उनकी मां, भाई और भाभी की हत्या के दी थी।

### शिवरात्रि में भाग लेने के लिए 62 हिंदू लाहौर पहुंचे

**लाहौर।** भारत से 62 हिंदू बुधवार को पाकिस्तान में महाशिवरात्रि समारोह में भाग लेने के लिए वाघा सीमा के रास्ते लाहौर पहुंचे। इवेक्यू ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के प्रवक्ता आमिर हाशमी ने कहा कि लाहौर से लगभग 300 किलोमीटर दूर चकवाल में ऐतिहासिक कटास राज मंदिर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक नेता शामिल होंगे।

### अमित शाह आज करेंगे डेटाबेस का लोकार्पण

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस का लोकार्पण और राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस 2023 रिपोर्ट का विमोचन करेंगे।

### लॉरेंस बिश्नोई गैंग के दो शूटर गिरफ्तार



**पटना।** मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी जिले की सीमा से मुजफ्फरपुर पुलिस ने लॉरेंस विश्नोई गैंग के दो शूटरों को गिरफ्तार किया है। यूपी, हरियाणा और राजस्थान में दोनों वांटेड अपराधी हैं। पकड़े गये शूटरों में राजस्थान के सुनील करोलिया और शाहनवाज साहिल शामिल है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है।

# केंद्रीय कर्मियों का डीए 4 फीसदी बढ़ा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को अपने कर्मचारियों का महंगाई भत्ता (डीए) और पेंशनभोगियों के महंगाई राहत (डीआर) में एक जनवरी से चार प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। अब यह मूल वेतन का 50 प्रतिशत हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में गुरुवार को केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। बैठक के बाद केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इससे 49.18 लाख कर्मचारियों और 67.95 लाख पेंशनभोगियों को फायदा मिलेगा। इससे सरकारी खजाने पर प्रति वर्ष 12,868.72 करोड़ रुपये का भार पड़ेगा। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 2024-25 के लिए पीएम उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं को सिलेंडर पर मिलने वाली 300 रुपये की सब्सिडी जारी रखने को मंजूरी दी है। साल में 12 सिलेंडर तक 10.27 करोड़ पीएमयूवाई लाभार्थियों को सीधे उनके खातों में सब्सिडी मिलेगी। 2024-25 के लिए कुल खर्च 12,000 करोड़ रुपये होगा। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने योजना को एक साल आगे जारी रखने को मंजूरी प्रदान की। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि महिला दिवस पर मोदी सरकार की देश की महिलाओं को यह उपहार है।

**कैबिनेट का फैसला**

- ▶▶ पेंशनभोगियों के डीआर में जनवरी से चार प्रतिशत वृद्धि
- ▶▶ महिला दिवस पर गिफ्ट पीएम उज्जवला योजना पर जारी रहेगी सब्सिडी
- ▶▶ एआई मिशन पर खर्च होंगे 10371.92 करोड़ रुपये

राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक एआई मिशन को मंजूरी केन्द्र सरकार राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक एआई मिशन लेकर आई है। इस पर 10371.92 करोड़ रुपये खर्च किए जायेंगे। इसके तहत रणनीतिक कार्यक्रम और सार्वजनिक निजी भागीदारी का इस्तेमाल कर एआई क्षेत्र से जुड़े नावाचार के पूरे तंत्र को बढ़ने के लिए मदद पहुंचाना है। इसे डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन के एक स्वतंत्र बिजनेस निकाय ह्यइंडिया एआईह्ल के माध्यम से जमीन पर उतारा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी प्रदान की। केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि इसके माध्यम से उच्च क्षमता वाले एआई कंप्यूटर तंत्र को विकसित किया जाएगा। स्वदेशी



एआई मॉडल को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि एआई विकास के लिए गैर-व्यक्तिगत गुणवत्तापूर्ण डाटा उपयोग के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। महत्वपूर्ण क्षेत्रों, सरकारी कामकाज, केन्द्र और राज्यों के मंत्रालय में एआई के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। भविष्य के लिए एआई की राह आसान बनाई जाएगी और स्नातक तथा स्नातकोत्तर व पीएचडी कार्यक्रम चलाए जाएंगे। गोयल ने कहा कि एआई क्षेत्र में स्वदेशी स्टार्टअप को वित्तीय सहयोग प्रदान किया जाएगा। सुरक्षित एआई के लिए फ्रेमवर्क, गाइलाइन व अन्य जरूरी दिशानिर्देश तैयार कराये जायेंगे।

**कच्चे जूट का एमएसपी 285 रुपये बढ़ा :** केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कच्चे जूट का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 285 रुपये बढ़ाकर 5,335 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है।

# करुणाकरण की बेटी पद्मजा वेणुगोपाल भाजपा में शामिल

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी को एक और बड़ा झटका लगा है। केरल में चार बार मुख्यमंत्री रहे के. करुणाकरण की बेटी पद्मजा वेणुगोपाल भाजपा में शामिल हो गई है। गुरुवार को भाजपा मुख्यालय में पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। पद्मजा वेणुगोपाल बीते कुछ समय से कांग्रेस पार्टी से नाराज चल रही थी। इस बात के कयास लगाए जा रहे थे कि वो पार्टी छोड़ सकती हैं।

**केरल में कांग्रेस को झटका**




सदस्यता ग्रहण करने के बाद पद्मजा वेणुगोपाल ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की।

### शेयर बाजार में तेजी जारी सेंसेक्स 74,119 पर पहुंचा

**मुंबई।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल के इस वर्ष ब्याज दर में कटौती किए जाने के आश्वासन से विश्व बाजार में आई गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, एफएमसीजी, कैपिटल गुड्स और धातु समेत पंद्रह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में आज तेजी जारी रही। सेंसेक्स 33.40 अंक की बढ़त लेकर 74,119.39 सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर रहा। निफ्टी 19.50 अंक बढ़कर 22,493.55 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर रहा। 3922 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2114 में लिवाली जबकि 1691 में बिकवाली हुई वहीं 117 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

इसी तरह निफ्टी की 30 कंपनियां हरे जबकि शेष 20 लाल निशान पर बंद हुई।

### गैंग्स ऑफ गाजियाबाद में डेब्यू करेंगे शत्रुघ्न सिन्हा



**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा वेबसीरीज गैंग्स ऑफ गाजियाबाद में काम करते नजर आयेंगे। शत्रुघ्न सिन्हा गैंग्स ऑफ गाजियाबाद से डिजिटल प्लेटफार्म पर डेब्यू करने जा रहे हैं। यह वेबसीरीज दोस्ती, अपराध और पाप जैसे मुद्दों पर बनी है।मेकर्स ने गैंग्स ऑफ गाजियाबाद' का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में शत्रुघ्न सिन्हा, अभिमन्यु सिंह, सनी लियोनी से लेकर आशुतोष राणा जैसे सितारे नजर आ रहे हैं।









# भाजपा में शामिल हुए पूर्व न्यायाधीश गांगुली

**कोलकाता।** कलकत्ता हाई कोर्ट के पूर्व जस्टिस अभिजीत गांगुली गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गए। प्रदेश भाजपा मुख्यालय में उन्होंने कहा कि वह राज्य सरकार और तृणमूल कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार, नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी और अन्य नेताओं की उपस्थिति में पार्टी की सदस्यता ली है। अपने इस्तीफे के बाद जब पत्रकारों ने पूर्व जज से सवाल पूछा



था कि आप किस सीट से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, तो उन्होंने किसी भी सीट का नाम नहीं लिया था। भाजपा सूत्रों ने बताया है कि जस्टिस गांगुली पश्चिम बंगाल के तमलुक संसदीय सीट से चुनाव लड़ सकते हैं।

# केंद्र में आये तो देंगे 30 लाख नौकरियां : राहुल

**जयपुर।** पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा गुरुवार दोपहर राजस्थान पहुंची। राहुल ने कहा कि राजस्थान की सरकार को 60 से 70 लोग चलाते हैं लेकिन उनमें आपको एक आदिवासी नहीं मिलेगा। राहुल गांधी ने कहा कि सरकार में आने के बाद हमारा पहला काम होगा वंचितों को 30 लाख नौकरियां देना होगा। पेपर लीक पर राहुल ने कहा कि एग्जाम के दिन पता लगता है कि पेपर लीक हो गया। जिनके पास धन है, वे पेपर चुरा लेते हैं और हमें कहा जाता है कि पेपर लीक हो गया। अब आपको नौकरी नहीं मिलेगी। ऐसा सभी भर्तियों में होता है। हम पेपर लीक के खिलाफ कानून लाएंगे। इसमें हम एग्जाम दिलवाने का तरीका बदलेंगे। प्राइवेट कंपनियों के ठेके बंद कर

**राजस्थान में न्याय यात्रा**

**▶▶ पेपर लीक के खिलाफ कानून बनायेंगे, एग्जाम दिलाने का तरीका बदलेंगे**



पेपर सरकारी एजेंसी से ही छपवाया जाएगा। यदि इसके बाद भी पेपर लीक हो गया तो कड़ी कानूनी कार्यवाही होगी।




## स्पीड न्यूज

### शिवरात्रि पर्व मे शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**हेरहंज।** आगामी शिवरात्री पर्व को लेकर हेरहंज थाना पुलिस ने गुरुवार की सुबह में फ्लैग मार्च निकाला। हेरहंज थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने बताया कि आगामी शिवरात्रि पूजा शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया है। लोगो से अपील किया गया है कि सभी लोग आपस मे मिलजुलकर पर्व को मनाये। फ्लैग मार्च हेरहंज, घूरे, नवादा, चिरु, हुम्बू, रोहन, बिजरा, सेरका में निकाला गया। मौके पर हेरहंज प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप दास, एएसआई सुबोध सिंह आईआरबी व जिला पुलिस के जवान उपस्थित थे।

### गोविंदपुर के व्यवसायी हनुमान प्रसाद का निधन

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर के पुराने व्यवसायी हनुमान प्रसाद (84) का निधन गुरुवार को हो गया। वे मारवाड़ी सम्मेलन समेत कई सामाजिक संगठनों से जुड़े हुए थे। वे राजेंद्र एवं राधेश्याम के अग्रज थे। परिवार में इकलौता पुत्र दीपक हैं। उनके निधन की खार सुनकर मारवाड़ी सम्मेलन, मारवाड़ी युवा मंच, मारवाड़ी महिला सम्मेलन आदि संगठनों के बड़ी संख्या में लोग उनके कुम्हारडीह रोड स्थित आवास पहुंचे और संवेदना प्रकट की। अंतिम क्रिया खुदिया घाट पर कर दी गई। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

### नंदजी प्रसाद ने जमशेदपुर कोर्ट में किया सरेंडर, मिली जमानत

**जमशेदपुर।** भाजपा झारखंड प्रदेश मंत्री एवं जमशेदपुर लोकसभा के संयोजक नंदजी प्रसाद ने जमशेदपुर कोर्ट में सरेंडर कर जमानत लिया। गुरुवार को नंदजी प्रसाद ने जमशेदपुर कोर्ट में एसडीजेएम कंचन कुमारी के समक्ष सरेंडर कर पिछले वर्ष कदमा क्षेत्र के शास्त्रीनगर उपद्रव केस में जमानत ली। इससे पहले 26 फरवरी को झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की संयुक्त खंडपीठ ने उन्हें अग्रिम जमानत प्रदान की थी। इस केस में भाजपा नेता नंदजी प्रसाद ने हाईकोर्ट के आदेशानुसार 25-25 हजार रुपए मूल्य के दो बेल बॉन्ड भरने के बाद जमानत ली। वहीं, नंदजी प्रसाद ने न्यायालय के प्रति आभार जताया है।

### भाजमो पूर्वी विधानसभा कार्यालय परिसर में महिला दिवस का आयोजन


महिलाओं के साथ विधायक सरयू राय और धर्मेन्द्र तिवारी।

**जमशेदपुर।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा, जमशेदपुर महानगर की महिला मोर्चा के तत्वाधान में महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मंजू सिंह की अध्यक्षता में महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चो द्वारा स्वागत गान गाकर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर मंच पर उपस्थित जैप उपाधीक्षक श्रीमती अरुणा मिश्रा, वरिष्ठ कवियत्री सोनी सुगंधा, अंकिता सिन्हा, श्रीमती लता मानकर, स्वर साधिका लता जी को जमशेदपुर पूर्वी के विधायक श्री सरयू राय द्वारा शॉल एवम पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इसके पश्चात कवियत्री अंकिता सिंहा एवम सोनी सुगंधा एवम लता मानकर ने कविता गायन कर उपस्थित महिला श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।

विधायक श्री सरयू राय जी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व संध्या पर महिला दिवस मनाने एवम अपने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ठ भूमिका निभाने एवम पहचान बनाने के लिए मंचस्थ सभी श्रेष्ठ महिलाओं एवम सभागार में उपस्थित महिलाओं का स्वागत करते हुए कहा कि राष्ट्रीय महिला दिवस स्वर कोकिला श्रीमती सरोजनी नायडू के जन्मदिन पर 13 फरवरी को मनाया जाता है। आज महिला घर से निकलकर विभिन्न क्षेत्रों में अपना लोहा मनवा रही है। आज महिला लड़ाकू जहाज उड़ा रही है। आज धर्म के प्रति आगे बढ़ते सोच के साथ अपने अंदर रावण रूपी आचरण को कैसे समाप्त करें यही अपने धर्म के प्रति अपनी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं का 33 प्रतिशत आरक्षण लोकसभा एवम राज्यसभा से पारित हो चुका है। आप समाज और देश का नेतृत्व करें एवम पुरुषों के साथ कंधा से कंधा मिला कर चले और अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। इस समारोह में भारतीय जनतंत्र मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजू सिंह, किरण सिंह, काकुली मुखर्जी, सिम्मी कच्छप, सीता देवी, रंजिता राय, मिष्टु सोना, सुनीता सिंह, पिंकी विश्वास, नंदिता गगराई, सुलोचना देवी, सरस्वती खमरी, ज्योति इत्यादि उपस्थित थे। किरण सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### रंजय हत्याकांड मे भाई संजय का बयान दर्ज

- राजा ने फोन कर कहा था कि रंजय को गोली मार दी गई है
- हत्या से पहले रंजय ने बताया था कि हर्ष ने दी है जान मारने की धमकी

**धनबाद।** पूर्व विधायक संजीव सिंह के करीबी रंजय सिंह ऊर्फ रवि रंजन सिंह की हत्या के चर्चित मामले में गुरुवार को मामले के अहम गवाह मृतक रंजय के भाई संजय सिंह का बयान अदालत में दर्ज किया गया। संजय सिंह नीरज हत्याकांड में जेल में बीते सात वर्ष से बंद है जिसे गवाही के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में कोर्ट में लाया गया था। धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखलेश कुमा की अदालत को दिए बयान मे संजय सिंह ने कहा कि घटना 29 जनवरी 2017 की है शाम 5रू30 बजे वह मेंशन में था राजा यादव ने उसे फोन कर कहा कि रंजय को बिग बाजार के पास चाणक्य नगर जाने वाले रास्ते में गोली मार दी गई हैए वह वहां गया और राजा जादव तथा अन्य के सहयोग से रंजय को टेंपू से सेंट्रल अस्पताल ले गए वहां पर रंजय को मृत्त घोषित कर दिया गया था। घटनास्थल पर स्कूटी और खून गिरा हुआ था। संजय ने कहा कि राजा यादव ने बताया था कि गोली मारने वाले दो लोग थे जो जींस और कला शर्ट पहने हुए थे। संजय ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेश किए गए नंदकिशोर सिंह उर्फ मामा की पहचान की और कहा कि बाद में उसे पता चला कि हर्ष सिंह और नंदकिशोर सिंह ने रंजय की हत्या की है।

## एक ही दिन में 41 गोवंश लदा कंटेनर व 22 पेटी अंग्रेजी शराब सहित कार जब्त

# चौपारण थाना प्रभारी की धुआंधार बैटिंग जारी, अवैध कारोबारियों की अब खैर नही

खबर मन्त्र संवाददाता

**चौपारण।** थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने जब से प्रभार लिया है तब से लगातार अवैध कारोबारियों के खिलाफ धुँवाधार बल्लेबाज कर रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि कंटेनर वाहन सं0- एनएल01 एएच 6032 पर अवैध रुप से मवेशी लोड़ कर तस्करी करने के लिये बाराचट्टी की तरफ से चौपारण होते हुए बंगाल ले जाया जा रहा है। सूचना के आलोक में त्वरीत कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह व एएसआई मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में छापामारी टीम गठित कर चोरदाहा चेक पोस्ट पर उक्त वाहन का जाँच किया गया। जिसमे 32 बैल लदा पाया गया, जिसे विधिवत जप्ती सूची




बनाकर जप्त किया गया। इस संबंध में चौपारण थाना कांड सं0- 62/24 दिनांक 07/03/24 धारा 414/34 भा0द0वि0, 3/4 (ए)/5/12/13 झारखण्ड गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधि0 एवं 11 (1) (f) पशु क्रूरता निवारण अधि0 दर्ज कर इस कांड में संलिप्त मो० मुस्तकीम अंसारी पे० स्व० फारुक अंसारी सा०-बेलौरी थाना-मोहनिया, जिला-भभुआ, (बिहार) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वहीं दूरी ओ बरही जी0टी0 रोड़ की तरफ से चौपारण होते हुए कार पर अवैध रुप से अंग्रेजी शराब लोड कर तस्करी करने के लिये बिहार ले जाया जा रहा है। इस सूचना पर चोरदाहा चेक पोस्ट पर बैरिकेंटिंग लगाकर बरही की तरफ से आने वाली सभी छोटी वाहनो को चेकिंग करना प्रारम्भ किया। इसी बीच सुबह करीब 5 बजे सुबह हुंडई आई10 वाहन सं0-बीआर06एस 1916 आते हुए दिखाई दिया। जिसे सशस्त्र बल के द्वारा रुकने का ईशारा किया गया। परन्तु हुंडई आई10 वाहन के चालक अपनी गाडी को चोरदाहा चेक पोस्ट के पीछे रोककर गाडी से उत्तर कर अंधेरा का लाभ उठाकर भाग गया। पकडे गये वाहन का तलाशी करने पर गाडी के अंदर 22 पेटी अंग्रेजी शराब पाया गया। जिसमें 06 पेटी रॉयल स्टेग कम्पनी का प्रत्येक 375 ml का, 04 पेटी इम्पिरियल ब्लू कम्पनी का प्रत्येक 375 ml का एवं 12 पेटी में मैकडवेल्स कम्पनी का प्रत्येक 375 ml का अंग्रेजी शराब पाया गया। इस संबंध में चौपारण थाना कांड सं0-63/24 दिनांक 07/03/24 धारा-270, 272, 273, 290, 414, 34 भा0द0वि0 एवं 47 (ए) उत्पाद अधिनियम अंकित कर अनुसंधान की जा रही है।

### डीवीसी ओबीसी को तबज्जो दे एसोसिएशन

आधिकारिक समितियों व साक्षात्कार बोर्डों में ओबीसी के प्रतिनिधि को शामिल करने की मांग

**मैथन।** दामोदर घाटी निगम के कोलकाता स्थित मुख्यालय में बुधवार को डीवीसी प्रबंधन के साथ ओबीसी इम्पलाईज वेलफेयर एसोसिएशन ने अपनी 15 सूत्री मांगों को लेकर वार्ता की। वार्ता में नेताओं ने एसोसिएशन के मान्यता देने का मामला भी उठायाए इसके साथ ही एसोसिएशन के लिए प्रत्येक परियोजनाओं में एक आवासीय कार्यालय आंवटन करने की मांग रखी।

एसोसिएशन के नेताओं ने डीवीसी के समस्त आधिकारिक समितियों एवं साक्षात्कार बोर्डों में ओबीसी प्रतिनिधि को शामिल करनेए भारत सरकार के नियमानुसार 27ः का प्रतिनिधित्व व आरक्षण रोस्टर की नियमित समीक्षा करनेए वरीयता को ध्यान में रखते हुए ओबीसी के अधिकारियों को परियोजना प्रधान बनाने की पूरजोर वकालत की।

### सोशल मीडिया से जुड़े पलामू के सात पत्रकारों को आया पीएम मोदी का न्योता

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सोशल मीडिया के माध्यम से देश में, समाज में बदलाव लाने वाले लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्योता देकर दिल्ली बुलाया है। देश के कई नामचीन हस्ती, सेलिब्रिटी भी इस इवेंट में शामिल होने पहुंच रहे हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी पहचान कायम करने वाले तमाम मीडिया प्रतिनिधि पीएम नरेंद्र मोदी से मिलेंगे। इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए पलामू के सात मीडिया प्रतिनिधियों को चिन्हित कर उन्हें दिल्ली बुलाया गया है। देश की राजधानी नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित नेशनल कंटेंट क्रिएटर अवार्ड से उन्हें नवाजा जाएगा। सभी मीडिया प्रतिनिधियों को मेदिनीनगर से नई दिल्ली ले जाने, ठहराने, खानपान समेत वापस लाने की जिम्मेदारी रेलवे को सौंपी गई है। 8 मार्च को दिल्ली के प्रगति मैदान के मंडपम में पलामू के सात पत्रकारों की मुलाकात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से होगी। पलामू से दिल्ली रवाना होने वाले सोशल मीडिया से जुड़े पत्रकारों में नीरज विश्वकर्मा, श्रवण सोनी, प्रफुल्ल गिरी, संतोष श्रीवास्तव, दीपक तिवारी ,प्रियांशु मिश्रा और रांची जोन से समीर शामिल हैं। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने 10 साल के कार्यकाल, सरकारी कामकाज से लेकर अन्य सामाजिक बिंदुओं पर मीडिया से अपने विचार साझा करेंगे।

### बैंक ऑफ इंडिया द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर एसएचजी क्रेडिट लिंकेज एंव मुद्रा ऋण शिविर का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर बृहस्पतिवार को गुमला के बसिआ प्रखंड में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन जे.एस.एल.पी.एस और बैंक ऑफ इंडिया भागीडेरा शाखा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बसिया की एसडीओ जयवंती देवगम, बीडीओ सुप्रिया भगत, सीओ नरेश कुमार मुंडा और डीपीएम गुमला शैलेंद्र जरीका उपस्थित थे। बैंक ऑफ इंडिया के उप आंचलिक प्रबंधक नरेंद्र कुमार दास ने एसडीओ सुश्री जयवंती देवगम को स्वंय सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित डोकरा आर्ट मोमेंटो दे कर सम्मानित किया और डोकरा आर्ट की महत्ता बताते हुए कहा कि मौजूदा समय में बाजारों में डोकरा आर्ट की काफी मांग है और यह उच्च दरो पर खरीद-बिक्री की जाती है। नरेंद्र कुमार दास, उप आंचलिक प्रबंधक ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने की दिशा में बैंक ऑफ इंडिया अपने रांची अंचल की 111 शाखाओं के माध्यम से ऋण उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने बताया कि बीपीएम, बैंक सखी और एसएचजी की महिलाओं को पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया और उनका हौसला बढ़ाया गया। उपस्थित अतिथियों ने प्रतिकूल परिस्थितियों में महिलाओं के संघर्षों की सराहना की। इस खास अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया भगीडेरा शाखा प्रबंधक ने 64 नए, पुराने एसएचजी समूहों का क्रेडिट लिंकेज कराया। साथ ही 10 एसएचजी सदस्यों को मुद्रा ऋण स्वीकृत किया। मौके पर रांची अंचल के कृषि वित्त विभाग के प्रमुख व वरिष्ठ प्रबंधक चंद्रदेव, भागीडेरा शाखा प्रबंधक जयकिशन गुप्ता और बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आयोजित

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व संध्या पर कार्यक्रम मनाया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह के द्वारा सभी महिला शिक्षकों का सम्मान भेंट देकर किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि श्रद्धा स्वरूपा नारी का सम्मान होने से ही किसी भी समाज का विकास संभव है। इतिहास की शिक्षिका प्रीति कुमारी गुप्ता ने कहा कि महिलाएं आजकल हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं है जो महिलाओं से अछूता रह गया है, उन्होंने आगे कहा कि प्रकृति, ममता, उपासना, माया जैसे कहे जाने वाली नारी संपूर्ण विश्व को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम में रेणु कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, कविता कुमारी, चेतना प्रिया, स्नेहा शर्मा, अर्चना कुमारी, आरती भगत सहित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# सिंदरी में आयुष हेल्थ कैंप में 331 रोगियों को जाँचोपरांत मिली दवा

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** केन्द्रीय आयुष मंत्रालय के निर्देश पर जिला आयुष समिति द्वारा गुरुवार को गुरुद्वारा सिंदरी में आयुष हेल्थ शिविर लगाया गया। इसमें 331 लोगों ने स्वास्थ्य जाँच का लाभ लिया। भाजपा प्रदेश आइटी सेल संयोजक अमरनाथ झा और सिंदरी विधायक धर्मपत्नी तारा देवी ने दीप प्रज्वलित कर इसका उद्घाटन किया। आइटी सेल संयोजक श्री झा ने बताया कि केन्द्रीय आयुष मंत्रालय के निर्देश पर विभिन्न प्रखंडों में जिला आयुष समिति के द्वारा तीन कैंप लगाए जा रहे हैं। इसमें गुरुवार को सिंदरी व एग्यारकुण्ड में आयुष हेल्थ शिविर लगाया गया है। सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की धर्मपत्नी तारा देवी ने बताया कि इस शिविर से लोगों को लाभ मिलेगा। शिविर में हड्डी जोड़ व नस से संबंधित रोगों की पहचान और आयुष पद्धति द्वारा इलाज किया गया। शिविर में 331 रोगियों का शूगर और बीपी जाँचकर आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक दवा का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि बलियापुर प्रखंड में पाण्डेयडीह शीतलपुर और कुसबेड़िया में स्थायी आयुष हेल्थ शिविर से लोगों को लाभ मिलेगा। शिविर में जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुमकुम, डॉ कविता, डॉ अतुल पाण्डेय, डॉ हिमाद्रि राज, ने रोगियों की जाँच की। इसके साथ ही भाजपा के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## झारखंड के प्रभारी लक्ष्मीकांत के आगमन और कार्यकर्ता सम्मेलन पर हुई चर्चा

# भाजपा मेदिनीनगर मंडल की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड के प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेई का 10 मार्च को मेदिनीनगर आगमन एवं शिवाजी मैदान में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन पर जिला कार्यालय में नगर मंडल मेदिनीनगर के अध्यक्ष अविनाश सिन्हा छोटू की अध्यक्षता में बैठक समपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे अध्यक्ष अवीनाश सिन्हा छोटू ने कहा कि लक्ष्मीकांत बाजपेई का मेदिनीनगर आगमन कार्यकताओं के लिए नई उर्जा एवं जोश से भरा रहेगा हम लोगों को इस कार्यक्रम में अपने पूरे दमखम के साथ कार्यक्रम को सफल करना है क्योंकि भाजपा का बड़ी पूंजी हम सब कार्यकर्ता हैं हम सभी सशक्त रहते हुए हम लोग हर लड़ाई जीतेंगे। बैठक में मुख्य रूप से शक्ति केंद्र के अध्यक्ष, शक्ति केंद्र के प्रभारी एवं नगर मंडल के पदाधिकारी गण उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह ने कहा कि अभी हम सभी कार्यकताओं के सामने दो महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जो हमें करने हैं। पलामू लोकसभा से पुनः एवं लगातार तीसरी बार भाजपा प्रत्यासी प्रत्याशी बनाए जाने के बाद सांसद विष्णु दयाल राम का आगमन कल पलामू की धरती पर पहली बार होने जा रहा है। हमें पलामू की धरती पर रेड़मा ठाकुरबारी मंदिर के पास उनका जोरदार स्वागत करना है एवं मोटर साइकिल जुलूस के साथ पूरे नगर का भ्रमण करते हुए जिला कार्यालय तक ले जाना है। पिछले चुनाव में पलामू लोकसभा से सांसद 5 लाख मतों से विजई हुए थे इस बार हमें उन्हें कम से कम सात लाख मतों से विजयी बनाना है। दूसरा कार्यक्रम 10 मार्च को झारखंड के प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई का आगमन पलामू की धरती पर होगा। वह शिवाजी मैदान में लोकसभा स्तरीय बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे जिसमें पलामू लोकसभा के सभी बूथ के कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। बैठक का संचालन नगर मंडल महामंत्री किशन मखड़िया ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन नगर मंडल के उपाधयक्ष नंद लाल गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में जिला मंत्री मंजू गुप्ता, नगर मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा देवी, नगर मंडल किसान मोर्चा अध्यक्ष पंकज शर्मा, विकास सिंह, अनिमेष सिंह, दीपक कुमार, संजय कुमार, इम्तियाज खान, निवेदन अग्रवाल, सुमन कुमार, सुशील श्रीवास्तव, सुलेमान, रागिब, विकास विश्वकर्मा, सोनू कुमार, अमन प्रताप सिंह, शिव शंकर कुमार, बेबी देवी, चंदन कुमार उपस्थित थे।

## एक नजर में

### मनिका थाना क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर्व शांतिपूर्ण मनाने को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च

- सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले पर होगी कानूनी कार्रवाई


फ्लैग मार्च में शामिल पुलिस कर्मी।

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में मानने को लेकर मनिका थाना प्रभारी सह प्रशिक्षु डीएसपी प्रदीप कुमार साव के नेतृत्व में दिन गुरुवार को पुलिस कर्मियों के द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। वहीं फ्लैग मार्च के माध्यम से आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ महाशिवरात्रि का पर्व मनाने का लोगों को संदेश दिया गया। वहीं थाना प्रभारी प्रदीप कुमार साव ने कहा कि पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस के द्वारा सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जा रही है सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक या भड़काऊ पोस्ट करने वाले व्यक्ति को चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर सब इंस्पेक्टर अनुराग कुमार, मनोज कुमार, अनूप कुमार, समेत कई पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

### लोक सभा चुनाव सिट बटवारा मे चन्द्रवंशी को आवादी के अनुपात में झारखंड में दो सीट मिले



**मेदिनीनगर।** बेलवाटिका रंजन चन्द्रवंशी के आवास पर संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया गया। मौके पर अखिल भारतीय कहार महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रंजन चन्द्रवंशी ने कहा कि झारखण्ड में हमारी जाति की आवादी 11 प्रतिशत है मगर सभी राजनीतिक दल हमारे समाज को हाशिये पर रखा है। यहाँ नतो रास्ट्रीय दल भाजपा या कांग्रेस न क्षेत्रीय दल जे एम एम, आजसू पार्टी या बहुजन समाज पार्टी सीपीएम सीपीआई माले सरिखे दल भी हमारे समाज को अनदेखा कर रही है। हम सभी दल के रास्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष व महासचिव से मांग करते हैं कि अगर हमारे जाति का वोट लेना है तो झारखण्ड में दो सिट चन्द्रवंशी (कहार) को देना होगा। हम समाज के लोगों से अपील करते हैं कि बिहार में हमारे समाज के सांसद मंत्री बिधायक व बडी संख्या में निकाय चुनाव जीत कर आये हैं। कई आयोग मे भी हमारे लोग हैं मगर झारखण्ड में सभी राजनीतिक दल हमारे समाज को इस्तेमाल कर रहे हैं। हम अपने हक अधिकार के लिए लोग से आह्वान करते हैं कि सिट नही तो वोट नहीं पर अमल करे। संवाददाता सम्मेलन में सतीश कुमार, शैलेश चन्द्रवंशी, संजय किशोर सिह, रंजन कुमार शामिल थे।

### वृद्ध दंपती पर पड़ोसी ने किया जानलेवा हमला, एक की स्तिथि गंभीर, आरोपी फरार


पिटाई से गंभीर रूप से घायल वृद्ध महिला।

**कैरो।** थाना क्षेत्र खरता टाना भगत टोली में गुरुवार को एक वृद्ध दंपती पर पड़ोसी द्वारा जानलेवा हमला करने की घटना प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार पड़ोसी युवक ने पति पत्नी को अहले सुबह चार बजे के करीब सोए अवस्था में जानलेवा हमला कर बुरी तरह पिटाई करते हुए घायल कर दिया। मामला खरता के टाना भगत टोली का है जहाँ स्व दौड़ा भगत का पुत्र धनेश्वर टाना भगत उम्र करीब 62 वर्ष व इसकी पत्नी जानकी भगताईन करीब 60 वर्ष दोनों बेहद ही गरीब व बीमार रहने के कारण घर के आस पास ही रहा करते हैं। गुरुवार की सुबह सुबह उसके पड़ोस में रहे वाले युवक द्वारा हमला कर पैर व अन्य कई हिस्सों में बुरी तरह पिटाई कर घायल कर दिया गया। जिसके बाद इसकी भनक ग्रामीणों को लगने के बाद ग्रामीणों ने 108 में फोन कर दोनों घायल पति पत्नी को कुडू अस्पताल भेज दिया जहां स्थिति गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल भेज दिया गया। घटना के जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को फोन के माध्यम से दिया गया है हालांकि थाना में अभी तक मामला दर्ज हुई है कि नही इसकी जानकारी नही हो पाई है। घायल पति पत्नी अकेले ही किसी तरह गुजर बसर करते थे। सूत्रों के हवाले से जानकारी अनुसार मामला डायन विसाही से जुड़े होने का अंदेशा है क्योंकि कोई क्यों इतने बुजुर्ग गरीब दंपति को इतना बेरहमी से पिटाई करेगा। समाचार लिखे जाने तक जानकी भगताईन की हालत गंभीर बनी हुई थी उन्हे इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है इधर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### लोग प्रभु भक्ति के मार्ग पर चलें जीवन सफल हो जाएगा : पीतांबर जी महाराज

- नव दिवसीय सहस्त्र चंडी कल्याण महायज्ञ के आठवें दिन भक्तों का उमड़ा जनसैलाब
- सांसद सुदर्शन भगत हुए शामिल


कथा के दौरान उपस्थित सांसद व पीतांबर जी महराज एवं अन्य।

**गुमला।** गुमला सदर प्रखंड के मुरकुंडा में आयोजित नव दिवसीय सहस्त्र चंडी कल्याण महायज्ञ के आठवें दिन भक्तों का जनसैलाब उमड़ा। लोग यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर अपनी आस्था प्रगट की। वहीं सांसद सुदर्शन भगत, भाजपा जिलाउपाध्यक्ष संजय सिंह सहित कई लोग यज्ञ में शामिल हुए। आठवें दिन श्रीमदभागवत कथा में श्रीकृष्ण रुकमणी विवाहोत्सव का वर्णन कथावाचक प्रेमाचार्य पीताम्बर जी महाराज ने की। श्रीकृष्ण रुकमणी विवाहोत्सव के प्रसंग का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। मौके पर प्रेमाचार्य पीताम्बर जी महाराज ने कहा कि जिन-जिन क्षेत्रों में नव दिन तक ऐसे कथा यज्ञ होते हैं। उस क्षेत्र के लोग धन्य हो जाते हैं और भगवान की कृपा उन पर सदैव बनी रहती है। उन्होंने लोगों से कहा कि वे प्रभु भक्ति के मार्ग पर चलें और हमेशा उनके दिखाए मार्ग का पालन करें। धमार्नुसार सदाचरण एवं भक्ति के द्वारा मानव जीवन में सब कुछ प्राप्त किया जा सकता है। इसलिए हमें ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। इससे इंसान के पापों का नाश होता है। उन्होंने कहा कि भगवान की कथाओं का पूर्ण लाभ लेने के लिए हमें उन्हें जीवन में उतारना परमावश्यक है। आज चहुंओर चोरी, भ्रष्टाचार, झूठ एवं घृणा का बोलबाला है। ऐसे में चारों तरफ प्रेम भाईचारा, सौहार्द्र और सद्भावना का विकास हो, ऐसे हमारे कृत्य होने चाहिए। आज भी इन्हीं सब गुणों की आवश्यकता है। श्रीहरि को जान लेने और पूर्ण गुरू की कृपा से ही हम जीव अपने अंतः करण में श्री बांकेबिहारी जी का दर्शन कर सकते हैं।

# महाशिवरात्रि में शिव की आराधना का अर्थ

**बासुकीनाथ पाण्डेय**




महाशिवरात्रि हिंदू धर्म का एक प्रमुख त्योहार है। मान्यताओं के अनुसार इस दिन शिवजी और माता पार्वती का विवाह हुआ था, इसलिए महाशिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ और मां पार्वती की विशेष रूप से पूजा की जाती है। साथ ही कहा जाता है कि महाशिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ पृथ्वी पर मौजूद सभी शिवलिंग में विराजमान होते हैं। ऐसे में महाशिवरात्रि के दिन की गई शिव की उपासना से कई गुना अधिक फल प्राप्त होता है। इस दिन भोलेनाथ के भक्त मंदिरों में शिवलिंग का अभिषेक करते हैं। वहीं कुछ लोग इस दिन उपवास भी रखते हैं। हालांकि इस वर्ष महाशिवरात्रि व्रत के तिथि को लेकर लोगों के मन में संशय की स्थिति है। ऐसे में आइए जानते हैं इस साल कब रखा जाएगा महाशिवरात्रि व्रत और पूजा का शुभ मुहूर्त कब है...

पंचांग के अनुसार फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि की शुरूआत 08 मार्च रात में 09 बजकर 47 मिनट से होगी। इस तिथि का समापन अगले दिन 09 मार्च शाम 06 बजकर 17 मिनट पर होगा। महाशिवरात्रि व्रत के दिन भगवान शिव की उपासना निशिता काल में की जाती है, इसलिए महाशिवरात्रि व्रत इस साल 08 मार्च 2024, शुक्रवार के दिन रखा जाएगा।

**महाशिवरात्रि 2024 पूजा मुहूर्त :** 8 मार्च को महाशिवरात्रि के दिन शिव जी की पूजा का समय शाम के समय 06 बजकर 25 मिनट से 09 बजकर 28 मिनट तक है। इसके अलावा चार प्रहर का मुहूर्त इस प्रकार है-

**महाशिवरात्रि 2024 चार प्रहर मुहूर्त**

■ रात्रि प्रथम प्रहर पूजा समय - शाम 06 बजकर 25 मिनट से रात 09 बजकर 28 मिनट तक

■ रात्रि द्वितीय प्रहर पूजा समय - रात 09 बजकर 28 मिनट से 9 मार्च को रात 12 बजकर 31 मिनट तक

■ रात्रि तृतीय प्रहर पूजा समय - रात 12 बजकर 31 मिनट से प्रातः 03 बजकर 34 मिनट तक

■ रात्रि चतुर्थ प्रहर पूजा समय - प्रातः 03.34 से प्रातः 06:37

**शिवरात्रि और महाशिवरात्रि में क्या है अंतर? यहां जानिए**

■ निशिता काल मुहूर्त - रात में 12 बजकर 07 मिनट से 12 बजकर 55 मिनट तक (9 मार्च 2024)

■ व्रत पारण समय - सुबह 06 बजकर 37 मिनट से दोपहर 03 बजकर 28 मिनट तक (9 मार्च 2024)

**महाशिवरात्रि पर इस विधि से करें पूजा**

■ 08 मार्च को महाशिवरात्रि के दिन सबसे पहले प्रातः काल उठें और स्नान आदि करके पूरी श्रद्धा के साथ शिवजी के आगे व्रत का संकल्प लें।

■ फिर शुभ मुहूर्त में पूजा प्रारंभ करें।

■ पहले भगवान को पंचामृत से स्नान कराएं।

■ साथ ही केसर मिश्रित जल चढ़ाएं और पूरी रात्रि के लिए दीपक जलाएं।

■ इसके अलावा चंदन का तिलक लगाएं।

■ बेलपत्र, भांग, धतूरा भोलेनाथ का सबसे पसंदीदा चढ़ावा है, इसलिए तीन बेलपत्र, भांग, धतूरा, जायफल, कमल गट्टे, फल, मिष्ठान, मीठा पान, इत्र व दक्षिणा चढ़ाएं।

■ आखिर में केसर युक्त खीर का भोग लगा कर सबको प्रसाद बांटें।

# क्यों मनायी जाती है महाशिवरात्रि?



हर चंद्र मास का चौदहवाँ दिन अथवा अमावस्या से पूर्व का एक दिन शिवरात्रि के नाम से जाना जाता है। एक कैलेंडर वर्ष में आने वाली सभी शिवरात्रियों में से, महाशिवरात्रि, को सर्वाधिक महत्वपूर्ण माना जाता है, जो फरवरी-मार्च माह में आती है। इस रात, ग्रह का उत्तरी गोलार्द्ध इस प्रकार अवस्थित होता है कि मनुष्य भीतर ऊर्जा का प्राकृतिक रूप से ऊपर की और जाती है। यह एक ऐसा दिन है, जब प्रकृति मनुष्य को उसके आध्यात्मिक शिखर तक जाने में मदद करती है। इस समय का उपयोग करने के लिए, इस परंपरा में, हम एक उत्सव मनाते हैं, जो पूरी रात चलता है। पूरी रात मनाए जाने वाले इस उत्सव में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाता है कि ऊजाओं के प्राकृतिक प्रवाह को उमड़ने का पूरा अवसर मिले झ आप अपनी रीढ़ की हड्डी को सीधा रखते हुए झ निरंतर जागते रहते हैं।

## महाशिवरात्रि का महत्व

महाशिवरात्रि आध्यात्मिक पथ पर चलने वाले साधकों के लिए बहुत महत्व रखती है। यह उनके लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है जो पारिवारिक परिस्थितियों में हैं और संसार की महत्वाकांक्षाओं में मग्न हैं। पारिवारिक परिस्थितियों में मग्न लोग महाशिवरात्रि को शिव के विवाह के उत्सव की तरह मनाते हैं। सांसारिक महत्वाकांक्षाओं में मग्न लोग महाशिवरात्रि को, शिव के द्वारा अपने शत्रुओं पर विजय पाने के दिवस के रूप में मनाते हैं। परंतु, साधकों के लिए, यह वह दिन है, जिस दिन वे कैलाश पर्वत के साथ एकात्म हो गए थे। वे एक पर्वत की भाँति स्थिर व निश्चल हो गए थे। यौगिक परंपरा में, शिव को किसी देवता की तरह नहीं पूजा जाता। उन्हें आदि गुरु माना जाता है, पहले गुरु, जिनसे ज्ञान उपजा। ध्यान की अनेक सहस्त्राब्दियों के पश्चात, एक दिन वे पूर्ण रूप से स्थिर हो गए। वही दिन महाशिवरात्रि का था। उनके भीतर की सारी गतिविधियाँ शांत हुईं और वे पूरी तरह से स्थिर हुए, इसलिए साधक महाशिवरात्रि को स्थिरता की रात्रि के रूप में मनाते हैं।

ऊ॰द्वल्लॅ ड्ड ग्रॅं५

महाशिवरात्रि का आध्यात्मिक महत्व

इसके पीछे की कथाओं को छोड़ दें, तो यौगिक परंपराओं में इस दिन का विशेष महत्व इसलिए भी है क्योंकि इसमें आध्यात्मिक साधक के लिए बहुत सी संभावनाएँ मौजूद होती हैं। आधुनिक विज्ञान अनेक चरणों से होते हुए, आज उस बिंदु पर आ गया है, जहाँ उन्होंने आपको प्रमाण दे दिया है कि आप जिसे भी जीवन के रूप में जानते हैं, पदार्थ और अस्तित्व के रूप में जानते हैं, जिसे आप ब्रह्माण्ड और तारामंडल के रूप में जानते हैं; वह सब केवल एक ऊर्जा है, जो स्वयं को लाखों-करोड़ों रूपों में प्रकट करती है। यह वैज्ञानिक तथ्य प्रत्येक योगी के लिए एक अनुभव से उपजा सत्य है। ह्ययोगीह्न शब्द से तात्पर्य उस व्यक्ति से है, जिसने अस्तित्व की एकात्मकता को जान लिया है। जब मैं कहता हूँ, ह्ययोगह्न, तो मैं किसी विशेष अभ्यास या तंत्र की बात नहीं कर रहा। इस असीम विस्तार को तथा अस्तित्व में एकात्म भाव को जानने की सारी चाह, योग है। महाशिवारात्रि की रात, व्यक्ति को इसी का अनुभव पाने का अवसर देती है।

# महाशिवरात्रि जागृति की रात

## शिवरात्रि महीने का सबसे ज्यादा अंधेरे से भरा दिन



शिवरात्रि माह का सबसे अंधकारपूर्ण दिवस होता है। प्रत्येक माह शिवरात्रि का उत्सव तथा महाशिवरात्रि का उत्सव मनाना ऐसा लगता है मानो हम अंधकार का उत्सव मना रहे हों। कोई तर्कशील मन अंधकार को नकारते हुए, प्रकाश को सहज भाव से चुनना चाहेगा। परंतु शिव का शाब्दिक अर्थ ही यही है, ह्यजो नहीं हैह्न। ह्यजो हैह्न, वह अस्तित्व और सृजन है। ह्यजो नहीं हैह्न, वह शिव है। ह्यजो नहीं हैह्न, उसका अर्थ है, अगर आप अपनी आँखें खोल कर आसपास देखें और आपके पास सूक्ष्म दृष्टि है तो आप बहुत सारी रचना देख सकेंगे। अगर आपकी दृष्टि केवल विशाल वस्तुओं पर जाती है, तो आप देखेंगे कि विशालतम शून्य ही, अस्तित्व की सबसे बड़ी उपस्थिति है। कुछ ऐसे बिंदु, जिन्हें हम आकाशगंगा कहते हैं, वे तो दिखाई देते हैं, परंतु उन्हें थामे रहने वाली विशाल शून्यता सभी लोगों को दिखाई नहीं देती। इस विस्तार, इस असीम रिक्तता को ही शिव कहा जाता है। वर्तमान में, आधुनिक विज्ञान ने भी साबित कर दिया है कि सब कुछ शून्य से ही उपजा है और शून्य में ही विलीन हो जाता है। इसी संदर्भ में शिव यानी विशाल रिक्तता या शून्यता को ही महादेव के रूप में जाना जाता है। इस ग्रह के प्रत्येक धर्म व संस्कृति में, सदा दिव्यता की सर्वव्यापी प्रकृति की बात की जाती रही है। यदि हम इसे देखें, तो ऐसी एकमात्र चीज जो सही मायनों में सर्वव्यापी हो सकती है, ऐसी वस्तु जो हर स्थान पर उपस्थित हो सकती है, वह केवल अंधकार, शून्यता या रिक्तता ही है। सामान्यतः, जब लोग अपना कल्याण चाहते हैं, तो हम उस दिव्य को प्रकाश के रूप में दर्शाते हैं। जब लोग अपने कल्याण से ऊपर उठ कर, अपने जीवन से परे जाने पर, विलीन होने पर ध्यान देते हैं और उनकी उपासना और साधना का उद्देश्य विलयन ही हो, तो हम सदा उनके लिए दिव्यता को अंधकार के रूप में परिभाषित करते हैं।

## शिवरात्रि का महत्व

प्रकाश आपके मन की एक छोटी सी घटना है। प्रकाश शाश्वत नहीं है, यह सदा से एक सीमित संभावना है क्योंकि यह घट कर समाप्त हो जाती है। हम जानते हैं कि इस ग्रह पर सूर्य प्रकाश का सबसे बड़ा स्त्रोत है। यहाँ तक कि आप हाथ से इसके प्रकाश को रोक कर भी, अंधेरे की परछाईं बना सकते हैं। परंतु अंधकार सर्वव्यापी है, यह हर जगह उपस्थित है। संसार के अपरिपक्व मस्तिष्कों ने सदा अंधकार को एक शैतान के रूप में चित्रित किया है। पर जब आप दिव्य शक्ति को सर्वव्यापी कहते हैं, तो आप स्पष्ट रूप से इसे अंधकार कह रहे होते हैं, क्योंकि सिर्फ अंधकार सर्वव्यापी है। यह हर ओर है। इसे किसी के भी सहारे की आवश्यकता नहीं है। प्रकाश सदा किसी ऐसे स्त्रोत से आता है, जो स्वयं को जला रहा हो। इसका एक आरंभ व अंत होता है। यह सदा सीमित स्त्रोत से आता है। अंधकार का कोई स्त्रोत नहीं है। यह अपने-आप में एक स्त्रोत है। यह सर्वत्र उपस्थित है। तो जब हम शिव कहते हैं, तब हमारा संकेत अस्तित्व की उस असीम रिक्तता की ओर होता है। इसी रिक्तता की गोद में सारा सृजन घटता है। रिक्तता की इसी गोद को हम शिव कहते हैं। भारतीय संस्कृति में, सारी प्राचीन प्रार्थनाएँ केवल आपको बचाने या आपकी बेहतरी के संदर्भ में नहीं थीं। सारी प्राचीन प्रार्थनाएँ कहती हैं, ह्लहे ईश्वर, मुझे नष्ट कर दो ताकि मैं आपके समान हो जाऊँ ह्न तो जब हम शिवरात्रि कहते हैं जो कि माह का सबसे अंधकारपूर्ण दिन है, तो यह एक ऐसा अवसर होता है कि व्यक्ति अपनी सीमितता को विसर्जित कर के, सृजन के उस असीम स्त्रोत का अनुभव करे, जो प्रत्येक मनुष्य में बीज रूप में उपस्थित है।

## महाशिवरात्रि जागृति की रात

महाशिवरात्रि एक अवसर और संभावना है, जब आप स्वयं को, हर मनुष्य के भीतर बसी असीम रिक्तता के अनुभव से जोड़ सकते हैं, जो कि सारे सृजन का स्त्रोत है। एक ओर शिव संहारक कहलाते हैं और दूसरी ओर वे सबसे अधिक करुणामयी भी हैं। वे बहुत ही उदार दाता हैं। यौगिक गाथाओं में वे, अनेक स्थानों पर महाकरुणामयी के रूप में सामने आते हैं। उनकी करुणा के रूप विलक्षण और अद्भुत रहे हैं। इस प्रकार महाशिवरात्रि 2019 कुछ ग्रहण करने के लिए भी एक विशेष रात्रि है। यह हमारी इच्छा तथा आशीर्वाद है कि आप इस रात में कम से कम एक क्षण के लिए उस असीम विस्तार का अनुभव करें, जिसे हम शिव कहते हैं। यह केवल एक नींद से जागते रहने की रात भर न रह जाए, यह आपके लिए जागरण की रात्रि होनी चाहिए, चेतना व जागरूकता से भरी एक रात!

# श्री खंड महादेव अद्भुत, स्वीकार्य



कुल्लू के आनी में विराजमान श्रीखंड महादेव के दर्शन करना आसान नहीं है। समूचा हिमालय शिव शंकर का स्थान है और उनके सभी स्थानों पर पहुंचना बहुत ही कठिन होता है। दुनिया की सबसे दुर्गम धार्मिक यात्राओं में शामिल होने के बावजूद श्रीखंड यात्रा के लिए देश के कोने-कोने से श्रद्धालु यात्रा में पहुंचते हैं। आप इसके लिए निरमंड से भी पहुंच सकते हैं। सनिरमंड से श्रीखंड यात्रा के लिए 25 किलोमीटर की सीधी चढाई श्रद्धालुओं के लिए किसी बहुत कठिन यात्रा से कम नहीं होती है। कई बार तो इस यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की मौत भी हो जाती है। कहा जाता है की कैलाश मानसरोवर की यात्रा बहुत कठिन और दुर्गम यात्रा होती है। उसके बाद अमरनाथ की यात्रा को लेकर भी यही मानना है, किन्तु हिमाचल प्रदेश के श्रीखंड महादेव की यात्रा अमरनाथ यात्रा से भी ज्यादा कठीन यात्रा होती है। यहां 18570 फीट की ऊंचाई पर चढना होता हैं वहीं अमरनाथ में महज 1400 फीट की चढाई होती है। सीर्फ चढाई ही नहीं यहां का रास्ता भी बेहद खतरनाक है।

श्रीखंड महादेव के कठिन रास्तों में खच्चर नहीं चल सकता अमरनाथ यात्रा के दौरान लोग जहां खच्चरों का सहारा लेते हैं। वहीं, श्रीखण्ड महादेव की 35 किलोमीटर की इतनी कठिन चढाई है, जिसपर कोई खच्चर घोड़ा चल ही नहीं सकता। श्रीखण्ड का रास्ता रामपुर बुशैहर से जाता है। यहां से निरमण्ड, उसके बाद बागीपुल और आखिर में जांव के बाद पैदल यात्रा शुरू होती है।

यात्रा के समय मंदिर पहुंचने का मार्ग

हिमाचल के शिमला के आनी उममंडल के निरमंड खंड में स्थित बर्फीली पहाड़ी की 18570 फीट की ऊंचाई पर श्रीखंड की चोटीपर स्थित है। सुंदर घाटियों के बीच से गुजरता है ट्रैक 18 हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित श्रीखंड यात्रा के दौरान सांस लेने के लिए ऑक्सीजन की भी कमी पडती है। 35 किलोमीटर की जोखिम भरी यात्रा के बाद ही यहां पहुंचते हैं। यहां पर स्थित शिवलिंग की ऊंचाई लगभग 72 फिट है। श्रीखंड महादेव की यात्रा के मार्ग में निरमंड में सात मंदिर, श्रीखंड से करीब 50 मीटर पहले पार्वती, गणेश व कार्तिक स्वामी की प्रतिमाएं भी हैंजाओं में माता पार्वती का मंदिर, परशुराम मंदिर, दक्षिणेश्वर महादेव, हनुमान मंदिर अरसु, जोताकली, बकासुर वध, ढंक द्वार आदि कई पवित्र स्थान है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस चोटी पर भगवान शिव का वास है।

श्रीखंड महादेव से जुड़ी मान्यता

श्रीखंड महादेव की पौराणिक मान्यताओं के अनुसार है कि भस्मासुर राक्षस ने अपनी तपस्या से शिव से वरदान मांगा था कि वह जिस पर भी अपना हाथ रखेगा वो वह भस्म होगा। राक्षसी भाव होने के कारण उसने माता पार्वती से शादी करने की ठान ली इसलिए भस्मापुर ने शिव के ऊपर हाथ रखकर उसे भस्म करने की योजना बनाई और भगवान विष्णु ने मां पार्वती का रूप धारण कर भस्मासुर को अपने साथ नृत्य करने के लिए राजी कर लिया। नृत्य करते करते उसने अपना हाथ अपने ही सिर पर रख लिया और वह भस्म हो गया था। इसी कारण आज भी वहां की मिट्टी व पानी दूर से लाल दिखाई देते हैं।

यात्रा के पड़ाव

यात्रा के तीन पड़ाव हैं, सिंहगाड़, थाचड़ू, और भीम डवार है। यहां की यात्रा जुलाई में शुरु होती है जिसे श्रीखंड महादेव ट्रस्ट द्वारा आयोजित किया जाता है। यह ट्रस्ट स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी कई सुविधाएं प्रशासन के सहयोग से उपलब्ध करवाता है। सिंहगाड, थाचड़ू, भीमडवारी और पार्वतीबाग में कैंप स्थापित हैं। सिंहगाड में पंजीकरण और मेडिकल चेकअप की सुविधा है, जबकि विभिन्न स्थानों पर रुकने और ठहरने की सुविधा है। यहां कैंपों में डॉक्टर, पुलिस और रेस्क्यू टीमें तैनात रहती हैं। श्रीखंड महादेव पहुंचने के लिए शिमला जिला के रामपुर से कुल्लू जिला के निरमंड होकर बागीपुल और जाओं तक गाड़ियों और बसों में पहुंचना पड़ता है। जहां से आगे करीब तीस किलोमीटर की दूरी पैदल तय करनी होती है।

# इनलैंड ग्रीन एनर्जी और झारखंड सरकार के बीच इथेनॉल उत्पादन को लेकर समझौता

इनलैंड ग्रुप भारत की तेजी से बढ़ती हुई कंपनी है। इसकी उपस्थिति पूरे भारत में व्यवसाय के विभिन्न क्षेत्रों में है। इस कंपनी ने निम्नलिखित क्षेत्र में अपने व्यवसाय को फैला रखा है यथा लॉजिस्टिक सर्विस, बिजली उत्पादन, चाय उत्पादन, रिटेल चेन आउटलेट, इनलैंड माइनिंग और हैंडलिंग एवं इनलैंड ई वी ग्रीन सर्विस प्राइवेट लिमिटेड इत्यादि।




इस ग्रुप का वर्तमान टर्नओवर लगभग 4000 करोड़ का है। इस कंपनी के द्वारा सन 2011 में इनलैंड पावर लिमिटेड के नाम से झारखंड राज्य के रामगढ़ जिले के गोला ब्लॉक में एक 2 63 मेगावॉट क्षमता का विद्युत उत्पादन संयंत्र लगाने हेतु एमओयू का हस्ताक्षर किया गया था और इसकी एक इकाई से, एमओयू में निर्धारित समय सीमा के अंदर, 2014 में उत्पादन चालू किया गया और उसी समय से झारखंड बिजली वितरण निगम के साथ लंबी अवधि के करार के अनुसार निरंतर बिजली की सप्लाई की जा रही है।

इस इकाई में इनलैंड पावर लिमिटेड के द्वारा करीब साढे तीन सौ करोड़ की पूंजी का निवेश किया गया है। इसमें करीब 300 लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार एवं अप्रत्यक्ष रूप से करीब 3000 व्यक्ति लाभान्वित हो रहे है।

इथेनॉल भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। भारत सरकार ने 2025 तक 20% इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के उपयोग का लक्ष्य निर्धारित किया है जो कि तेल के आयात बिल को काम करने में मदद करेगा और साथ ही साथ भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएगी। और इससे भारत सरकार को प्रति वर्ष लगभग 30000 करोड़ विदेशी मुद्रा के बचत का अनुमान है।

इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल से कार्बन मोनोऑक्साइड, हाइड्रोकार्बन एवं नाइट्रोजन के उत्सर्जन में लगभग 30% की कमी आएगी।

देश में, डिस्टिलरी आमतौर पर शीरे से इथेनॉल का उत्पादन करती हैं जो चीनी का उप-उत्पाद है। हालांकि, 20 प्रतिशत सम्मिश्रण लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गन्ना का उपयोग पर्याप्त नहीं है, इसलिए, मक्का, क्षतिग्रस्त खाद्यान्न (डीएफजी) और भारतीय खाद्य निगम के पास उपलब्ध चावल जैसे खाद्यान्नों से इथेनॉल बनाने की भी अनुमति दी गई है। 2025 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिलाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लगभग 1016 करोड़ लीटर इथेनॉल की आवश्यकता होगी और अन्य उपयोगों के लिए लगभग 334 करोड़ लीटर इथेनॉल की आवश्यकता होगी। इसके लिए लगभग 1700 करोड़ लीटर इथेनॉल उत्पादन क्षमता की आवश्यकता होगी।

अन्य राज्यों की तरह झारखंड सरकार ने भी निवेशकों को झारखंड में आकर्षित करने के लिए 21 अक्टूबर 2022 को एथेनॉल प्रोडक्शन प्रमोशन नीति 2022 को मंत्री परिषद के द्वारा मंजूर किया गया। झारखंड सरकार की इस नीति से प्रोत्साहित होकर इनलैंड ग्रीन एनर्जी ने इथेनॉल के क्षेत्र में झारखंड में लगभग 480 करोड़ के पूंजी निवेश के साथ 350 किलो लीटर क्षमता एवं 15 मेगावाट की क्षमता का कैपटिव पावर प्लांट लगाने का निर्णय लिया है इससे न केवल किसानों की आय बढ़ेगी बल्कि साथ में अतिरिक्त रोजगार का भी सृजन होगा। झारखंड में उत्पादित इथेनॉल को झारखंड राज्य में ही उपयोग करने की प्राथमिकता दी जाएगी जो की राज्य में पर्यावरण में कार्बन के उत्सर्जन में कमी लाएगा।

झारखंड में मक्का का उत्पादन निरन्तर हो रहा है। हालांकि मक्का की कम मांग के कारण किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। मक्का से इथेनॉल के उत्पादन से मक्का की मांग बढ़ेगी और इससे किसानों को बेहतर कीमत मिलेगी। आम तौर पर, मक्का का बाजार मूल्य न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे रहता है, जिससे इस फसल के लिए खेती का क्षेत्रफल कम हो जाता है। इथेनॉल उत्पादन के लिए मक्का का उपयोग, बेहतर कीमतों और मक्का की लगातार मांग को सुनिश्चित करेगा जिससे इस फसल की खेती ज्यादा होगी जो धान की तुलना में कम पानी की खपत वाली फसल है।

इनलैंड ग्रीन एनर्जी के द्वारा झारखंड के किसानों द्वारा उत्पादित मक्का की खरीद करेगा।

इस कार्यक्रम में कंपनी की ओर से एक्जक्यूटिव डायरेक्टर नवीन सोमानी, डायरेक्टर गिरिराज झंवर, जीएम संजय सिंह वाइस प्रेसिडेंट दीपक झा सीनियर डीजीएम शैलेन्द्र सिन्हा शामिल हुए। वहीं झारखंड सरकार की ओर से उद्योग विभाग के सचिव जितेन्द्र सिंह, डायरेक्टर सुशांत गौरव । संयुक्त सचिव प्रवण पाल शामिल हुये।

अब झारखंड के किसान भी अन्नदाता के साथ-साथ ऊर्जा दाता बनेंगे। यह प्लांट झारखंड के कृषि क्षेत्र, ऊर्जा एवम पर्यावरण के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा।